कलम कलम बढ़ाये जा

# आज़ाद सिपाही

धनतेरस की हार्दिक बधाई

रांची | 18 अक्टूबर, 2025, शनिवार, वर्ष 11, अंक 01, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 22, मूल्य : ₹3.00





Since 1988 in Electronics
Rekha Electronics & Mobile
Mobile Phones Tablets Accessories Service
LOOKING FOR
A NEW PHONE?
Get New 5G Phone from Our
Shop Now @ Unbeatable Price !
BIGGEST
Dhanteras
& Diwali
OFFERS
हर खरीदारी पर
सुनिश्चित
उपहार
EXCLUSIVE DEAL
The future of Design
in your HANDS
level up with AI
Galaxy S24 Ultra
vivo
oppo
realme
ONEPLUS
MOTOROLA
SAMSUNG
xiaomi
Any Inquiry Visit Now
Near ICICI Bank, P.P. Compound, Ranchi
Sujata Chowk, Near Raghuvanshi Store, Main Road, Ranchi
Near Abdul Azad Chowk, Hesag, Singh More
For More Details
Contact Now
9334723452
9199543210

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची | 18 अक्टूबर, 2025, शनिवार, वर्ष 11, अंक 01, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 22, मूल्य : ₹3.00

धनतेरस की हार्दिक बधाई

ASSOTECH HILLS RANCHI MORABADI

RANCHI'S FINEST, FULLY INTEGRATED TOWNSHIP

RERA REGD No.: JHRERA/PROJECT/50/2021

ASSOTECH NEXT GENERATION SPACES

झारखंड, रांची का पहला

इंटीग्रेटेड टाउनशिप

ASSOTECH HILLS SECTOR-2

Tagore Hill Road
Adjoining Bank Colony, Boreya

APPROVED RERA APPROVED

SAVE
₹4 LAKHS IN 3BHK
₹2.5 LAKHS IN 2.5BHK

MEGA FESTIVE OFFER!
OFFER VALID 15TH SEPTEMBER - 30TH OCTOBER




*Terms & conditions apply. 1 sqmt. is 10.764 sqft and 1.19 sqyd. Artistic Impression

| 2.5 BHK | 3 BHK |
|---|---|
| Built up Area - 975 sq.ft. | Built up Area - 1470 sq.ft. |
| Carpet Area - 646 sq.ft. | Carpet Area - 969 sq.ft. |

Assotech Hills Ranchi Sector - 1
Best Affordable Housing Project in Jharkhand Awarded by
PMAY Affordable Housing Awards 2025

+91 7673088000

ASSOTECH LEGACY - BUILDING TO BELONG | DELIVERING HOMES & HAPPINESS
• Over 45+ Projects Delivered • Presence in 6 States • 40,000+ Units Delivered

ASSOTECH SUN GROWTH ABODE LLP
Site & Office Address: Assotech Hills, Tagore Hill Road,
Adjoining Bank Colony, Boreya, Ranchi-834006 | www.assotechhills.in

FOR MORE DETAILS:
+91 7280046425, +91 7280046421

MEMBER CREDAI

Follow us on

Disclaimer: The Information available in this advertisement is subject to change without any notice. Further our website(s) and other advertising and publicity material include artist impressions indicating the anticipated impression of appearance of completed development and do not constitute an offer, an invitation to offer and / or commitment / allurement of any nature between us and recipients. The developer makes no warranty, express or implied, nor assumes any legal liability or responsibility for the accuracy, correctness or use of any information contained herein, nor represents that its use would not infringe on privately owned rights. The buyers / customers are required to make independent verification to his / her satisfaction. The project is duly approved by Ranchi Municipal Corporations Vide Application No. RMC/AH/0139/W04/2019 Date 04/09/2020 and duly registered with JRERA vide Registration No.JHRERA/PROJECT/50/2021 dated 30/12/2020 as Assotech Hills,Sector-2. The Land is owned by Assotech Sun Growth Abode LLP. Our official website is www.assotechlimited.com .1sqmt.=10.76 Sqft. Terms & conditions apply.

ASSOTECH
NEXT GENERATION SPACES

RERA REGD No.:
JHRERA/PROJECT/50/2021

# ASSOTECH HILLS RANCHI MORABADI

## SECTOR-2

## RANCHI'S FINEST, FULLY INTEGRATED TOWNSHIP




## FLOOR PLAN- 3BHK

TOTAL Area-
136.537 sq.m. (1470 sq.ft.)

Carpet Area-
90 sq.m. (969 sq.ft.)

3 Bedrooms, Drawing Room and Dining Room
3 Toilet, 2 Balcony

## FLOOR PLAN- 2.5BHK

TOTAL Area-
90.560 sq.mt. (975 sq.ft.)

Carpet Area-
60 sq.mt. (646 sq.ft.)

2 Bed Rooms, Drawing Room cum Dining,
Study Room, 2 Toilet, Balcony




**BANK LOAN AVAILABLE**

punjab national bank ...the name you can BANK upon! | JRGB | Bank of India | बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra | केनरा बैंक Canara Bank

**ASSOTECH LEGACY - BUILDING TO BELONG** | 38 YEARS OF DELIVERING HOMES & HAPPINESS

• Over 45+ Projects Delivered • Presence in 6 States • 40,000+ Units Delivered

**ASSOTECH SUN GROWTH ABODE LLP**
**Site & Office Address: Assotech Hills, Tagore Hill Road,**
**Adjoining Bank Colony, Boreya, Ranchi-834006 | www.assotechlimited.com**

FOR MORE DETAILS:
+91 7673088000, +91 7280046425, +91 7280046421

MEMBER CREDAI

Follow us on

Disclaimer: The Information available in this advertisement is subject to change without any notice. Further our website(s) and other advertising and publicity material include artist impressions indicating the anticipated impression of appearance of completed development and do not constitute an offer, an invitation to offer and / or commitment / allurement of any nature between us and recipients. The developer makes no warranty, express or implied, nor assumes any legal liability or responsibility for the accuracy, correctness or use of any information contained herein, nor represents that its use would not infringe on privately owned rights. The buyers / customers are required to make independent verifications to his / her satisfaction. The company has some cases pending in courts of law. However, There is no bar / prohibition for any sale from any competent court / authority. All the projects are duly approved by respective sanctioning authority under the project jurisdiction and duly registered with JRERA. The Land is owned by Assotech Sun Growth LLP. Our official website is www.assotechlimited.com. Terms & conditions apply.

धनतेरस की हार्दिक बधाई

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची | 18 अक्टूबर, 2025, शनिवार, वर्ष 11, अंक 01, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 22, मूल्य : ₹3.00



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# घाटशिला उपचुनाव: दल-बल के साथ दोनों प्रत्याशियों ने किया नामांकन, शक्ति प्रदर्शन से माहौल हुआ गर्म

## हेमंत ने लगायी दहाड़ : पूंजीपतियों से बचकर, बाबूलाल ने चेताया : जनता संदेश देने को बेचैन

घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला उपचुनाव के लेकर शुक्रवार को गहमागहमी रही। झामुमो और भाजपा प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर दोनों दलों के बड़े नेता मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन और एनडीए दोनों ने अपनी एकजुटता दिखायी। दोनों दलों ने नामांकन के बाद सभा के जरिये शक्ति प्रदर्शन भी किया। झामुमो उम्मीदवार के पक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहे, तो भाजपा उम्मीदवार की ओर से पार्टी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और जदयू विधायक सरयू राय मौजूद थे।

## सोमेश की जीत शिबू सोरेन और रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि होगी : हेमंत

घाटशिला (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जंगल से एक बूढ़ा शेर भागकर घाटशिला की ओर आ गया है। उसे रोकने-मारने के लिए मतदाता अपना तीर-धनुष तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी आरोप लगाते हैं कि राज्य में लूट-खसोट हो रहा है। आप सभी जानते हैं कि झामुमो माटी की पार्टी है। यहां की जनता और खनिज-संपदा की रक्षा झामुमो ही कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष पूंजीपतियों कि पार्टी है। पैसे के बल पर प्रलोभन देकर वोट हासिल करना चाहेगी। मतदाताओं को सतर्क रहने कि जरुरत है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को घाटशिला में झामुमो प्रत्याशी के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहे।



**यह खुशी का उपचुनाव नहीं है:** हेमंत सोरेन ने कहा कि घाटशिला का यह उपचुनाव खुशी का नहीं है। बल्कि कर्मठ एवं क्षेत्र के विकास के लिए इमानदारी से काम करने वाले रामदास बाबू के असामयिक निधन से यह स्थिति बनी है। घाटशिला के मतदाता सोमेश को भारी मतों से जीताकर विधानसभा भेजें। स्व. दिशोम गुरु और स्व. रामदास सोरेन को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### दर्जनों मुख्यमंत्री पर हम अकेले भारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए एक दर्जन मुख्यमंत्री को घाटशिला में उतारा गया है। विपक्ष के दर्जनों मुख्यमंत्री पर हम अकेले ही भारी पड़ेंगे। क्योंकि झारखंड के मुख्यमंत्री हम नहीं हैं, बल्कि राज्य की तमाम जनता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी भीख में नहीं मिली है। इसके लिए पार्टी ने लड़ाई लड़ी है।

**स्व. रामदास सोरेन को किया याद:** मुख्यमंत्री ने मंच से पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बड़े-बुजुर्ग अपने बच्चों को अपनी परंपरा और विरासत के बारे में सिखाते हैं, उसी तरह से हम सब मिलकर सोमेश को विरासत संभालने के लिए तैयार कर रहें हैं।

## भाजपा ने झारखंड बनाया, भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी: बाबूलाल

घाटशिला (आजाद सिपाही)। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक बाबूलाल के लिए दूसरा बाबूलाल वोट मांगने आया है। उपचुनाव के परिणाम से भले ही राज्य सरकार की सेहत पर असर नहीं पड़े, लेकिन भ्रष्टाचार, माफिया, लूट-खसोट व जमीन लूटने वाली सरकार के खिलाफ चोट करने के लिए भाजपा को वोट जरूर दें। घाटशिला की जीत से पूरे प्रदेश में भ्रष्ट सरकार के खिलाफ एक संदेश जायेगा। बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन के बाद आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद रहे।

**इस सरकार में आदिवासियों का शोषण:** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी हित कि बात करने वाली सरकार में सबसे ज्यादा आदिवासियों का शोषण हुआ है। मां-बहनों कि इज्जत लूटी जा रही है। सामाजिक युवा आदिवासी कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या कर दी गयी। भाजपा ने सीबीआइ जांच की मांग की लेकिन राज्य सरकार आरोपियों को बचाने में जुट गयी। थाना से लेकर ब्लॉक तक में हर छोटे काम के लिए पैसे लिए जाते हैं। अपराधी बेलगाम हो गये हैं। आये दिन हत्याएं हो रही है। अवैध माइनिंग करने वालों को सरकार संरक्षण दे रही है। बंगलादेशी घुसपैठिए और रोहिंग्या मुसलमानों को सरकार बसाने का काम कर रही है। सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी वाली पार्टी है।



### मऊभंडार प्लांट और बंद खदानों को खुलवायेंगे

बाबूलाल ने घाटशिला की जनता से आह्वान किया की बाबूलाल सोरेन को जीतायें। निश्चित रुप से एचसीएल-आइसीसी की बंद ताम्र खदानों और मऊभंडार प्लांट को खुलवाने का काम भाजपा करेगी। स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने पार्टी संकल्प लेकर काम करेगी। सांसद मऊ भंडार प्लांट व कॉपर खदानों के लिए प्रयासरत भी है।


हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365


## बिहार चुनाव: मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव के बाद: शाह

गृह मंत्री के साथ नीतीश कुमार की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार से तीन दिन के बिहार दौरे पर हैं। उन्होंने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच लगभग 15 मिनट तक चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। मुलाकात से पहले शाह ने कहा कि वर्तमान में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जा रहा है। उन पर न सिर्फ भाजपा, बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। एनडीए की जीत के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला विधायक दल करेगा। उधर, अमित शाह के बयान पर जीतनराम मांझी ने कहा कि चुनाव से पहले नेता यानी होने वाले मुख्यमंत्री का भी नाम तय हो जाना चाहिए था। सौभाग्यवश एनडीए में अब तक सब कुछ ठीक रहा है। कोई दुविधा नहीं होनी चाहिये।




SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


## कुड़मी को एसटी का दर्जा देने की मांग का विरोध
## आदिवासियों ने हुंकार महारैली निकालकर दिखायी एकजुटता

प्रभात तारा मैदान में जुटे आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी समाज ने एसटी का दर्जा देने की मांग की है। कुड़मी समाज ने 20 सितंबर को 'रेल टेका डहर छेका' आंदोलन किया था। आदिवासी संगठनों ने उनकी मांग के खिलाफ आंदोलन करना शुरू कर दिया है। रांची में शुक्रवार को आदिवासी बचाओ मोर्चा के बैनर तले प्रभात तारा मैदान में आदिवासी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। रांची की सड़क पर आदिवासी संगठनों ने पैदल मार्च भी निकाला। महिलाओं ने भी बढ़कर भागीदारी निभायी।

**कुड़मी समाज की मांग के खिलाफ की नारेबाजी:** रांची के अरगोड़ा चौक के बाद आदिवासी संगठनों में पैदल मार्च का नजारा देखते बन रहा था। कुड़मी समाज की मांग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदिवासी समाज के लोग प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस रैली में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। आंदोलनकारियों ने हाथों में जय सरना और कुड़मी मांग के विरोध वाली तख्तियां ले रखी थी।



### हमारा हक और अधिकार छिनना चाहते हैं कुड़मी: देवकुमार धान

पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन ,हमारी एमएलए-एमपी की सीट,मुखिया-मेयर की सीट,हमारे बच्चों की नौकरियां सब कुड़मी समुदाय छिनना चाहता है। इसलिए सरकार पर गलत तरीके से दवाब बनाने की कोशिश की जा रही है जिसे जनजातीय समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### कुड़मी कभी आदिवासी हो ही नहीं सकते: गीताश्री उरांव

पूर्व विधायक और आदिवासी बचाओ मोर्चा की संयोजक गीताश्री उरांव ने कहा कि जब तक कुड़मी समाज के लोगों की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक इस तरह के आंदोलन होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के कुड़मी कभी आदिवासी हो ही नहीं सकते हैं। कुड़मियों को लेकर तमाम पुराने दस्तावेज बताते हैं कि यह समुदाय कभी जनजातीय समुदाय रहा ही नहीं। इनके पूर्वजों ने सच्चाई को जानकर आदिवासी समुदाय से खुद को अलग कर लिया था। ये लोग खुद को शिवाजी के वंशज बताते थे, लेकिन आज गलत तरीके से सरकार पर दबाव बनाकर खुद को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं, उसका हम लोग जोरदार विरोध करते रहेंगे।




### सोमेश चंद्र सोरेन के नामांकन के बाद दाहीगोड़ा सर्कस मैदान में चुनावी सभा

# सोमेश सोरेन को जिताकर सीएम हेमंत के विश्वास को सही साबित करें : दीपक बिरुआ

## डबडबायी आंख और रुंधे गले से सोमेश ने मांगा जीत का आशीर्वाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** जिले की घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के तहत शुक्रवार को महागठबंधन समर्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित रहे। घाटशिला सीट पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई थी। उनके निधन के बाद ही इस सीट पर उपचुनाव की घोषणा हुई और अब यहां राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। सोमेश सोरेन, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरे हैं, इस बार पहली बार चुनावी मुकाबले में उतरे हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान घाटशिला के दाहीगोड़ा सर्कस मैदान में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्य के कई मंत्री एवं झामुमो के स्टार प्रचारक मौजूद रहे। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने चुनावी सभा में रुंधे गले से अपने बाबा स्व रामदास सोरेन को याद किया और घाटशिला की जनता के प्रति उनके लगाव की बातें कहीं। सोमेश ने कहा कि इस बार मंत्री बनने के बाद कम समय में ही बाबा ने डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय यूनिवर्सिटी के स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। सोमेश ने कहा कि उनके बाबा रामदास सोरेन के प्रयास के कारण मुख्यमंत्री ने सुरदा, केंदाडीह और राखा कॉपर माइंस को दोबारा चालू करने के लिए लीज आवंटित कर दिया है। माइंस खुलने से रोजगार मिलेगा और हजारों परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। सोमेश ने चुनावी सभी ने उपस्थित हजारों मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि आप सभी आशीर्वाद दें तो वे अपने बाबा के अधूरे सपनों को पूरा कर क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगे। वहीं झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि रामदास सोरेन के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके पुत्र सोमेश को वोट देकर विजयी बनायें। उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता ने रामदास सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाया तो सीएम हेमंत सोरेन ने उन्हें मंत्री बनाया जिससे राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बेहतरीन काम की शुरूआत की थी। अब उनके ना रहने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके बेटे सोमेश को टिकट दिया है तो अब यहां के मतदाताओं की जिम्मेवारी है कि सोमेश को जिताकर स्व रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि और सीएम हेमंत सोरेन के फैसले पर मुहर लगाकर पार्टी के प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दें।

**मंच पर ये नेता मौजूद रहे:** झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के नामांकन सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावे स्व रामदास सोरेन की पत्नी सूरजमनी सोरेन, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाणंगी, विधायक सविता महतो, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, विधायक निरल पूर्ति, सिंदरी के विधायक बबलू महतो, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, विक्टर सोरेन, सत्यनारायण भोक्ता, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, मथुरा महतो, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जिलाध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, नट्टू झा, विजय खां, राष्ट्रीय जनता दल की शंभू चौधरी, अनीता यादव, सीपीआइ के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अंबुज कुमार, सनत कालटू चक्रवर्ती, काजल डॉन, अरुण कुमार राजा, जगदीश भक्त, दुर्गा चरण मुर्मू, प्रधान सोरेन समेत काफी संख्या में गठबंधन दलों के नेता शामिल थे।





### झामुमो समर्थकों का मनोबल हाइ, सोमेश की जीत निश्चित: कुणाल

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाणंगी ने घाटशिला और दूर- दराज से आये हजारों समर्थकों में जोश भरते हुए कहा कि नामांकन सभा में शामिल जनसैलाब और उत्साह को देखते हुए सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि झामुमो समर्थकों का मनोबल हाइ है और पार्टी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की जीत सुनिश्चित है। कुणाल ने विपक्षी दल के नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि घाटशिला को मुर्शिदाबाद और बांग्लादेशी घुसपैठियों का शोर मचाने वालों को बताना चाहिए कि आखिर देश के सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है, केंद्र या राज्य की? उन्होंने मतदाताओं को सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा कि पूंजीपति दल के नेताओं के बहकावे में न आकर झामुमो उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ मजबूत करें। दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन और स्व रामदास सोरेन को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### महागठबंधन प्रत्याशी सोमेश बनेंगे नंबर वन : केशव महतो कमलेश

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्व रामदास सोरेन की सराहना करते हुए मतदाताओं से झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष मतदान का अपील किया। उन्होंने कहा कि सोमेश ने ठीक 1.45 बजे नामांकन पत्र पर अपना हस्ताक्षर किया और घाटशिला विधानसभा क्षेत्र का नंबर भी 45 ही है। ऐसे में महागठबंधन प्रत्याशी सोमेश का चुनाव में नंबर - 1 रहना तय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य के विकास के साथ नीति -निर्धारण में भी रामदास सोरेन की भूमिका अहम रहती थी। इसलिए उनके सेवभाव को देखते हुए सोमेश को जनता का भरपूर साथ मिलना तय है।

### सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं, जीतना हमारा मकसद : महेंद्र पाठक

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( सीपीआइ) के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि हमारी पार्टी कैडर बेस पार्टी है। हमारी पार्टी घाटशिला सीट पांच बार चुनाव जीत चुकी है। इस बार भी पार्टी के कुछ स्थानीय प्रतिनिधि चाहते थे कि पार्टी की ओर से प्रत्याशी चुनाव में उतारा जायें, लेकिन हमलोगों को सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है बल्कि हमारा मकसद चुनाव जीतना है। इसलिए गठबंधन प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाना हम सबों का लक्ष्य होना चाहिए। पाठक ने स्व रामदास सोरेन को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा अपने विधानसभा क्षेत्र में समय देते थे और जनता की सेवा में काम करते थे। महेंद्र पाठक ने मतदाताओं से आग्रह किया कि सोमेश को वोट देकर स्व रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

### बाबूलाल सोरेन के नामांकन के बाद मऊभंडार में जनसभा, एनडीए ने दिखायी ताकत

# आदिवासी, मूलवासी के अस्तित्व को बचाने के लिए जरूरी है भाजपा को जिताना: चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** जिले की राजनीति शुक्रवार को उस समय पूरे उफान पर आ गयी, जब घाटशिला (अजजा) विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। घाटशिला अनुमंडल कार्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष उन्होंने औपचारिक रूप से पर्चा भरा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिससे पूरा क्षेत्र चुनावी जोश में सराबोर हो गया। नामांकन के दौरान राज्य और क्षेत्रीय राजनीति के कई दिग्गज नेता बाबूलाल सोरेन के समर्थन में एकजुट नजर आये। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक सरयू राय और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस मौजूद थे। नेताओं ने एक स्वर में दावा किया कि इस बार घाटशिला की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनायेगी। बाबूलाल सोरेन के नामांकन के बाद घाटशिला के मऊभंडार में भाजपा की चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झामुमो को उन्होंने भी अपने खून-पसीना से बनाया था लेकिन उन्हें बेइज्जत किया गया। अंग्रेजी सरकार के खिलाफ संघर्ष करने वाले सिदो-कान्हू के वंशज की हत्या कि उन्होंने हेमंत सोरेन से सीबीआइ जांच करवाने कि मांग की थी लेकिन सरकार ने अपराधियों को ही बचाने का प्रयास किया। चंपाई सोरेन ने कहा कि उन्होंने झामुमो सरकार को काफी नजदीक से देखा है। वे भी राज्य सरकार के अंग थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार झारखंड की डेमोग्राफी को बदलने का काम कर रही है। आदिवासियों की जमीन पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए कब्जा कर रहे है। उन्होंने कहा कि घाटशिला के फूलपाल में ही आदिवासी की जमीन पर कब्जा कर मस्जिद बनायी जा रही है। माटियाबांधी पंचायत में धर्म विशेष के लोगों के 4 हजार से ज्यादा जन्म प्रमाण पत्र बनाये गये। सरकार बताये कि बच्चों के माता-पिता कौन हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी, मूलवासी के अस्तित्व को बचाने। जल-जंगल-जमीन को बचाने और झारखंड को बचाने के लिए जरूरी है भाजपा को जीतना और कमल का फूल खिलाना। चंपाई सोरेन ने कहा कि घाटशिला जीतेंगे तो निश्चित रूप से मऊभंडार प्लांट और शेष कॉपर खदानों को खुलवाने का काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि घाटशिला से कॉपर अयस्क बाहर जाने नहीं दिया जायेगा। अयस्क का उपयोग मऊभंडार प्लांट को चलाने में करना होगा।

**भाजपा-आजसू-जदयू के नेता-कार्यकर्ताओं का लगा जमावड़ा :** भाजपा के सभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद विद्युतवरण महतो, जदयू के विधायक सरयू राय, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, बड़कुंवर गागराई, भानु प्रताप शाही, अमर कुमार बाउरी, विधायक अमित यादव, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, हलधर नारायण दास, प्रवीण प्रभाकर, अभय सिंह, जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, दिनेश साव समेत बड़ी संख्या में भाजपा-आजसू-जदयू के नेता उपस्थित थे।






### घाटशिला की जनता के लिए पुनर्विचार का समय है चुनाव: सुदेश महतो

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने घाटशिला की जनता से बाबूलाल सोरेन को जीताने का आह्वान करते हुए कहा कि घाटशिला हमेशा से आंदोलनकारी की भूमि रही है। घाटशिला की जनता के लिए यह चुनाव पुनर्विचार का समय है। उन्होंने सीएम से कहा कि सरकारी मशीनरी को चुनाव से दूर रख लोकतांत्रिक तरीके से नीतिपूर्ण चुनाव करा कर देख लें, आपको एहसास हो जायेगा की जनता क्या चाहती है। उन्होंने कहा कि जिन नीतियों को लेकर दिवंगत शिबू सोरेन लेकर चलते थे, हेमंत सोरेन उन नीतियों को छोड़ चुके हैं।

### घाटशिला की मजबूत आवाज बनेंगे बाबूलाल सोरेन : मधु कोड़ा

पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने भी राज्य सरकार पर अवैध माइनिंग व लूट-खसोट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने संथाली भाषा में कहा कि घाटशिला की जीत सरकार के भ्रष्ट काम के विरुद्ध मजबूत आवाज को ताकत देगी। बाबूलाल सोरेन विधानसभा में लोगों की मजबूत आवाज बनेंगे। उन्होंने जनता से भ्रष्टाचारी और निकम्मी सरकार के खिलाफ वोट करने की अपील की।

### मऊभंडार प्लांट के लिए पीएम से करेंगे मुलाकात: विद्युत वरण महतो

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि बीते 6 साल से झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार है। राज्य सरकार की नीतियों के कारण युवाओं का पलायन नहीं रुक रहा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से सुरदा माइंस चालू हो गयी है। केंदाडीह और राखाकॉपर माइंस दोबारा खुल रही है। धोबनी, किशनगढ़िया और अन्य खदानों को चालू कराने के लिए प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि मऊभंडार प्लांट को चालू कराने के लिए वे कई दफा मंत्री से भी मिल चुके हैं। उनके प्रयास से फिजिबिलिटी रिपोर्ट मेकॉन तैयार कर रही है। सांसद ने कहा कि फिजिबिलिटी रिपोर्ट मिलने के साथ पीएम नरेंद्र मोदी से मिलकर वे प्लांट चालू कराने का प्रयास करेंगे।

# बिहार विधानसभा चुनाव : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये झारखंड के 10 जिलों में कड़ी चौकसी के निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को निर्वाचन सदन में बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की सभी प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे आपस में और बिहार राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें। रवि कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य के 10 जिले बिहार राज्य के साथ सीमाएं साझा करते हैं और बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे ध्यान में रखते हुए बिहार और झारखंड की सीमाओं पर 'मिरर चेकपोस्ट' बनाये गये हैं।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इन चेकपोस्टों को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाये ताकि चुनाव को प्रभावित करने वाली अवैध सामग्रियों की आवाजाही पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से नकदी, शराब, ड्रग्स और अन्य प्रलोभनों की अवैध आवाजाही को रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के अंतर राज्य सीमाओं पर निगरानी रखने के साथ-साथ बिहार से सटे सीमावर्ती इलाकों में भी प्रवर्तन एजेंसियां सक्रिय रूप से संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी करें। अवैध शराब भट्ठियों की सूचना आपस में साझा कर उसे ध्वस्त करें। अवैध कैस अथवा चुनाव के लिए प्रलोभन हेतु किसी प्रकार की संदिग्ध सामग्री के आवागमन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगायें। उन्होंने कहा कि छापेमारी में प्राप्त अवैध सामग्रियों के बैकवर्ड लिंकेज तलाशते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी माइकल राज, आयुक्त, वाणिज्य एवं कर विभाग अमित कुमार, आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग लोकेश कुमार मिश्रा, आइजी धनंजय कुमार, आइजी अश्विनी कुमार, नारकोटिक्स, टैक्स, वन विभाग के वरीय पदाधिकारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, देव दास दत्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जेएमएम की पीठ में खंजर घोपने वाले को भाजपा ने बनाया घाटशिला से प्रत्याशी : डॉ तनुज खत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर खंजर घोपने वाले व्यक्ति को भाजपा ने घाटशिला उपचुनाव में प्रत्याशी बनाकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा के पास झारखंड में अपने सशक्त और प्रतिबद्ध नेता नहीं बचे हैं। दूसरे दलों से आये अवसरवादी चेहरे ही भाजपा की पहली पसंद बन चुके हैं। डॉ तनुज ने कहा कि जब भाजपा ने झूठे आरोपों में झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद रखा था, उस कठिन समय में हेमंत सोरेन ने जिस व्यक्ति पर सबसे अधिक भरोसा जताया और उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी, वही व्यक्ति आज भाजपा की गोद में जाकर बैठ गया।


### दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

**आईआरईपीएस निविदा सं. : टीआरएस–आरओयू–09–2025–26, दिनांक 16.10.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता, इलेक्ट्रिक लोको शेड, राउरकेला, दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का विवरण** : 02 वर्ष की अवधि के लिए, ईएलएस/राउरकेला में 3 फेज लोकोमोटिव के सामान्य निरीक्षण और प्रमुख अनुसूची के लिए रूफ माउंटेड सीएबी एसी यूनिटों की मरम्मत और रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 59,66,525.01, **बयाना राशि:** रु. 1,19,300/– **ई–निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.11.2025 को 11.00 बजे । **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन: https://www.ireps.gov.in** ई–निविदा का संपूर्ण विवरण उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। (PR-738)




# विनय सिंह के शोरूम से नहीं हटेगा एसीबी का ताला

## हाइकोर्ट ने खारिज की याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और उसका म्यूटेशन कराने के आरोपों में जेल में बंद ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह को हाइकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने रांची और हजारीबाग में एसीबी द्वारा उनके दो शोरूम को सील किये जाने के खिलाफ दर्ज उनकी याचिका खारिज कर दी है। याचिका खारिज होने के बाद अब विनय सिंह के दोनों शोरूम पर एसीबी का ताला लगा रहेगा। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में हुई। विनय सिंह ने रांची के डिबडीह स्थित मोटोजेन और हजारीबाग स्थित नेक्सजेन महिंद्रा के शोरूम को सील मुक्त करने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। विनय सिंह का शोरूम कांड संख्या 9/2025 में सील हुआ है। विनय सिंह की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और ऋषभ कुमार ने पक्ष रखा। वहीं एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुमित गड़ोदिया ने बहस की।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की जाती है। **क्रम सं.:** 1, **कार्य का नाम एवं स्थान:** अररिया से सुपौल सेक्शन तक नई बीजी लाइन के निर्माण और कनेक्शन में क्रमशः नया टोला प्रेम नगर के पास (केजीएन–एफबीजी) टावर संख्या 206, डबल सर्किट और बसठी, धोबिनिया नहर के पास (टावर संख्या 31 पीबी) सिंगल सर्किट की 132 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन के उल्लंघन को हटाना। e-Tender No. ELCN-MHX-ETEN-7MOD-25-26., **क्रम सं.:** 2, **अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 84881352.75, **क्रम सं.:** 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं.:** 4, **कार्य पूर्ण करने का समय:** 06 माह, **क्रम सं.:** 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 03.11.2025 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं.:** 6, **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है।:** आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना– 800004 में निविदा पटट पर देखा जा सकता है। उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण/उत्तर महेंद्रूघाट/पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर,
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/1171/सीएन/एन/एमएचएक्स/कॉन/टी/25–26/48

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई. निविदा सूचना सं.: एस. जी.–664–18–संकेत–2025–26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं. : 1. कार्य का नाम:** (1) बरकाकाना–बीआरकेए में कवर शेड के साथ सिक लाइन का प्रावधान हेतु। (2) बरकाकाना–बरकाकाना में शंटिंग नेक के साथ सीआईसी लाइन का कनेक्शन हेतु। **क्र. सं.: 2. कार्य का आकलित मूल्य:** ₹ 3,02,88,608.65 (लगभग) **क्र. सं. : 3. कार्य का अग्रधन राशि:** ₹ 3,01,500.00 **क्र. सं. : 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 06.11.2025 (12:30 बजे)। **क्र. सं.:** 5. ऐसी ई. निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई. निविदा के ई. निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई. निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कृते वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1167/डीएचएन/एसएण्डटी./टी/25–26/36









## हजारीबाग के बाजारों में स्वदेशी का जलवा, बाजारों में रौनक चरम पर

# मिट्टी के दीयों से जगमगाये चौक-चौराहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** धनतेरस से पूर्व शुक्रवार को हजारीबाग के बाजारों में रौनक चरम पर रही। दीपावली की तैयारी को लेकर बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रंग-बिरंगे सजावटी सामान, पारंपरिक वस्त्र, सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी के बीच इस बार कुछ खास देखने को मिला लोगों का झुकाव स्वदेशी उत्पादों की ओर। जहां एक ओर बाजारों में चाइनीस सजावटी वस्तुएं और इलेक्ट्रिक लाइटें भी मौजूद रहीं, वहीं दूसरी ओर अधिकांश ग्राहक मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित दीपदान, पीतल के कलश, पूजा सामग्री और स्थानीय स्तर पर बने सजावटी सामानों की ओर अग्रसर नजर आये। युवा वर्ग ने भी स्वदेशी को अपनाने की दिशा में उत्साहजनक पहल की है। शहर के प्रमुख बाजारों में पैगोडा चौक, झंडा चौक, पंचमंदिर चौक पर



पारंपरिक वस्तुओं की खरीदारी का जोश साफ दिखायी दिया मिट्टी के दीये बेच रहे दुकानदारों के चेहरों पर इस बार एक अलग ही मुस्कान थी। एक दुकानदार ने बताया, इस वर्ष मिट्टी के दीयों की मांग पिछले सालों से लगभग दोगुनी है। अब लोग समझने लगे हैं कि स्वदेशी चीजें हमारी संस्कृति से जुड़ी हैं और हमारे स्थानीय कारीगरों की मेहनत का सम्मान भी। ग्राहकों में भी स्वदेशी को लेकर उत्साह देखा गया। एक खरीदार ने कहा कि विदेशी लाइटें भले आकर्षक हों, लेकिन मिट्टी के दीये जलाने से घर में जो सुकून और पवित्रता मिलती है, वह किसी और चीज में नहीं। यह न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि अपने देश के कारीगरों को प्रोत्साहन देने का भी माध्यम है। सोशल मीडिया पर भी स्वदेशी दीपावली, मिट्टी-का-दीया और स्थानीय-बनाओ-देश-बढ़ाओ जैसे अभियान तेजी से ट्रेंड कर रहे हैं। युवा वर्ग इन अभियानों में सक्रियता से जुड़ रहा है और दूसरों को भी चीनी सामानों का बहिष्कार कर देशी उत्पादों को अपनाने की प्रेरणा दे रहा है। खुशी की बात यह है कि इस बार प्रचार-प्रसार का सकारात्मक असर भी साफ दिख रहा है। पहले जहां लोग विदेशी वस्तुओं की ओर अधिक आकर्षित होते थे,वहीं अब बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की मांग ने स्थानीय कारीगरों की उम्मीदें फिर से जगा दी हैं।

धनतेरस की इस शाम को हजारीबाग स्वदेशी दीयों की रोशनी से जगमगा उठा है जहां हर दीया न केवल घरों को रोशन कर रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की भावना को भी और अधिक प्रखर बना रहा है।

## बड़कागांव में दीपावली की धूम, बाजारों में रौनक

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** दीपों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही बड़कागांव बाजारों में रौनक लौट आयी है। जगह-जगह सजी रंग-बिरंगी दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बाजारों में मिठाइयों से लेकर सजावटी सामान और पारंपरिक दीयों की जमकर खरीदारी हो रही है। ग्रामीण इलाकों से लेकर मुख्य बाजार तक लोगों में उत्साह का माहौल है। इस बार लोग खास तौर पर स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' अभियान का असर स्पष्ट रूप से दिखायी दे रहा है। लोग चीनी लाइटों की बजाय पारंपरिक दीयों और मोमबत्तियों को तवज्जो दे रहे हैं। इससे स्थानीय कारीगरों के चेहरे पर भी रौनक लौट आई है। इधर, त्योहार के मद्देनजर प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। बड़कागांव प्रखंड प्रशासन द्वारा सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर बाजार क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था, साफ-सफाई और कोविड-एहतियात पर भी नजर रखी जा रही है। नगर पंचायत द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है और सार्वजनिक स्थलों को सजाया जा रहा है। वहीं, बिजली विभाग द्वारा भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। त्योहार का यह उल्लासपूर्ण माहौल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को रोमांचित कर रहा है। दीपों की जगमगाहट के साथ ही बड़कागांव एक बार फिर रौशन होने को तैयार है।

## बरकाकला में डिग्री कॉलेज निर्माण स्थल का निरीक्षण, लोगों ने सहयोग का दिया आश्वासन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के बरकाकला गांव स्थित प्रस्तावित डिग्री कॉलेज भवन निर्माण स्थल का निरीक्षण शुक्रवार को कुलपति चंद्र भूषण शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से सुंदर है और चारों ओर गांवों से घिरा हुआ है, जिससे यहां कॉलेज का निर्माण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज बनने से आसपास के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नयी दिशा मिलेगी। निरीक्षण के समय भवन निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मुकेश कुमार, विजय कुमार, नवीन तिर्की, बरकाकला पंचायत के मुखिया सिकंदर कुमार राम, पंचायत समिति सदस्य पति धीरू रजक समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने कुलपति को भरोसा दिलाया कि कॉलेज भवन निर्माण कार्य में ग्रामीण हर संभव सहयोग देंगे। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद मेहता, संतोष प्रसाद मेहता, कमल मेहता, तापेश्वर मेहता, सत्येंद्र पांडेय, अजीत मेहता, अशोक मेहता और नेपाली मेहता सहित अन्य लोगों ने कहा कि कॉलेज का निर्माण से बरकाकला ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। कुलपति ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉलेज भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाये, ताकि आने वाले सत्र से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## सभी छठ घाटों की साफ-सफाई कर उन्हें दुरुस्त करें : डॉ नीरा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विधायक सह प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने छठ त्योहार शुरू होने से पहले सभी छठ घाटों को ठीक कर साफ – सफाई सुनिश्चित करने को कहा है। विधायक डॉ नीरा ने इस संबंध में उपायुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि लोक आस्था का महान पर्व छठ करीब है और जिले के सभी इलाकों में यह पर्व बड़े धूमधाम और परंपरागत रूप से मनाया जाता है। बता दें कि इस साल बारिश अधिक हुई है और सभी तालाब, पोखर आदि पानी से भरे हुए हैं। ऐसे में छठ पर्व के मद्देनजर सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के सभी एहतियात उपाय करने की आवश्यकता है। साथ ही गोताखोर की तैनाती भी करना जरूरी है। विधायक ने छठ पर्व के मद्देनजर सभी घाट, तालाब, पोखर की साफ – सफाई, ब्लीचिंग पाउडर डलवाने के साथ ही बेरिकेडिंग, गोताखोर की व्यवस्था करने को कहा है, ताकि छठ महापर्व में व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। साथ ही सभी चौक– चौराहों पर खराब पड़े लाइट को भी दुरुस्त करने को कहा है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने बच्चों और ग्रामीणों के साथ दीपोत्सव मनाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चों और ग्रामीणों के साथ शुक्रवार को दीपोत्सव मनाया। महाविद्यालय और माहेश्वरी महिला समूह झुमरी तिलैया द्वारा ग्रामीणों और बच्चों को मिठाई, पटाखे, दिये और फल देते हुए दीपावली की बधाई दी। प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने कहा कि दीपावली प्यार, स्नेह, बंधुत्व और खुशियों का त्योहार है। यह त्योहार हमें अपने जीवन में सकारात्मकता, सौहार्द और करुणा के दीप जलाने की प्रेरणा देता है। हम सभी को एक दूसरे के साथ सदैव प्रेम, स्नेह और खुशियां को साझा करना चाहिए। माहेश्वरी महिला समूह के पदाधिकारी रश्मि पचीसिया, कविता माहेश्वरी ने दीपोत्सव की महता से अभिभूत कराया और कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि आत्मप्रकाश का प्रतीक है। इसे सफल बनाने में माहेश्वरी महिला समूह के पदाधिकारी रश्मि पचीसिया , कविता माहेश्वरी, संकाय सदस्य डॉ पंकज पाण्डेय, डॉ पवन कुमार, डॉ गौतम, डॉ पूजा कुमारी, स्वर्ण सिंह, वीरेंद्र यादव, सौरभ शर्मा, खुशबू कुमारी सिन्हा, अनिल दास, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक कुमार पांडेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार, ओंकार कुमार आदि उपस्थित थे। संचालन सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा की देखरेख में संपन्न हुई।

## विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो स्थित शुक्रवार को शिशु विकास विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया, प्रतियोगिता में विद्यालय में एक से बढ़कर एक रंगोली कार्यक्रम किया सभी रंगोली बहुत ही सुंदर था और एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय ने कहा कि आज रंगोली बनाकर छात्राएं बहुत ही उत्सुक है जितना भी विद्यालय से सहयोग चाहिए विद्यालय की ओर से मिलेगा और आगे इससे भी बेहतर रंगोली बनाकर विद्यालय का नाम रोशन करे। रंगोली कार्यक्रम में सोना कुमारी, पायल कुमारी, अनमोल, अंशु, प्रियांश, अंकित, निशांत समेत अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर शिशु विकास विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय शिक्षक प्रमोद पांडेय, सुरेश मिश्रा गीता देवी आरती देवी, अर्चना देवी, मुस्कान कुमारी, सुनैना कुमारी उपस्थित थी।

## धनतेरस आज, 20 अक्टूबर को प्रदोष काल अमावस्या में दीपावली का पर्व

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में धनतेरस को लेकर तरह - तरह के दूकान सज गये हैं और व्यापरी वर्ग के साथ आम आम जनता में भी उत्साह का माहौल है। आज शनिवार को धनतेरस के अवसर पर लोग खरीदारी करने निकलेंगे। तीन दिवसीय पर्व दिवाली की शुरुआत धनतेरस से ही होती है जिसमें लोग अपने बजट के अनुसार अपनी पसंद की छोटी बड़ी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। शास्त्रों के अनुसार धनतेरस के दिन भगवान ध्वनवंतरी समुद्र मंथन के बाद अमृत कलश लेकर निकले थे इसलिए आज के दिन इनकी विशेष पूजा की जाती है। इस दिन शाम में दीप जलाकर घर के दक्षिण दिशा में रखा जाता है इससे घर के किसी भी सदस्य की अकाल मृत्यु नहीं होती है।

## बीएड कॉलेज में रंगोली और सतर्कता कार्यक्रम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षक अध्यापक परिषद द्वारा आयोजित जागरूकता सप्ताह के मद्देनजर डिजिटल पहल सतर्कता विषय पर प्रशिक्षु शिक्षकों के बीच जानकारी साझा की गयी। साथ हीं दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी, आइक्यूऐसी कॉर्डिनेटर और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापकगण बबली कुमारी, डॉ ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, आजाद, नाजरा, सुनीता, बीएड और डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## खिरगांव स्थित मां महाकाली मंदिर में भव्य पूजा की तैयारी, दीपावली के दिन होगा आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** खिरगांव स्थित मुक्तिधाम परिसर में स्थित मां महाकाली मंदिर, जो श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर भव्य महाकाली पूजा का आयोजन करने जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा की तैयारी पूरे जोर–शोर से चल रही है। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। दीपावली के दिन यह धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। संध्या 6:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। भक्तों द्वारा प्रस्तुत भजनों से पूरा परिसर मां के जयकारों से गूंजेगा। रात्रि 8 बजे से मां महाकाली की पूजा विधिवत आरंभ होगी और रात्रि 12:16 बजे बाली कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गयी है। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को प्रात: 4 बजे से 9 बजे तक महाभोग प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसके पश्चात इस वार्षिक आयोजन का समापन होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बाबा भूतनाथ मंडली, खिरगांव के सदस्य तन–मन–धन से जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव राजेश यादव और कोषाध्यक्ष मनोज भगत के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन में सहयोग करने वालों में अनिल गोप, रमेश सिंह, सुनील केसरी, बिट्टू बाबा, नवीन सिन्हा, सुशील सिन्हा, चंद्रिका साव, निशांत अग्रवाल, राकेश गुप्ता, सुमित वर्मा, अभिषेक कुमार, राहुल विश्वकर्मा, उज्जवल कसेरा, राजकुमार साहू, राजा बाबा, कामेश्वर बाबा, छोटन राम, सुरेंद्र सिंघानिया, राम प्रसाद राम सहित सैकड़ों समिति सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

## उपायुक्त ने दीपावली और छठ महापर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण

शिल्पकार परिवारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से शीघ्र जोड़ें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** दीपावली और छठ महापर्व के सुचारू रूप से आयोजन और समुचित प्रबंधन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज ने झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ नगर प्रशासक अंकित गुप्ता और नगर परिषद के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त मडुआटांड़ पहुंचे, जहां उन्होंने हस्तचाक द्वारा मिट्टी के दीए, ढकनी, बर्तन आदि बनाने वाले कुम्हार परिवार से मुलाकात की। उन्होंने उनके पारंपरिक हस्तशिल्प कार्य की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाये गये हस्त निर्मित दीये और बर्तन हमारी परंपरा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील किया कि वे दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों से ही खरीदारी करें, ताकि उनका रोजगार बढ़े और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे पारंपरिक शिल्पकार परिवारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और अन्य केंद्र और राज्य योजनाओं से शीघ्र जोड़ा जाये, ताकि उन्हें सरकारी लाभों का अधिकतम फायदा मिल सके। इसके बाद उपायुक्त ने भास्कर छठ तालाब और इंदरवा बस्ती छठ तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ महापर्व को देखते हुए तालाबों की साफ-सफाई, फॉगिंग, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा, लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक, जेई, पर्यवेक्षक सहित नगर परिषद के कई कर्मी उपस्थित थे।

## गरीबों के बीच बांटे गर्म कपड़े और सामग्री

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच प्रखंड के मसनोडीह पंचायत के जियोरायडीह बिरहोर टोला में दीपावली पर जरूरतमंद गरीब परिवारों की मदद करने रक्तवीर सेवा संघ कोडरमा ने कदम उठाया है। इसमें वे लोगों से संपर्क कर कपड़े जुटाए जा रहे थे और सहयोग राशि, ताकि जरूरतमंदों को दीपावली पर खुशियों का तोहफा दे सके। रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल ने अपील की है कि आप सब भी सच्चे दिल से गरीबों की मदद के लिए हाथ बढ़ाएं। ताकि आज भी हमारे देश की जो लगभग एक तिहाई आबादी गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है उनके जीवन और आर्थिक स्तर में सुधार आ सके। संस्था के सदस्य रोहित सिंह, आकाशदीप, वनांचल शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्रमुख गंगाधर राणा, सागर साव, प्रीतम वर्मा, विनीत मोदी, विनोद साव, महेंद्र कुमार, आलोक कुमार, आकाश मोदी, मनीष कुमार, अभिजीत राणा, आमोद मोदी, अनिल कुमार, अजय यादव, नीरज यादव, सुनील ठाकुर, विवेक कुमार, सूरज यादव, प्रमोद सिंह, सुशील राणा, गौरव सिंह, तुषार वर्मा, हर्ष तेजपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## तीन घरों में बीती रात हुई चोरी

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपीडीह में बीती रात तीन घरों में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बक्शा का ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और लाखों रुपये नगदी चुरा लिए पीड़ित परिवार गंगाधर यादव पिता स्वर्गीय प्रयाग यादव किशोरी यादव पिता स्वर्गीय उत्तम महतो, रामचंद्र सिंह पिता स्वर्गीय सोमर सिंह तीनों के घर में चोरी हुई जिसमें गंगाधर यादव ने बताया की मेरे घर से नकदी 10 हजार रुपये और लगभग लाखों की चोरी हुई है। किशोरी यादव ने बताया की 20 हजार रुपये नकद और लगभग 50 हजार का जेवरात चोरी हुई है। वहीं रामचंद्र सिंह ने बताया कि 5000 रुपये नकदी, चोरी हुई है जिसकी सूचना मिलते ही चलकुशा थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल करने लगे। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, एसआइ मलिक मुर्मू, पसंस प्रतिनिधि उमेश कुमार साव, वार्ड सदस्य सिकंदर यादव, इंद्रदेव यादव और अन्य लोग उपस्थित थे।

## लगातार 9वें वर्ष हजारीबाग में निभायी गयी परंपरा

# 'आपका एक दीया शहीदों के नाम' से गूंजा शहीद स्मारक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** दीपावली की पूर्व संध्या पर हजारीबाग में राष्ट्रभक्ति और आस्था का संगम देखने को मिला, जब लगातार 9वें वर्ष आपका एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय परिसदन के समक्ष स्थित शहीद स्मारक स्थल पर हजारों दीयों की रोशनी से परिसर जगमगा उठा और पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो गया।

इस भव्य आयोजन से पहले दो दिनों तक पूरे स्मारक स्थल की साफ-सफाई कर उसे सजाया गया। गुरुवार की शाम जैसे ही हजारों दीपों से स्मारक प्रज्वलित हुआ, पूरा क्षेत्र शौर्य और श्रद्धा के उजास में डूब गया। दीपों की लौ ने शहीदों के बलिदान को अमर कर दिया और उपस्थित जनसमूह के हृदय में गर्व और कृतज्ञता का भाव उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम में तीन शहीदों सुभाष सौरव बारला, कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और संदीप पाल के परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके परिजनों ने स्वयं शहीद स्मारक पर घी के दीये जलाकर सभी से अपील की कि दीपावली पर अपने घरों में एक दीया शहीदों के नाम अवश्य जलायें। शहीद सुभाष सौरव बारला की मां पूनम बारला ने भावुक होकर कहा कि जब हमारे बेटों के सम्मान में ऐसा आयोजन होता है, तो मन गर्व से भर जाता है।

इस मौके पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, सदर एसडीपीओ अमित आनंद (आइपीएस), भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। विधायक मनोज यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमें याद दिलाते हैं कि हमारी स्वतंत्रता शहीदों के बलिदान की देन है। वहीं आइपीएस अमित आनंद ने कहा कि झारखंड के किसी भी जिले में इस तरह का आयोजन नहीं देखा गया, यह हजारीबाग के लिए गर्व की बात है।

शहीद स्मारक परिसर में आरंभ बैंड और स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बाल कलाकारों ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से सैनिकों के जीवन को जीवंत कर दिया। बांसुरी वादक शुभी तनवी और नन्ही गायिका कुमारी दित्या की प्रस्तुति पर दर्शक भावविभोर हो उठे। स्मारक स्थल पर बनाये गये आकर्षक सेल्फी प्वाइंट और रंगोली लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन समिति के संयोजक रंजन चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना और शहीद परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट करना है। उन्होंने सभी से अपील की कि अपने व्यस्त जीवन में भी समय निकालकर शहीद परिवारों से मिलें और उन्हें स्नेह व सम्मान दें। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लायंस क्लब ऑफ रॉयरिंग ने आयोजक टीम को सम्मानित किया। क्लब के अध्यक्ष लायन राजीव आनंद ने आयोजकों को मोमेंटो भेंटकर कहा कि यह आयोजन सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है।

इस अवसर पर आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य, अरुण राणा, डॉ. आनंद शाही, शोभा सिन्हा, रूबी राणा, अमित कुमार गुप्ता, अभिजीत कुमार सोनू सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। हजारीबाग में आपका एक दीया शहीदों के नाम अब केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक परंपरा बन चुका है – जो दीपावली से पहले पूरे शहर को एकजुट कर देती है और याद दिलाती है कि देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता।

## बस के मालिक के साथ मारपीट

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत झारखंड – बिहार बॉर्डर पर स्थित मेघातरी बस स्टैंड एक बार फिर सुर्खियों में है। कोलकाता से बिहार जाने वाली एक बस के चालक राहुल कुमार पिता स्व: गणपत साव ने कोडरमा थाना में दिये आवेदन देकर कहा कि हम वाहन चला कर कोलकाता से बिहार जाते है। इसी दौरान स्टैंड के पास उनके वाहन को रोक कर 8–10 लोगों ने मारपीट किया तथा गले से सोने का चैन छीन लिया। बस को चलाने के लिए बतौर एक हजार रंगदारी मांगने देने का भी आरोप लगाया और कहा कि इस दौरान वे लोग बोल रहे थे कि पैसा नहीं दोगे तो मार फेंक देंगे। आवेदन में ठीकेदार राजकुमार यादव समेत अन्य पर मारपीट करने, रंगदारी मांगने, चैन की छीनने को लेकर थाना न्याय की गुहार लगायी है। ज्ञात हो कि इसके पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है। वहीं कोडरमा पुलिस दो बार छापेमारी कर कई लोगों को पकड़ कर जेल भेज चुकी है। जिसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा उक्त स्टैंड में सिफ्ट वाइज मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उसके बाद भी इस तरह की घटना कई सवालों को जन्म दें रही है।

## दीपावली को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें अलग–अलग क्लास के बच्चों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से सतरंगी छटा बिखेरी। इस दौरान विद्यालय परिसर में रामलीला कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें दिव्यांग श्रेष्ठ ने राम, प्रवीण कुमार ने रावण, अजीशा प्रिया ने सीता और प्रशांत कुमार ने लक्ष्मण की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अन्य छात्रों में काव्या पांडेय, आयशा, निधि राज, ओम शर्मा, मौसमी कुमारी, आरुषि, नित्या सिंह, विवान, गौरव सिंह, प्रत्यूषा शर्मा, दिव्यांश, सोनाक्षी, रूही, तृषा, आकांक्षा, श्रद्धा, मुस्कान आदि का योगदान रहा। इसे सफल बनाने में शिक्षिका कामिनी सहाय, सीमा जैन, अलका सिंह, विकास कुमार, सोम पॉल, कुंतल जेठवा, अनुष्का शर्मा, प्रियंका गुप्ता, लवली, सरोज पांडेय, स्वीटी सिन्हा, रूबी वर्मा, सुपर्णा डे, रेखा राणा, लता सिन्हा, पूजा अरोरा, प्रियंका सिंह, सपना शर्मा, प्रियंका मोदी, निशा , शीतल भारती और सिया प्रभाकर सक्रिय रहे। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सारा और कहा कि दीपावली का त्यौहार अधर्म पर धर्म, गंदगी पर सफाई और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व है। उन्होंने रामायण से राम के आदर्श को आत्मसात करते हुए उनके बताये रास्ते पर चलने की जरूर बताई। दूसरी और बोर्ड डेकोरेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अभिलाष सिंह, सुभय कुमार, संयुक्ता विद, निकिता सिंह, रणजीत सिंह, मनोज सिंह, राधा सिंह, अनमोल रतन, लवली, कामिनी सहाय, स्वीटी सिन्हा, सपना शर्मा, प्रियंका सिंह, प्रियंका मोदी और निशा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। मौके पर उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, कोऑर्डिनेटर आशुतोष गौतम, दीपक सर्राफ, शंकर कुमार, फैयाज केशर आदि मौजूद थे।


समस्त झारखंडवासियों को
धनतेरस, दीपावली
एवं
कालीपूजा
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
रमेश सिंह
प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा

# भारत ने ट्रंप को सही समय पर दिया जवाब

करीब 9 महीने के अपने कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई ऐसे दावे कर चुके हैं, जिनकी पुष्टि कभी हो नहीं पायी। अब उन्होंने दावा किया कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा और इसका भरोसा उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है। ट्रंप के इस दावे पर तुरंत स्पष्टीकरण की जरूरत थी और विदेश मंत्रालय ने ऐसा करके बिल्कुल सही किया।

**भारतीय जरूरत :** विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की तेल आयात नीति पूरी तरह से भारतीय उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रख कर बनायी जाती है। भारत की ऊर्जा नीति के दो मुख्य लक्ष्य हैं - स्थिर दाम और सुरक्षित सप्लाई।

**दबाव की कोशिश :** इस समय जब नयी दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है, तब ट्रंप का बयान भारत को आजमाने की कोशिश ज्यादा दिखता है। वह भारत पर लगातार दबाव डाल रहे हैं कि रूस के साथ तेल खरीदारी रोक दी जाये। हालांकि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि रूस के साथ व्यापारिक रिश्ता भारत की जरूरतों और हितों के अनुसार है।

**रूस से व्यापार :** भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। वह अपनी जरूरत का करीब 85% क्रूड ऑयल बाहर से खरीदता है। इसमें से 35-40% हिस्सा आता है रूस से। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक यह आंकड़ा केवल 1-2% था। ट्रंप को यही बात चुभ रही है। हालांकि अमेरिका की बाइडन सरकार ने ही भारत को रूस से तेल खरीदने को कहा था, ताकि इसकी कीमतें स्थिर रहें।

**भारत और रूस के बीच तेल की खरीद-फरोख्त केवल भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के बाजार के लिए अहम है। क्रूड ऑयल के ग्लोबल प्रॉडक्शन में रूस की हिस्सेदारी 11% है। इस समय उसके सबसे बड़े खरीदार दो देश हैं - भारत और चीन।**

**दुनिया के लिए अहम :** भारत और रूस के बीच तेल की खरीद-फरोख्त केवल भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के बाजार के लिए अहम है। क्रूड ऑयल के ग्लोबल प्रॉडक्शन में रूस की हिस्सेदारी 11% है। इस समय उसके सबसे बड़े खरीदार दो देश हैं - भारत और चीन। ये दोनों ही देश क्रूड ऑयल को रिफाइन करके फिर बाकी दुनिया में उसकी सप्लाई करते हैं। 5% हिस्सेदारी के साथ भारत ऑयल रिफाइनिंग में चौथे स्थान पर है।

**चीन के लिए मौका :** ट्रंप की बात मानते हुए अगर भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करता है, तो पूरी ऑयल सप्लाई चेन गड़बड़ा सकती है। अरब देशों के लिए रूसी तेल की कमी की भरपाई करना मुश्किल होगा। फिर कीमत का मसला भी फंसेगा। और यह भी हो सकता है कि भारत के हटने के बाद रूस से चीन ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दे, जो नई दिल्ली और वॉशिंगटन में से कोई भी नहीं चाहेगा। इसलिए इस मामले में भारत को अपने हितों से पीछे नहीं हटना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

वृद्ध भारतीय पहले से ही ऐसे तरीकों से योगदान दे रहे हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। भारत में दीर्घकालिक वृद्धावस्था अध्ययन के आंकड़े दर्शाते हैं कि 36% वरिष्ठ नागरिक मुख्यतः खेती, कारीगरी, छोटे व्यापार और देखभाल जैसी आर्थिक गतिविधियों में संलग्न रहते हैं। शहरी परिवारों में दादा-दादी बच्चों की देखभाल में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं, जिससे युवा माता-पिता काम कर पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धजन कृषि पद्धतियों, स्थानीय परंपराओं और सामाजिक मध्यस्थता के संरक्षक बने रहते हैं।

# वृद्धावस्थाः भारत की दीर्घायु को शक्ति में बदलना

**नितिन कुमार**



भारत आज जनसांख्यिकीय परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है। हालांकि देश अपेक्षाकृत युवा है, जिसकी औसत आयु मात्र 28 वर्ष है, फिर भी बुजुर्ग नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2031 तक, लगभग 19.4 करोड़ लोग 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के होंगे, और 2050 तक, हर पांच में से एक भारतीय बुजुर्ग होगा। यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन, घटती जन्म दर, प्रसवकालीन और शिशु मृत्यु दर में कमी, बेहतर पोषण, संक्रामक रोगों की प्रभावी रोकथाम और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण हो रहा है। यह बदलाव कुछ जरूरी सवाल खड़े करता हैः क्या बुढ़ापे को एक बोझ के रूप में देखा जाएगा, या क्या भारत सम्मानजनक बुढ़ापे के लिए परिस्थितियाँ विकसित कर सकता है, जहां लोग सम्मान, सुरक्षा और सक्रिय भागीदारी के साथ लंबा जीवन जी सकें?

**बुढ़ापा ताकत है, कमजोरी नहीं**

सुंदर वृद्धावस्था का अर्थ केवल जीवन में वर्षों को जोड़ना नहीं है, बल्कि वर्षों में जीवन को जोड़ना है। इसका अर्थ है यह सुनिश्चित करना कि वृद्ध व्यक्ति स्वस्थ, आर्थिक रूप से सुरक्षित, सामाजिक रूप से सक्रिय और समाज के सम्मानित सदस्य बने रहें। विश्व स्तर पर, वृद्धावस्था को एक अवसर के रूप में मान्यता दी गई है। वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना (1982) ने सरकारों से वृद्ध व्यक्तियों को राष्ट्रीय विकास रणनीतियों में शामिल करने का आग्रह किया। दो दशक बाद, मैड्रिड अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना (2002) ने सभी आयु वर्गों के लिए समाज के निर्माण का आह्वान किया, जिसमें वृद्धों की भागीदारी, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर जोर दिया गया। ये प्राथमिकताएं सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं, जो स्वस्थ वृद्धावस्था को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता और असमानताओं को कम करने के केंद्र में रखते हैं। ये ढांचे मार्गदर्शन और तात्कालिकता दोनों प्रदान करते हैं।

**भारत को अपने बुजुर्गों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सशक्तिकरण को अपनाना होगा।**

वृद्धावस्था को अक्सर गिरावट के संदर्भ में देखा जाता है, जो निर्भरता अनुपात, बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत और घटती उत्पादकता जैसी चिंताओं में परिलक्षित होती है। फिर भी, लंबा जीवन मानव प्रगति का प्रमाण है। 1947 में, भारत में जीवन प्रत्याशा केवल 32 वर्ष थी; आज यह दोगुनी से भी अधिक बढ़कर लगभग 70 वर्ष हो गयी है। जीवन के इन अतिरिक्त दशकों को बोझ के रूप में नहीं, बल्कि परिवारों, समुदायों और भारत के विकास में वृद्धों की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

वृद्ध भारतीय पहले से ही ऐसे तरीकों से योगदान दे रहे हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। भारत में दीर्घकालिक वृद्धावस्था अध्ययन के आंकड़े दर्शाते हैं कि 36% वरिष्ठ नागरिक मुख्यतः खेती, कारीगरी, छोटे व्यापार और देखभाल जैसी आर्थिक गतिविधियों में संलग्न रहते हैं। शहरी परिवारों में दादा-दादी बच्चों की देखभाल में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं, जिससे युवा माता-पिता काम कर पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धजन कृषि पद्धतियों, स्थानीय परंपराओं और सामाजिक मध्यस्थता के संरक्षक बने रहते हैं। उनका संचित ज्ञान और अनुभव सामाजिक पूंजी का एक भंडार बनता है जो पीढ़ियों के बीच के बंधनों को मजबूत करता है।

भारत की अपनी सांस्कृतिक परंपराएं इन वैश्विक प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं। बुजुर्गों का सम्मान लंबे समय से भारतीय सामाजिक जीवन का आधार रहा है। फिर भी, आधुनिकीकरण, प्रवासन, आर्थिक विकास के साथ बदलते सामाजिक मूल्यों और दृष्टिकोणों और एकल परिवारों के उदय के दबाव ने इन बंधनों को कमजोर कर दिया है। 2022 में हेल्पएज इंडिया के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग आधे बुजुर्गों ने उपेक्षा या दुर्व्यवहार की बात कही, अक्सर अपने ही परिवारों में। एलएएसआई के आंकड़े आगे बताते हैं कि केवल 19.7% बुजुर्ग पुरुषों और 16.9% बुजुर्ग महिलाओं के पास स्वास्थ्य बीमा है, जिससे कई लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

**स्वस्थ और सम्मानजनक वृद्धावस्था के लिए परिस्थितियां बनाना :** वृद्धावस्था को सुंदर बनाने के लिए भारत को तीन परस्पर संबद्ध स्तंभों को मजबूत करना होगाः स्वास्थ्य सेवा, आर्थिक सुरक्षा और सशक्तिकरण।

स्वास्थ्य ही आधार है। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 70% से ज्यादा बुजुर्ग हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या गठिया जैसी कम से कम एक पुरानी बीमारी से ग्रस्त हैं। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी उतनी ही गंभीर हैं, जहां पांच में से एक से ज्यादा में अवसाद के लक्षण दिखाई देते हैं। फिर भी, भारत में वृद्धावस्था देखभाल अभी भी सीमित है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत कुछ वृद्धावस्था वार्ड और आउटरीच सेवाएं स्थापित की गयीं, लेकिन इनका दायरा अभी भी अधूरा है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को वृद्धावस्था सेवाओं से मजबूत बनाना, निवारक देखभाल का विस्तार करना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता में निवेश करना महत्वपूर्ण कदम हैं। टेलीमेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयां भी कम सुविधा वाले क्षेत्रों तक सेवाएं पहुंचा सकती हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा अधिक समावेशी बन सकती है।

**आर्थिक सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी**

भारत के लगभग 90% कार्यबल ने अपना जीवन अनौपचारिक क्षेत्र में बिताया है, बिना पेंशन या सेवानिवृत्ति बचत के। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम कुछ सहायता प्रदान करता है, लेकिन पेंशन की राशि कम और अक्सर अपर्याप्त रहती है। अपने पति से अधिक जीवित रहने वाली वृद्ध महिलाओं को अक्सर विधवापन, वित्तीय असुरक्षा और सबसे बढ़कर लंबे समय तक अस्वस्थता के रूप में तिहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था में स्वतंत्रता और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पेंशन कवरेज का विस्तार, लाभ स्तर में वृद्धि, वरिष्ठ-अनुकूल वित्तीय उत्पाद और बीमा योजनाएं बनाना आवश्यक है। आर्थिक सशक्तिकरण न केवल वृद्धों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें समाज में सक्रिय योगदानकर्ता बने रहने में भी सक्षम बनाता है।

भारत को अपने बुजुर्गों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सशक्तिकरण को अपनाना होगा। राष्ट्रीय वृद्धजन नीति (1999) और माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम (2007) जैसी नीतियों ने मुख्यतः कल्याण और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया है। महत्वपूर्ण होते हुए भी, इन्हें सक्रिय वृद्धावस्था की ओर विकसित किया जाना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों को देखभाल के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास में भागीदार के रूप में देखा जाना चाहिए। लचीली कार्य व्यवस्थाएँ, सामुदायिक केंद्र, स्वयंसेवी नेटवर्क और आजीवन शिक्षण कार्यक्रम वृद्ध व्यक्तियों को जुड़े रहने में मदद कर सकते हैं। यदि तकनीक को उम्र के अनुकूल बनाया जाये, तो यह भी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती है, जिससे वरिष्ठ नागरिक जुड़े रह सकें, नए कौशल सीख सकें और यहाँ तक कि आय के नए अवसर भी तलाश सकें।

अंतर्राष्ट्रीय ढांचे उपयोगी दिशा प्रदान करते हैं। मैड्रिड कार्य योजना (2002) ने तीन प्राथमिकताओं की पहचान कीः वृद्धजनों को विकास से जोड़ना, उनके स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना, और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना। ये सिद्धांत आज भारत की आवश्यकताओं के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। राष्ट्रीय रणनीतियों को वैश्विक प्रतिबद्धताओं के साथ जोड़कर, भारत एक ऐसा सुंदर वृद्धावस्था मॉडल तैयार कर सकता है जो स्थानीय स्तर पर भी प्रासंगिक हो और वैश्विक स्तर पर भी प्रासंगिक हो।

अंततः, सामाजिक दृष्टिकोणों में बदलाव लाना होगा। आयुवाद और रूढ़िवादिता को सक्रिय रूप से चुनौती दी जानी चाहिए, साथ ही अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। परिवारों, समुदायों और नागरिक समाज को यह समझना होगा कि वृद्धावस्था केवल क्षय का नाम नहीं है, बल्कि निरंतर योगदान का भी नाम है। जैसा कि सतत विकास लक्ष्य हमें याद दिलाते हैं, विकास में बुजुर्गों सहित किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना चाहिए ।

**(लेखक भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में, अनुसंधान सहायक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## विधायक पूर्णिमा साहू ने दीयों की खरीदारी कर दिया 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने शुक्रवार को बाराद्वारी स्थित कुम्हारपारा पहुंचकर स्थानीय कुम्हारों से मुलाकात की और मिट्टी के दीयों एवं सजावटी सामानों की खरीदारी की। उन्होंने खुद चाक पर दीये बनाकर वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की दीपावली में मिट्टी के दीयों से घर सजायें और कुम्हारों के घरों में खुशियां फैलायें।

## अर्पण परिवार ने बांटी दीपावली की खुशियां



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव में अर्पण परिवार ने दीपावली के मौके पर सेवा कार्य करते हुए ग्रामीणों के बीच पूजन सामग्री, दीये, मिठाई, कपड़े और पटाखे वितरित किए। इस पहल से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा टीम अर्पण जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला रही है, जिसकी जितनी सराहना की जाए, वह कम है।मौके पर जूगुन पांडे, बिभाष मजुमदार, प्रिन्स सिंह, घनश्याम भिरभरिया, और अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अर्पण परिवार ने समाज सेवा के इस कार्य को भविष्य में और व्यापक रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## बहरागोड़ा में बाइक से गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बाइक से गांजा की तस्करी कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 5 किलोग्राम गांजा, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया।शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया गुरुवार सुबह जामशोला मुख्य मार्ग पर गुप्त सूचना के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया गया था। इसी दौरान दो युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुरामारा बांगरीपोसी के प्रहलाद पूर्ति और असना ओडिशा के रामचंद्र गिरी शामिल है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।छापेमारी टीम में घाटशिला एसडीओ, सीओ राजाराम सिंह मुंडा, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, एसआई राहुल कुमार, एएसआई ओम शरण और शुभकांत लकड़ा शामिल रहे।

## डीसी लाउंज में रॉड से हमला का आरोपी गिरफ्तार

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिष्टूपुर थाना क्षेत्र के डीसी लाउंज सैलून में रॉड से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी मो. मुस्ताक गद्दी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने मामले की जानकारी दी।पुलिस के अनुसार घटना 13 अक्टूबर की शाम 6 बजे की है। जब मुस्ताक ने अपने भतीजे का विवाद सैलून कर्मियों से होने के बाद बदला लेने की नीयत से सैलून में घुसकर लोहे की रॉड से हमला किया।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कर उसे पकड़ा गया। आरोपी रामदास भट्ठा ग्वाला बस्ती का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से हमले में प्रयुक्त रॉड भी बरामद कर लिया गया।

# मनोहरपुर आरपीएफ ने बोगी ब्रेकर गिरोह का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर रेलवे सुरक्षा बल ने रेल संपत्ति की चोरी में संलिप्त एक शातिर बोगी ब्रेकर गिरोह का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है।आरपीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए चक्रधरपुर रेल मंडल के महादेवशाल और गोईलकेरा स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी से चोरी की भारी मात्रा में चावल जब्त किया। छापेमारी मध्यरात्रि के बीच की गई। आरपीएफ ने मौके पर 101 बोरी चावल, तीन टाटा मैजिक वाहन (संख्या जेएच-05एएन-8221, जेएच-155वाइ-3474, और जेएच-01एबी-0941) और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।सूत्रों के मुताबिक गिरोह के सदस्यों ने मालगाड़ी के एंगलक्रेक से छेड़छाड़ कर उसे रोका, जिससे चावल लदी बीसीएन रेक महादेवशाल स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर दूर रुक गई। इस दौरान गिरोह ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि दबिश के दौरान कुछ आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।

आरपीएफ प्रभारी आरके पांडे के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपी चक्रधरपुर क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों सर गहन पूछताछ के बाद गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश जारी है। वही रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर जांच और निगरानी व्यवस्था कड़ी कर दी गयी।

## शव के साथ प्रदर्शन 7 लाख मुआवजा और नौकरी पर बनी सहमति

आदित्यपुर। औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटो प्रोफाइल यूनिट-3 के बाहर सड़क दुर्घटना में मृत शांतनु बेहरा के परिजनों ने शव को रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने 15 लाख मुआवजा और एक नौकरी की मांग की थी। समाजसेवियों के हस्तक्षेप के बाद कंपनी प्रबंधन ने 7 लाख रुपये मुआवजा व मृतक के बेटे को नौकरी देने पर सहमति जताई। समझौते के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## ट्रेन से कट कर युवक की मौत

आदित्यपुर।आदित्यपुर स्थित शर्मा बस्ती के समीप रेल पटरी पर एक हृदयविदारक हादसा हुआ, जिसमें एक 22 वर्षीय युवक सूरज शेख की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। मृतक मुर्शिदाबाद का रहने वाला था और इन दिनों अपने परिवार के साथ आदित्यपुर में रह रहा था।प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज कुमार का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह घर से अचानक बिना बताए बाहर निकल गया था।

## सरायकेला-खरसावां को मिला राष्ट्रीय सम्मान जनजातीय विकास की पहल को मिली पहचान



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले को आदि कर्मयोगी अभियान और धरती आबा जनभागीदारी अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान जिले में की गई नवाचारी पहलों, समावेशी जनजातीय विकास और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रदान किया गया।इस अवसर पर झारखंड के अन्य जिले पाकुड़, जामताड़ा, सिमडेगा और लोहरदगा को भी समान अभियानों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।मौके पर सरायकेला खरसावां जिले में जनजातीय सशक्तिकरण, भागीदारी आधारित विकास मॉडल, और कर्मठ प्रशासनिक प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व की बात बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

## पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**गुवा (आजाद सिपाही)।** रोबड़ोसई में ग्रामीणों की मांग पर पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष चंद्र मोहन गोप भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया।बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, हर घर नल, जीवन ज्योति बीमा व मुद्रा लोन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद गीता कोड़ा, प्रखंड अध्यक्ष चंद्र मोहन गोप, कोटगढ़ पंचायत मुखिया बामिया चंपिया और पूर्व मुखिया रानी तिरिया ने संबोधित किया।

## कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान



जगन्नाथपुर (आजाद सिपाही)। जगन्नाथपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विधायक सह उप मुख्य सचेतक सोनाराम सिंकु और पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ललित कुमार दोहराईबुरु ने की।मौके पर पश्चिमी सिंहभूम जिला के कई प्रखंड अध्यक्ष, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता से जुड़ने का आह्वान किया।मौके पर मंजीत प्रधान, शैलेश गोप, सुखलाल हेम्ब्रम, दिकु सवैयाँ, सिकुर गोप, सोनाराम कोड़ा, जय प्रकाश लागुरी, मायाधर बेहरा, बिपिन सिंकु, हसलुद्दीन खान, आफताब आलम, सुश्री लक्ष्मी केराई, सनमति सुण्डी, सावित्री जेराई, सुकमति पूर्ति शामिल रहे।

## सबूज संघ के काली पूजा पंडाल का उद्घाटन आज

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सोनारी ईस्ट स्थित श्री श्री काली पूजा समिति द्वारा सबूज संघ की 60वीं काली पूजा का आयोजन 19 अक्टूबर से किया जा रहा है। इसका उद्घाटन संध्या 7:30 बजे सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक सरयू राय संयुक्त रूप से करेंगे।संघ के अध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया उद्योगपति दिलीप गोयल व अभिषेक भालोटिया विशिष्ट अतिथि होंगे। पूजा 19 से 24 अक्टूबर तक चलेगी। 20 को रातभर काली पूजा, 21 को पुष्पांजलि व भोग वितरण और 24 को प्रतिमा विसर्जन स्वर्णरेखा घाट में होगा।मेले में वाद-विवाद, खेलकूद व सांस्कृतिक संध्या सहित कई कार्यक्रम होंगे। चेयरमैन आरके शाही और सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

## जयप्रकाश उद्यान पथ निर्माण को लेकर आमसभा



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। जयप्रकाश उद्यान में स्थानीय निवासियों ने आम सभा आयोजित कर टाटा-कांड्रा मुख्य सड़क से लक्ष अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण की मांग उठाई। शुक्रवार को सभा में आदित्यपुर नगर निगम के कनीय अभियंता राहुल कुमार भी उपस्थित रहे। निवासियों ने आरोप लगाया आठ वर्षों से प्रयास के बावजूद वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद भी नगर निगम की लापरवाही के कारण टेंडर रद्द हो गया।सभा में सर्वसम्मति से सड़क निर्माण के लिए प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की गई। मंजू देवी को सचिव नियुक्त किया गया।

## नोवामुंडी में अवैध लौह अयस्क खनन मधु कोड़ा ने की कार्रवाई की मांग

चाईबासा (आजाद सिपाही)। नोवामुंडी थाना क्षेत्र में अवैध लौह अयस्क खनन का मामला सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने थाना पहुंचकर प्रशासन पर खनन माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया 13-14 अक्टूबर की रात पकड़े गए अवैध उत्खनन मामले में अब तक कोई केस दर्ज नहीं हुआ है। कोड़ा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जन आंदोलन छेड़ेंगे।

## पर्यावरणीय संतुलन बनायें रखने के लिए सभी जरूरी उपाय किये जायेंगे : प्रबंधन




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल द्वारा प्रस्तावित बरका सयाल क्षेत्र के न्यू बिरसा कोल परियोजना के संबंध में पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए पोटंगा पारगढ़ा फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता एल आर डीसी राजकिशोर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण परिषद द्वारा आमंत्रित प्रदुषण नियंत्रण विभाग रांची मुख्यालय कुंदन दास, क्षेत्रीय कार्यालय प्रदुषण नियंत्रण परिषद हजारीबाग सहायक पर्यावरण अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव, बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा पीओ सुबोध कुमार, मैनेजर बिरसा राजेश प्रियदर्शी, क्षेत्रीय पर्यावरण पदाधिकारी रमन नीतेश, उप प्रबंधक पर्यावरण राजीव कुमार, बिरसा पर्यावरण पदाधिकारी उपस्थित रहें। यह परियोजना 504 .14 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली होगी और अनुमानित 4 .57 मिलियन टन से 6 मिलियन टन वार्षिक कोयला उत्पादन क्षमता रखती है। इस अवसर पर परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों और पुनर्वास नीति पर चर्चा की गयी। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रोजगार, मुआवजा और विस्थापन से संबंधित अपनी बातें रखीं। वहीं सीसीएल और पर्यावरण के पदाधिकारीयों ने बताया कि परियोजना के तहत पर्यावरणीय संतुलन बनायें रखने के लिए सभी जरूरी उपाय किये जायेंगे। कार्यक्रम में मौजूद विस्थापित ग्रामीण विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, संजय करमाली, सूरज बेसरा, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, पंसस बभनी देवी, उपमुखिया रविंद्र सोरेन, मोहन सोरेन, तालो बेसरा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, जीतन मुंडा, नकुल प्रजापति, सुरेश मुर्मू, महादेव सोरेन, अकल मुंडा, बिनोद हेंब्रम, गिरधारी प्रजापति, राजेन्द्र गंझू, कामेश्वर मुंडा, मुकुंद मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्रामीणों की मांग पूरी होने तक निर्माण कार्य बंद रखे : सांसद



**गोला (आजाद सिपाही)।** बरियातू में गोला चारू भारत माला पथ निर्माण कंपनी ओर एन एच आई के संबंधित अधिकारियों के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित वार्ता की। ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष निर्माण कंपनी और एन एच आई द्वारा किये गये मनमानी ढंग से कम और लोगों के आने जाने वाले सड़क बाधित करने, पुल निर्माण की मांग और कंपनी के कार्य की गुणवत्ता और ग्रामीणों के बकाया राशि भुगतान की बात रखी। सांसद ने निर्देश दिया कि जब तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं की जाती है तब तक सड़क निर्माण कार्य को बंद रखें। मौके पर समाजसेवी चंद्रशेखर महतो, सुनील राज चक्रवर्ती, देवचरण महतो चरण मुंडा, भवानी महतो, सेवकी महतो, हीरा प्रमाणित, गणेश महतो, रामलोचन महतो, सगाणु महतो, रामचरण महतो, देवकी महतो, लगन मुंडा, महेंद्र मुंडा, सुनील कुमार महतो, कृपाल महतो, देवपाल महतो, मनोज महतो, ताजो देवी, फुल्की देवी, पार्वती देवी, संजो देवी, अनीता देवी आदि थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया सराढू पुल का निरीक्षण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सांसद के सीसीएल प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटु सिंह ने सराढू पुल का निरीक्षण किया, इस दौरान पुल में हो रही लगातार घटनाओं की जानकारी ग्रामीणों से ली, ग्रामीणों ने बताया कि पुल में रैलिंग नही होने के कारण आए दिन पुल के नीचे वाहन गिर जाते है, जिसपर सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि फिलहाल पूल में रेलिंग लगाने का काम किया जायेगा, चतरा सांसद द्वारा नये पुल निर्माण को लेकर सरकार से पत्राचार भी किया जायेगा, उन्होंने बताया कि उक्त पुल में हो रही दुर्घटना को देखते हुए सांसद द्वारा उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत होने के लिए भेजा गया है, पूरी स्थिति से सांसद को अवगत कराया जायेगा, गौरतलब है कि गुरुवार अहले सुबह पुल में बाइक सहित गिरने से एक मजदूर की मौत हो गयी थी, ग्रामीणों ने सांसद ने प्रतिनिधि से सराढू शिव मंदिर में विवाह मंडप बनाने का भी आग्रह किया, मौके पर रवि सिंह, अशोक सिंह, धन्नजय सिंह, प्रताप रंजन, विपिन सिंह, टिंकु सिंह, बीरेंद्र सिंह, बिनोद यादव, सुरेश साव, शक्ति सिंह, आदर्श कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## खरिका में एक दीया शहीदों के नाम से वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** दीवाली से पूर्व गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के धनगड्डा पंचायत के खरिका गांव में एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया संघ जिलाध्यक्ष सह धनगड्डा मुखिया अरविंद सिंह ने किया। इस दौरान शहीद बैजनाथ सिंह,राम कुमार सिंह के परिजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद स्मारक में दीया जलाकर किया गया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अंरविद सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम धनगड्डा पंचायत की एक पहचान बन गयी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी को जानने का मौका मिलता है कि किस तरह हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद समेत अन्य क्रांतिकारी युवाओं ने अपना प्राण न्योछावर कर दिया था। ऐसे कार्यक्रमों से उन वीर शहीदों को एक साथ श्रद्धांजलि देने का मौका मिलता है। वहीं भाजपा नेता प्रमोद सिंह ने कहा कि जब जब देश पर मुसीबत आती है तो 130 करोड़ लोगों की सुरक्षा के लिए उस मुसीबत से लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी हमारे सैनिकों की ही होती है। उन्होंने कहा धनगड्डा पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह के द्वारा एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन हमारे लिए सम्मान की बात है। इस मौके पर जीवन राम, अभिषेक राज, अरूण सिह, भगवत साव, लखन पाल, एसआई नॉमिनी सिंह, मो मुस्तफा, मो आलम, उपकार सिंह, मो मुनाजिर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डयूटी से कम पैसे मिलने पर भड़का सिक्योरिटी गार्ड

# कुल्हाड़ी से साथी की कर दी हत्या



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के पंचवटी प्लाजा के पास निर्माणाधीन अपार्टमेंट में बुधवार की देर रात एसएआइ कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड अचानक से अपने साथी पर भड़क गया। उसने नशे की हालत में ही कुल्हाड़ी से वार कर अपने साथी की हत्या कर दी। मृतक की पहचान बाजार समिति निवासी सुनील सिंह के रूप में हुई है। इस हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा एसएआई सिक्योरिटी गार्ड शंकर महतो खुद रामगढ़ थाने पहुंचा और उसने आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे सदलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार शंकर महतो रजरप्पा थाना क्षेत्र के बहातु जमीरा गांव का रहने वाला है।

**अक्सर तू-तू- मैं-मैं बदल जाती थी बातचीत :** दोनों रात में साथ ड्यूटी करते थे। लेकिन दोनों के बीच होने वाली बातचीत अक्सर तू-तू मैं-मैं बदल जाती थी। बुधवार की रात 11:00 बजे शंकर महतो नशे में घुत्त था। जब सुनील सिंह के साथ तू-तू मैं-मैं शुरू हुआ तो वह गुस्से से भर गया। गुस्सा इतना अधिक था कि उसने पास पड़ी कुल्हाड़ी उठाई और सीधे सुनील सिंह पर वार कर दिया। चोट इतनी गहरी थी कि सुनील सिंह की मौत हो गयी।

**हत्या करने के बाद हुआ गलती का अहसास :** शंकर महतो को जल्द ही एहसास हो गया कि उससे बहुत बड़ी गलती हो गयी है। नशे में धुत होने के बावजूद उसे यह पता चल गया कि उसके वार से सुनील सिंह की मौत हो गयी। उसने सुनील सिंह को कई बार उठाने की भी कोशिश की। लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद वह अपनी साइकिल उठाकर सीधे रामगढ़ थाने पहुंचा। उसने पुलिस को पूरा वाक्या बताया। साथ ही कहा कि वह जिस साइकिल से थाने पहुंचा है, वह उसके बेटे को दे दिया जाये।

### वारदात के बाद साइकिल से थाने पहुंचा हत्यारा

सुनील सिंह की हत्या करने के बाद शंकर महतो जरा भी घबराया नहीं। उसने कुल्हाड़ी को अपने कमरे में ही छोड़ दिया और साइकिल उठाकर सीधे रामगढ़ थाने पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने सहयोगी सुरक्षा गार्ड सुनील सिंह की हत्या कर दी है।

### हत्या के पीछे की शंकर ने बतायी वजह

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि शंकर महतो ने अपने गुस्से का कारण भी बताया है। उसने कहा कि उससे जितना काम कराया जाता था, उसके एवज में मिलने वाली रकम कम थी। इसके अलावा सुनील सिंह अक्सर मालिक से उसकी शिकायत करता था। जिसकी वजह से उसे डांट भी पड़ती थी। बुधवार को भी सुनील सिंह के द्वारा ऐसी ही हरकतें की गयी थी। रात में शंकर महतो ने शराब पी और नशे की हालत में सुनील सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसने कनपटी पर कई बार वार किया, जिससे घटनास्थल पर ही सुनील सिंह की मौत हो गयी।

### पिछले तीन दिनों से चल रहा था विवाद

शहर के पंचवटी प्लाजा के पास निर्माणाधीन अपार्टमेंट में दो सिक्योरिटी गार्ड के बीच पिछले तीन दिनों से विवाद चल रहा था। शंकर महतो और सुनील सिंह के बीच तनाव की स्थिति के कारण अपार्टमेंट का बिल्डर भी परेशान था। कई बार शंकर महतो की शिकायत भी उस तक पहुंची थी। शंकर अक्सर अपने तनख्वाह को लेकर परेशान रहता था। उसे हमेशा ऐसा लगता था कि वह जितनी देर काम करता है, उसके उसे अधिक पैसे मिलने चाहिए थे। लेकिन उसे बिल्डर की तरफ से कम पैसे मिल रहे थे। शंकर महतो अक्सर कम पैसे मिलने को लेकर सुनील सिंह को जिम्मेदार ठहरता था।

## पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए एसपी

# किसी व्यक्ति के साथ थाने में नहीं हो दुर्व्यवहार : एसपी

**बैरक की मरम्मत, मेस की व्यवस्था से लेकर व्यक्तिगत समस्याओं पर गंभीर दिखे एसपी**

**रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन, 22 यूनिट रक्त हुआ संग्रह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को एसपी अजय कुमार ने पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। पुलिस सभा में उन्होंने थाना, बैरक, मेस, प्रमोशन से लेकर व्यक्तिगत समस्याओं पर भी गंभीरता पूर्वक विचार किया। उन्होंने कहा कि कई थानों की चारदिवारी करनी है। बैरक का भी मरम्मत बेहद जरूरी है। एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में सभी थाना प्रभारी बेहद संवेदनशीलता से काम कर रहे हैं। अभाव के बावजूद बेहतर काम कर अपराध पर अंकुश लगा रहे हैं। एसपी अजय कुमार ने कहा कि त्योहारों का समय है। इस समय छुट्टियों को लेकर भी समस्या रहती है। लेकिन सामंजस्य से बिठाकर विधि व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस पदाधिकारियों की व्यक्तिगत कई समस्याओं पर भी एसपी गंभीर दिखे।

एसपी अजय कुमार ने पुलिस सभा के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारियों, मुंशी और सिपाहियों को पुलिस की छवि बदलने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस की नकारात्मक छवि के कारण आम नागरिक पुलिस से सीधा संवाद करने में डरते हैं। कोई भी व्यक्ति अगर अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचता है, तो उसके साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। बुजुर्ग और महिलाओं को बेहद शालीनता से बिठाकर, उनकी समस्या सुनाई है। पुलिस की बेहतर छवि ही विधि व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगी।

पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी और कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य मिले इसे लेकर शुक्रवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, प्रशिक्षु डीएसपी फौजन अहमद, सार्जेंट मेजर मंटू यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे, मांडू आंचल पुलिस निरीक्षक रजत कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, गोला पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, क्राइम रीडर गोपेश्वर तिवारी, मेजर सन्नी कच्छप, लाइन बाबू राजीव रंजन, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सचिव अनंत सिंह, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष करण यादव, लव कुश मेहता सहित कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।






### 22 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

इस दौरान शिविर में डॉ उदय श्रीवास्तव के नेतृत्व में डॉ नेशात अहमद, डॉ डोली, डॉ राजेश कश्यप एक उनकी टीम की देख रेख में 22 पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों का संग्रह किया गया।

## सांकुल गांव में काली पूजा समिति गठित, संदीप कुमार राम बने अध्यक्ष और राजा कुमार सचिव

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव में काली पूजा मानने को लेकर गांव के ही ठाकुरबाड़ी परिसर में गुरुवार की देर शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष संदीप कुमार राम को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, सचिव राजा कुमार, सह सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष बादल कुमार, सह कोषाध्यक्ष सिद्धांत कुमार को बनाया गया। इसके साथ ही सतीश साव, हरिशंकर साव, नटराज यादव, आनंद कुमार मिश्र, अजय कुमार मिश्र, अंकु कुमार, रोनित, सिद्धांत कुमार, आलोक राम, पीयूष ठाकुर, इंद्रदेव राम, आशीष ठाकुर, श्याम करमाली, अंकित सिंह, सागर कुमार आदि को भी कई जिम्मेवारी सौंपी गयी।

## दिव्यांगों को मिला सहायक उपकरण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** एलएमको संस्था ने रतवे, छोटकीडूंडी और करमा पंचायत के 40 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित की। इस अवसर पर संस्था के मुकेश खरवार और प्रमिला देवी ने बताया कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगता सशक्तिकरण विभाग के एडिप योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के दिव्यांगो को लगातार नि:शुल्क सहायता सामग्री दी जा रही है। इस बीच नामकुम में लाभुकों को कपबोर्ड, व्हीलचेयर, कमर बेल्ट, घुटने का बेल्ट, ट्राइपॉड, छड़ी, कमर कुशन, गद्दा सामग्री उपलब्ध कराया गया है। उपकरण प्राप्त करने वालो में पुसन महतो, विजय महतो, लोकनाथ महतो, रजल महतो, फूलचंद महतो, दौलत महतो समेत कई शामिल रहे।

# टीएसपीसी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर कुणाल और रोहनी गंझू ने किया आत्मसमर्पण

**रोहनी ने एक एसएलआर रायफल और 82 जिंदा कारतूस और कुणाल ने एक सेमी राइफल और 103 राउंड जिंदा कारतूस के साथ किया आत्मसमर्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चतरा।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में कक्ष में बोकारो प्रक्षेत्र के आइजी सुनील भास्कर के समक्ष नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो नक्सली कमांडरों ने अपने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों नक्सली कमांडर एक -एक लाख का इनामी था। नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर कुलदीप गंझू उर्फ पत्थर उर्फ कुणाल तथा रोहनी गंझू उर्फ रोहनी सिंह उर्फ उर्फ रोहिनी पाहन उर्फ पाहन ने शुक्रवार को चतरा पुलिस के समक्ष अपने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। नक्सली कमांडर रोहनी ने एक एस एल आर रायफल और 82 जिन्दा कारतूस और कुलदीप गंझू ने अपने हथियार एक सेमी राइफल तथा 103 राउंड जिंदा कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया है। चतरा जिला के कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा गांव निवासी स्व सबुनी गंझू का पुत्र नक्सली कुणाल के विरुद्ध चतरा और पलामू क्षेत्र में 16 और कुंदा थाना क्षेत्र के कोजरम गांव निवासी पृथ्वी गंझू का पुत्र रोहनी के विरुद्ध 10 से अधिक मामले दर्ज हैं। यह चतरा पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने नक्सली कुणाल को सरेंडर कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया था। पुलिस अधीक्षक की बातों से सहमत होकर नक्सलियों ने हथियार डालने का मन बनाया। झारखंड सरकार द्वारा आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति नई दिशा के तहत मौके पर दोनों नक्सली कमांडरों को एक - एक लाख रुपये का चेक सौंपा गया और इस योजना के तहत मिलने वाले अन्य सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर, उपायुक्त कीर्ति, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम की तैयारी पूरी, भव्य शोभायात्रा निकलेगी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम की तैयारी में जुटे समाज ले लोगों ने प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ा है। कार्यक्रम जिला मैदान से शुरू होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में जाकर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम में झारखंड ही नहीं पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भी हजारों लोग अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ 'बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच' के आह्वान पे 'सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा' में शामिल होने के लिए रामगढ़ पहुंचेगें। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम के भव्य तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोग शहर के जिला मैदान में जुटेंगे। वहां से सुबह 10 बजे शोभायात्रा के रूप में चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, ब्लॉक चौक होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में पहुंचेगी। यहां बरदखुंटा कार्यक्रम किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक हजार वालंटियर तैनात रहेंगे। बताया कि आयोजन की सफलता और नियंत्रण के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जगह-जगह पर वालंटियर तैनात रहेंगे। पानी की व्यवस्था के साथ-साथ एंबुलेंस सहित मेडिकल टीम भी साथ में रहेगी। दूसरे राज्य से आने वाले कला प्रेमियों को रहने की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम में दो हजार से अधिक ढोल - नगाड़े व पांच सौ चांचइर की टीमें भाग लेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ओम प्रकाश महतो, द्वारिका प्रसाद, अनिकेत ओहदार, संतोष टिड्डआर, नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, महेश कुमार निगम, आनंद केटियार, देवानंद महतो, मुनीनाथ महतो, रमेश कुमार महतो, सूरज कुमार, बिनोद कुमार, धनंजय महतो आदि पूरी तन्मयता से जुटे हैं।

## विज्ञान और गणित मेला का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर घंघरी में आज विज्ञान और गणित मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा वङ्क्ष् से लेकर अष्टम तक के बच्चों ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चे अत्यंत उत्सुक दिखे, और विज्ञान के विभिन्न टॉपिक पर उन्होंने मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में कुल 80 मॉडल प्रस्तुत किये गये जिसमें लगभग 220 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को तीन खंड में रखा गया था। खंड अ में कक्षा 6 से 8 तक खंड ब में कक्षा 2 से 5 तक खंड स में कक्षा यूकेजी और 1 तक के बच्चों को रखा गया था। जिनका मूल्यांकन हंटरगंज के डॉ. पंकज सिंह, अभिभावक अमृतेश वर्मा और विद्यालय के विज्ञान और गणित के शिक्षक पवन, शुभम, उत्तम, रवि, सोनू, और प्रधानाचार्य अजीत गुप्ता व निदेशक अंबुज गुप्ता ने किया। प्रदर्शनी में खंड अ से कक्षा 8 के सनी, रवि, अमन ने प्रथम स्थान, कक्षा 8 के राहुल, शनि और रॉकी ने द्वितीय स्थान और कक्षा 8 के लक्की रंजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड ब से कक्षा 5 के तहसीन, रिया, रितिका प्रथम स्थान, कक्षा 2अ के रिंकी,राधिका, अनीशा ने द्वितीय स्थान कक्षा 4 के साक्षी, मीरा, शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड स से कक्षा 1अ के राजेश, आयुष प्रथम, कक्षा यूकेजीइ के सोमकिशन द्वितीय स्थान, व कक्षा 1इ के गौरव, रिशु, वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और मेडल से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार गुप्ता ने विज्ञान और गणित विषय के परस्पर महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय को क्रियाकलाप के माध्यम से सरलता से समझाया जा सकता है। विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों में कल्पना शक्ति, सृजनात्मक कौशल, और वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान मेला के प्रमुख उत्तम व पवन , अन्य शिक्षक शेखर, प्रिया, रौशन आरा, राखी, राहुल और गौरव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नशा उन्नमूलन को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव द्वारा नशा उन्मूलन को लेकर बेदौली गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। उपस्थित लोगों से तंबाकू, सिगरेट, शराब सहित अन्य नशीली वस्तु केसेवन करने से होने वाला नुकसान के बारे बताया गया। खाशकर तंबाकू और सिगरेट सेवन से होने वाले कैंसर सहित अन्य घातक और जानलेवा विमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। वहीं शराब के सेवन से लिवर, किडनी से संबंधित होने वाले बीमारियों के बारे में बताया गया। साथ में नालसा से संबंधित टोल फ्री नंबर15100 की जानकारी दिया गया। चाइल्डलाइन हेल्प नंबर 1098 और पुलिस सहायता के लिए 112 और एंबुलेंस के लिए 108न. पर डायल कर तत्काल लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

## स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक दीपावली के अवसर पर अनमोल बचपन प्ले स्कूल में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा चार तक के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। बच्चों ने अपनी छोटी-छोटी हथेलियों और कल्पनाशक्ति से एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली डिजाइन तैयार की। रंग-बिरंगे रंगों से सजी इन रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह, अनुभव और खुशी देखने लायक थी। साथ ही नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट वर्क के तहत रंग-बिरंगे पेपर से दीपक की सुंदर आकृतियां भी बनाई, जिससे उनका उत्सव के प्रति लगाव झलक उठा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि दिपावली भारत का सबसे प्रसिद्ध और विशेष त्योहार है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्कूल में दीपावली का उत्सव बच्चों में नैतिक मूल्यों का संचार करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उर्मिला, भूमि, नमिता मिश्रा, दिव्या, तारा, नैना, प्रिया, सुशीला एंथोनी, निधि सिंह और पूर्णिमा आदि शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था जो शिक्षा के साथ-साथ जीवन मूल्यों की भी एक सुंदर सीख देता है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# धनतेरस को लेकर सजा लोहरदगा का बर्तन बाजार



**व्यापार के लिए अधिक शुभ माना जाता है धनतेरस**

धन, वैभव, युख समृद्धि आदि का यह पर्व इस वर्ष 18 अक्टूबर को है। मान्यता है कि दीवाली से दो दिन पहले पड़ने वाले इस त्योहार पर धनतेरस की सायं दीपदान किया जाता है ताकि पूरा परिवार यमराज के कोप से बचा रहे और परिवार में, अक्समात कोई दुर्घटना न हो। घरों की भी सफाई की जाती है। शाम के समय प्रवेश द्वार पर रंगोली निर्मित की जाती है ताकि स्वच्छता देख कर लक्ष्मी जी घर पधारें। वास्तव में यह दिवस, लक्ष्मी जी के स्वागत का, धन प्रबंधन का, आय बढ़ाने, बचत और निवेश के सामंजस्य का सुअवसर है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** इस बार धनतेरस को लेकर लोहरदगा का बर्तन बाजार सजकर तैयार हो गया है। पर्व को लेकर बाजार में चहल पहल दिखायी दे रही है। स्टील से निर्मित बर्तन समेत अन्य चीजों के कच्चे माल में तेजी होने के बाद भी व्यापारियों को धनतेरस पर लाखों करोड़ो के कारोबार की उम्मीद है। व्यापारियों की मानें, तो इस धनतेरस बाजार से करीब दो से तीन करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। धनतेरस और दीपावली पर सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों से करोड़ों का कारोबार होगा। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है। शहर के अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, महावीर चौक, सोमार बाजार, सरार्फा बाजार में दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं, सबसे ज्यादा धनतेरस पर बर्तन बाजार चमकने की उम्मीद है। अलग-अलग वैराइटी के बर्तन दुकानों पर सजा रखे हैं। अकेले बर्तन का ही एक करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर बर्तन व्यापारी विकास कांस्यकार, पिंटू कसेरा आदि का कहना है की इस बार धनतेरस पर नए स्टाक में स्टील के नए डिजाइन के बर्तन मंगाए हैं। ताकि ग्राहकों को सामान पंसद आ सकें। इस बार कोरोना की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में कारोबार होने की पूरी संभावना है।

**धनतेरस पर बड़ी संख्या में बिकेंगे दो पहिया और चार पहिया वाहन :** इस बार दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा हैं। यही वजह हैं कि विगत दो दिनों में शहर के बड़े आटो मोबाईल शो रूम से अब तक सैकड़ो वाहनों की बुकिंग हो चुकी हैं। इस बार दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होने की उम्मीद जतायी जा रही है। इस बार बाजारों में कई नई नई वाहनों के मॉडल है जिस कारण लोगो का आकर्षण रहेगा। खास तौर पर युवा वर्ग अपनी पसंद की दो पहिया वाहन खरीदेंगे। इसकी तैयारी वे पूर्व में ही कर लिए है। कई वाहनों का एडवांस पैसा देकर धनतेरस पर डिलीवरी लेने की तैयारी है। दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी होने के बाद आटो मोबाइल व्यवसायियों में काफी उत्साह बना हुआ है। आटो मोबाइल कंपनियों द्वारा वाहन चालकों को हाथों हाथ ऋण सुविधा देने के साथ ही कई आकर्षक उपहार भी देने की योजना शुरू की गयी है जिसका बड़ी संख्या में ग्राहक फायदा उठा रहे है और यही वजह है कि विगत दो दिनों में विभिन्न आटो मोबाइल पर करीब सैकड़ो वाहनों की बुकिंग हो चुकी है और अभी दो दिन में इनकी संख्या बढने.की संभावना है। आटो मोबाइल कंपनियों के संचालकों का कहना है कि जिस तरह से बुकिंग की जा रही है उस हिसाब से कंपनियों को वाहन बुलाने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। जैसे-जैसे वाहन उपलब्ध होंगे, ग्राहकों को देना शुरू कर दिये जायेंगे।

## दीप उत्सव का त्योहार: दीपावली की तैयारी में जुटे लोग



भंडरा(आजाद सिपाही)। दीपावली की तैयारी में लोग लग गये हैं। घरों की साफ सफाई रंग रोगन किया जा रहा है। दीपावली के त्योहार के अवसर पर साफ सफाई का विशेष महत्व होता है। लोग अपने घर सहित आस पास की सफाई करते हैं। इस मौके पर दीपावली के रात दीप उत्सव का त्योहार मनाया जाता है। अंधकार पर विजय हेतु रोशनी की दिये जलाये जाते हैं। लोगों के द्वारा दीपावली की तैयारी जोरों से की जा रही है। बाजार में दीपावली के सामग्रियों के बाजार, दुकान सज चुकी है। जगह-जगह मिट्टी के दिया, ग्वालिन, मिट्टी के खिलौने सहित दीपावली के अन्य सामग्रियों की दुकान सज चुकी है। दीपावली के त्यौहार को लेकर बच्चों में खास उत्साह देखा जाता है। इस मौके पर बच्चे पारंपरिक खिलौने ग्वालियन सहित मिट्टी के अन्य खिलौने की खरीद कर अपना घर कुंडवा सजाते हैं। दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्र में गोवंशीय पशु की पूजा की जाती है। इस मौके पर पशुओं को नहला धुल कर तरह-तरह के रंगों से सजाकर और उन्हें फूल माला पहनकर विशेष खाना दान दिया जाता है। इस अवसर पर गोवंशीय पशु की पूजा की परंपरा चलती आ रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के न्यू रोड स्थित वी मार्ट मॉल के समीप बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत हो गयी। घटना में ट्रक ने युवक को कई फूट तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान हरमू निवासी प्रकाश उरांव के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार युवक अपने स्कूटी संख्या जेएच 08 जे 1786 से शहर की ओर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार बॉक्साइट लदे ट्रक संख्या जेएच 08 ए 3464 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहरी क्षेत्र में तेज गति से बॉक्साइट लदे ट्रकों का आवागमन होता है, जिसके कारण लगातार सड़क दुर्घटना की घटना देखी जा रही है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी और ट्रक को जप्त कर सदर थाना ले गयी है।

## सेवाओं को लेकर लोगों का विश्वास हासिल करें नगर परिषद : डॉ ताराचंद



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में नगर परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ-सफाई, कूडे.का उठाव, पेयजल की आपूर्ति, टैक्स की वसूली, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, छठ घाटों की साफ-सफाई समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई और निदेश दिये गये। उपायुक्त ने कहा कि नगर परिषद द्वारा नगर में साफ-सफाई, नियमित रूप से जलापूर्ति, कूडे.का उठाव, विशेष अवसरों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों का विश्वास हासिल करना चाहिए। विद्युत प्रमण्डल और नगर परिषद समय निर्धारित कर नगर क्षेत्र में नियमित रूप से जल की आपूर्ति करें ताकि लोगों को समय से पानी मिल सके। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए क्षमता व आवश्यकता का सही आकलन कर लें। छठ पूजा को देखते हुए नगर क्षेत्र में अवस्थित सभी छठ घाटों की साफ-सफाई कराने के लिए अभियान चलाएं। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। होर्डिंग्स से टैक्स वसूली हेतु दर से संबंधित प्रस्ताव तैयार करें।बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रशासक मुक्ति किड़ो, सिटी मैनेजर व विभिन्न कार्यों से संबंधित ऐजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महिलाओं को मिला दीपावली का तोहफा, खाते में गये 2500 रुपये

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छठ और दीपावली पूजा के शुभ अवसर पर राज्य सरकार ने महिलाओं को खास तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला की 91993 (एकानब्बे हजार नौ सौ तिरानब्बे) महिलाओं को अक्टूबर 2025 माह की सम्मान राशि प्रदान की गयी है। इसके तहत लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में कुल 22 करोड़ 99 लाख 80 हजार रुपये का आधार आधारित भुगतान किया गया है। लोहरदगा जिला में अक्टूबर 2025 माह में लाभुकों की संख्या विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में इस प्रकार हैः-भंडरा प्रखंड में 13075, कैरो प्रखंड में 8083, पेशरार प्रखण्ड में 4120, सेन्हा प्रखंड में 14835, कुडू प्रखंड में 17669, किस्को प्रखण्ड में 11461, लोहरदगा प्रखंड में 11534 और लोहरदगा शहरी क्षेत्र में 11871 है। उक्त जानकारी प्रमोद दास, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

# धनतेरस और दीपावली के लिये सजीं बाजारें



**व्यापारियों को अच्छी दुकानदारी की उम्मीद**

आभूषणों की दुकानों पर पहुंचे ग्राहक लक्ष्मी-गणेश बने सिक्कों की मांग कर रहे हैं। व्यापारियों को भी इस बार अच्छी दुकानदारी की उम्मीद है। जिला मुख्यालय लातेहार सहित चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, मनिका, बरवाडीह, महुआडांड' और अन्य बाजारों में स्टील के लोटे, तांबे के कलश, और पीतल की दीपक थाली सबसे ज्यादा बिक रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर शहर के सभी बाजार और दुकानें सज गयी हैं। बड़ी संख्या में लोग गहने, कपड़े और बर्तन खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। इलेक्ट्रानिक्स, ज्वेलरी, मिठाई समेत अन्य दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में लगे हैं। धनतेरस पर बर्तन की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ होती है, क्योंकि धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। बर्तन की दुकानों पर लोग तांबे और स्टील के कलश के अलावा पीतल की थाली को पसंद कर रहे हैं।

गृहिणी शीला देवी ने बताया कि धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि नया सामान घर में आने से लक्ष्मी स्थायी रूप से बसतीं हैं। इसलिए हम हर साल तांबे का लोटा और चांदी का सिक्का जरूर लेते हैं। वहीं, दोपहिया वाहनों के बाजार में भी तेजी आयी है।

युवतियां स्कूटी सबसे अधिक पसंद कर रही हैं। वहीं, दो पहिया वाहनों की दुकानों पर लोग अपने लिए वाहनों को बुक करा रहे हैं। दीपावली पर नये कपड़ों की खरीदारी के लिए भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सदर बाजार में इलेक्ट्रानिक्स की दुकानों पर लोग सामानों को पसंद करके जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के संजय प्रसाद बताते हैं कि आज के समय में लोग इलेक्ट्रॉनिक्स भी खरीदते हैं, जैसे मिक्सर, कुकर, इंडक्शन और मोबाइल आदि। त्योहार के मौके पर कुछ नया खरीदना ही सौभाग्य का प्रतीक है। वहीं जिला मुख्यालय के बर्तन दुकानदार पिंकु प्रसाद ने बताया कि इस बार हमें पिछले साल से भी ज्यादा बिजनेस होने की उम्मीद हैं। कल धनतेरत है इसे लेकर दुकान को लोगों के स्वागत के लिए सजाया गया है।

## एक किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार की देर शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अफीम तस्करों को एक किलो से अधिक अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी हैं। उन्होंने बताया की लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अफीम की तस्करी कर बालूमाथ से चंदवा की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया और जोगियाडीह मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01डीबीइ-4500) पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में दोनों के घुटने के नीचे इन्क्लेट में छिपाकर रखे दो पैकेट अफीम (गादा) बरामद किये गये, जिनका कुल वजन 1.066 किलो पाया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान राजेश कुमार साव पिता नेमधारी साव, निवासी ग्राम टोटी हेंसला थाना बारियातू जिला लातेहार और जितेंद्र कुमार पिता रामेश्वर साव, निवासी ग्राम पेटो थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के रूप में की गयी है। पुलिस ने उनके पास से 1.066 किलो अफीम के अलावा एक जोड़ी इन्क्लेट, एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी जब्त किये हैं। इस छापामारी अभियान में बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अमित कुमार रविदास, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग, मकईयाटांड पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर, सहित सैट -6 और आरआरबी-4 सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## सिविल कोर्ट की लिपिक सेवानिवृत्त, न्यायाधीशों और कर्मचारियों ने किया सम्मानित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट में लिपिक के पद पर कार्यरत पुष्पा कुमारी प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर लोहरदगा न्यायालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम स्वयंभू, जिला और अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय नीरजा आश्री, सीजेएम सह एसीजेएम सह सिविल जज सीनियर डिवीजन कृष्णकांत मिश्र, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय सह जेएम प्रथम श्रेणी रोहित कुमार और प्रभारी न्यायाधीश सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार गुप्ता सहित न्यायालय के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान न्यायाधीशों और कर्मियों ने पुष्पा कुमारी प्रसाद के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्हें उपहार भेंट किया गया और पुष्पा कुमारी प्रसाद को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा ने कहा कि पुष्पा कुमारी प्रसाद ने अपने पूरे सेवा काल में अनुशासन, समयपालन और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट परिचय दिया है। उनका कार्य और समर्पण अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं प्रभारी न्यायाधीश सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि पुष्पा कुमारी प्रसाद सदैव समय पर न्यायालय पहुंचती थीं और अपने कार्य के प्रति पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करती थीं। उनके कार्य में आज तक कोई त्रुटि नहीं मिली, जो स्वयं में एक उदाहरण है। समारोह में पुष्पा कुमारी प्रसाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 2006 से 2025 तक लोहरदगा सिविल कोर्ट में कार्य करना मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात रही। यहां मुझे न्यायाधीशों और सहकर्मियों का अपार सहयोग मिला। न्यायालय की कार्यसंस्कृति और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने हमेशा परिवार जैसा अनुभव कराया। मैं सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि पुष्पा कुमारी प्रसाद ने 31 अक्टूबर 1997 को गुमला सिविल कोर्ट में सहायक लिपिक के रूप में अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी। वर्ष 2006 तक वहां सेवा देने के उपरांत उन्होंने 5 सितंबर 2006 को लोहरदगा सिविल कोर्ट में योगदान दिया था। 30 सितंबर 2025 को वे सेवानिवृत्त हुईं। इसी उपलक्ष्य में आज यह विदाई समारोह आयोजित किया गया। मौके पर पर शंभू नाथ शर्मा, सोहेल अहमद, अनुज टोप्पो, राजेश कुमार, सुजाता कुमारी अग्रवाल, पूर्णिमा टोप्पो, कृपा स्वर्णालता, कंचन कामिनी लकड़ा, रितु सुरभि केरकेट्टा, स्वाति एक्का, जूही प्रसाद, उर्मिला सिंह, शेखर सिन्हा, अनूप कुमार, नीतीश कुमार डे, अनिल मिंज, अरुण कुमार सिन्हा, रविंद्र ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला खेल कार्यालय द्वारा संचालित आवासीय और डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के बालक/बालिका खिलाड़ियों द्वारा वर्ष 2025 में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा इन प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लातेहार जिले की खेल प्रतिभाएं राज्य और देश का नाम रोशन कर रही हैं। जिला प्रशासन इनके सर्वांगीण विकास और बेहतर प्रशिक्षण की दिशा में हर संभव सहयोग करेगा।

सम्मानित खिलाड़ियों की प्रमुख उपलब्धियां अमित उरांव, पिता बलराम उरांव सिल्वर मेडल, सब जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025, भुवनेश्वर (उड़ीसा) जयदीप उरांव, पिता भिमेश्वर उरांव गोल्ड मेडल, ईस्ट जोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025, रांची (झारखंड) अनुष्का कुमारी, पिता अमित कुमार उपविजेता और राष्ट्रीय चयनित, SGFI व-17 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025, बरेली (उत्तर प्रदेश) आभा कुमारी, पिता विकोदर राम उपविजेता और राष्ट्रीय चयनित, SGFI व-17 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025, बरेली (उत्तर प्रदेश) रजनी कुमारी, पिता राजू कुमार उपविजेता और राष्ट्रीय चयनित, SGFI व-17 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025, बरेली (उत्तर प्रदेश) ईशा कुमारी, पिता मोरिस अगेरिया उपविजेता और राष्ट्रीय चयनित, SGFI व-17 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025, बरेली (उत्तर प्रदेश)विशाल उरांव, पिता विनोद उरांव चयनित, खेलो इंडिया व-14 बालक बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 मौके पर जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना क्षेत्र के हिसरी पेट्रोल पंप के समीप शुकशुक्रवार की दोपहर तीन बजे के लगभग एक बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को मारी टक्कर। टक्कर में एक की हुई मौत दूसरा हुआ फरार। मृतक की पहचान झरी उरांव पिता बबलू उरांव उम्र 42 वर्ष भुसाढ़ के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर से साप्ताहिक शुक्रवार बाजार चंदवा जाने के लिए घर से निकल कर अपने बाइक में हिसरी स्थित पेट्रोल पंप पेट्रोल लेने पहुंचा, पेट्रोल लेकर वह जैसे ही सड़क पर पहुंचा चंदवा से बालूमाथ की ओर जाने वाले एक अपाचे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मृतक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से झरी उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। शरीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाए जाने के बाद जांचोप्रांत डॉक्टर प्रकाश बाड़ा ने मौत की पुष्टि कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को कर दिया गया है पुलिस अस्पताल पहुंच कर अग्रतर कार्रवाई में लग गयी है। इधर घटना की खबर से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को छिपादोहर-केड़ मार्ग पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन और बाइक की टक्कर में दो स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। यह हादसा शुक्रवार को उस समय हुआ, जब दोनों छात्र स्कूल की छुट्टी के बाद अपने रिश्तेदार के यहां केड़ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शिव मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रही पिकअप ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों छात्र सड़क किनारे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घायल छात्रों की पहचान संदीप सिंह (पिताः बाबूलाल सिंह, निवासीः लात बरखेता) और कुलदीप उरांव (पिताः बेनेदिक उरांव) के रूप में हुई है। दोनों छात्र परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय, छिपादोहर में अध्ययनरत हैं। पुलिस ने पिकअप वाहन और बाइक को जब्त कर मामले की जांच कर रही है और घटना के बाद पिकअप वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

# लोहरदगा में लाखों रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद

**हरियाणा से झारखंड आया 50 लाख का शराब जब्त**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हरियाणा के फरीदाबाद से झारखंड ला रहे बंद कंटेनर ट्रक नंबर बीआरओ 01 जीएल 7659 से पुलिस ने लगभग 50 लाख के अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुडू थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के निकट से उक्त अवैध शराब का खेप जप्त किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक ड्राइवर अनिल व खलासी बृजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। जप्त कंटेनर ट्रक से 413 पेटी में बंद 11328 पीस शराब की बोतले बरामद की गयी है। जब्त शराब इंपीरियल ब्लू ग्रीन व्हिस्की की है। ट्रक ड्राइवर की पहचान फरीदाबाद के चंदीला थाना क्षेत्र निवासी बरन सिंह का पुत्र अनिल सिंह और खलासी की पहचान फरीदाबाद के बल्लभगढ़ थाना क्षेत्र निवासी सत्य प्रकाश का पुत्र बृजेश कुमार के रूप में की गयी है। इस संदर्भ में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि कुडू थाना पुलिस ने मद्य निषेध इकाई, बिहार, पटना से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बंद कंटेनर ट्रक से लाखों रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 108/25, दिनांक 16.10.2025, धारा 317(5)/292/3(5) भा.दं.सं. एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक अनिल (उम्र 47 वर्ष, पिता बरन सिंह, निवासी फतेपुर, चंदिला, थाना ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा) और खलासी ब्रिजेश कुमार (उम्र 45 वर्ष, पिता सत्य प्रकाश, निवासी सुभाष कॉलोनी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा) को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में गश्ती दल ने कुडू बस स्टैंड के आगे सेतु गैरेज के पास वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान संदिग्ध कंटेनर ट्रक (रजिस्ट्रेशन नंबर BR01GL7659) को रोककर तलाशी ली गयी। जांच में ट्रक से कुल 413 पेटियां (11,328 बोतलें) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। इसके साथ ही दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किये गये। इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी मनोज कुमार, पु.अ.नि. हेमंत कुमार, हवलदार जलेश्वर सहार, और आ0/29 वैभव नारायण मिर्धा (रिजर्व गार्ड) शामिल थे। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि लोहरदगा पुलिस लगातार अवैध शराब तस्करी और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है। शराब की इतनी बड़ी खेप की बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि तस्कर दूसरे राज्यों से शराब लाकर झारखंड में अवैध व्यापार फैलाने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## मेधावी छात्र -छात्राओं को उत्कर्ष छात्रवृत्ति से किया गया सम्मानित




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र आने वाले शासकीय विद्यालय परियोजना +2 उच्च विद्यालय, सासंग और शासकीय उच्च विद्यालय, बनहरदी और खैराटोली के छात्र /छात्राओं को मैरिट के आधार पर उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत रुपए 3000.00 प्रति छात्र के मान से राशि प्रदान की गयी। इस दौरान उपस्थित छात्रों में काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम में उपस्थित पंकज कुमार यादव, प्राचार्य +2 उच्च विद्यालय, सासंग विद्यालय द्वारा सभी छात्रों को और मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी गयी। इस कार्यक्रम में स्कूल अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जनप्रतिनिधि/ मुखिया ओम प्रकाश सिंह, राजन भगत द्वारा भी अपने अपने मंतव्य प्रकट करते हुए इस कार्यक्रम की सराहना की गयी। बनहरदी परियोजना की ओर से एन के. मल्लिक (महाप्रबंधक) बनहरदी परियोजना, एम चंद्रसेगर, आर बी सिंह सिद्धार्थ शंकर अमरेश चंद्र राउल विनेश कुमार अबीरलाल कुमारी पूजा, शुभंकर मंडल, उपस्थित रहे। महाप्रबंधक एन के मल्लिक द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जीएन कॉन्वेंट स्कूल में वेस्ट मटेरियल से हैंड-क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

# बेकार चीजों से उपयोगी सामग्री बना कर पर्यावरण की रक्षा सकते हैं : मदन प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट 10+2 स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए वेस्ट मटेरियल से हैंड-क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आज के समय में जब चारों ओर कचरा और प्रदूषण बढ़ रहा है तब हमें यह सीखना चाहिए कि किस तरह बेकार चीजों को फेंकने की जगह उन्हें उपयोगी बनाया जा सके। बेकार चीजों से नई चीजें बनाना न केवल एक रचनात्मक कला है, बल्कि यह पर्यावरण की रक्षा करने का एक सुंदर तरीका भी है। हमारे घरों में बहुत सी पुरानी और अनुपयोगी चीजें होती हैं जैसे प्लास्टिक की बोतले, पुराने कपड़े, कार्डबोर्ड, अखबार, सीडी, टिन के डिब्बे आदि। इन वस्तुओं को थोड़ी कल्पना और मेहनत से सुंदर सजावटी सामान, खिलौने, फूलदान, पेन स्टैंड और दियों की थाली जैसी चीजों में बदला जा सकता है। ऐसा करने से हमें नई वस्तुएं बनाने में खर्च भी कम होता है और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलती है। इस तरह का कार्य बच्चों में रचनात्मक सोच, धैर्य और नवाचार की भावना भी बढ़ता है। दीपावली जैसे त्योहारों पर अगर हम बाजार से चीजें खरीदने के बजाय बेकार वस्तुओं से सजावट करें तो यह त्योहार और भी विशेष बन जाता है। हमें इसे अपनी आदत बनाना चाहिए, ताकि हम अपने देश और धरती दोनों को स्वच्छ और सुंदर बना सके। उधर, प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने उत्साहित किया। वहीं, नोडल इंचार्ज नीरा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही बच्चों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव से दूर भी रखते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, जूनियर इंचार्ज के पदाधिकारी खुर्शीद आलम, कृष्ण कुमार, मुकेश भारती, विकास कुमार दिनेश कुमार, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, चंदा कुमारी, पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, वर्षा कुमारी आदि ने अहम भूमिका निभाई।



वेस्ट मटेरियल से हैंड-क्राफ्ट बनाने की प्रतियोगिता के विजेता बच्चे एवं अन्य।

## कुवांरा बताकर लड़की को भगा ले गया विवाहित युवक, गिरफ्तार



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत क्षेत्र की युवती के साथ शारीरिक शोषण के आरोप में लोहरपुरवा गांव निवासी विवाहित बबलू बैठा (24) को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी बबलू बैठा तीन दिन पहले खुद को कुवांरा बताकर एक युवती को शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया था। वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। जबकि युवक बबलू बैठा पहले से शादीशुदा एवं एक बच्चे का बाप है। इधर, थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने बताया कि बबलू बैठा के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है।

## घायल शिक्षक की इलाज के दौरान हुई मौत



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के ग्राम दौनादाग उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मस्जिद टोला के प्रधान सहायक अध्यापक तजमुल्लाह अंसारी (40) का शुक्रवार को मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) में इलाज के दौरान निधन हो गया। बतातें चलें कि शिक्षक तजमुल्लाह अंसारी पैर से दिव्यांग थे। शिक्षण कार्य के दौरान सिढ़ी से उतरने के क्रम में संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये थे। डाल्टनगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

भू-अर्जन वाद सं० -14/2024-25

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**
**''बन्ता-राहे बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना''**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा-पतराहातु, थाना संख्या-51, अंचल-सिल्ली, जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **''बन्ता-राहे बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना''** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा-पतराहातु, थाना संख्या-51, अंचल-सिल्ली, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा-**11.620** एकड़ भूमि मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

**मौजा-पतराहातु**

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का वर्गीकरण | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | 219 | 2064 | दोन दो | 0.052 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2075 | रास्ता | 2065 | 2076 |
| 77 | 219 | 2065 | दोन तीन | 0.013 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2073 | रास्ता | 2066 | 2064 |
| 78 | 219 | 2066 | दोन तीन | 0.014 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2073 | रास्ता | 2067 | 2065 |
| 79 | 219 | 2067 | दोन तीन | 0.010 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2073 | रास्ता | 2068 | 2066 |
| 80 | 219 | 2068 | दोन तीन | 0.000 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2064 | रास्ता | 2069 | 2066 |
| 81 | 219 | 2077 | दोन दो | 0.026 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2082 | रास्ता | 2076 | 2078 |
| 82 | 219 | 2078 | दोन दो | 0.024 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2082 | रास्ता | 2077 | 2079 |
| 83 | 219 | 2079 | दोन दो | 0.011 | धनीराम हजाम पेशरान बुधुआ हजाम व नसीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | 2081 | रास्ता | 2078 | 2374 |
| 84 | 222 | 451 | टाड़ दो | 0.041 | रामरूप साहु वल्द मरोसी साहु | 449 | रास्ता | 452 | 445 |
| 85 | 231 | 453 | टाड़ एक | 0.068 | लखीराम महतो वल्द परास महतो | 454 | रास्ता | 454 | 452 |
| 86 | 231 | 834 | टाड़ एक | 0.027 | लखीराम महतो वल्द परास महतो | रास्ता | 851 | 851 | 835 |
| 87 | 231 | 835 | मकान/1 सहन/1 | 0.021 | लखीराम महतो वल्द परास महतो | रास्ता | 851 | 834 | 851 |
| 88 | 233 | 806 | टाड़ दो | 0.056 | मनीराम महतो पेशरान मोतीराम महतो व मोसमात जीनोद महतोवाइन वगैरह | रास्ता | 805 | रास्ता | 822 |
| 89 | 235 | 665 | टाड़ दो | 0.056 | लछुमन हजाम वल्द श्रीराम हजाम | रास्ता | 685 | रास्ता | 666 |
| 90 | 243 | 285 | दोन एक | 0.009 | लोवीन महतो पेशरान शुकुन महतो व हरी महतो पेशरान शुकुन महतो | 284 | रास्ता | 286 | 265 |
| 91 | 245 | 286 | दोन एक | 0.056 | लोवीन महतो वल्द सुकना महतो | 285 | रास्ता | 287 | 285 |
| 92 | 245 | 287 | टाड़ दो | 0.029 | लोवीन महतो वल्द सुकना महतो | 289 | रास्ता | 288 | 286 |
| 93 | 264 | 699 | दोन एक | 0.055 | जेलहा महतो पेशरान मटलु महतो व दुखुआ महतो वल्द शुकुआ महतो वगैरह | रास्ता | 700 | रास्ता | 702 |
| 94 | 273 | 430 | टाड़ दो | 0.036 | दयाल पातर पेशरान गोर सिंह पातर व सुधरा पातर पेशरान गोर सिंह पातर | 429 | रास्ता | 431 | 428 |
| 95 | 283 | 435 | टाड़ एक | 0.005 | छुटुआ तांती पेशरान करमु तांती व हरी तांती पेशरान करमु तांती | 428 | रास्ता | 436 | 434 |
| 96 | 283 | 1321 | मकान/1 सहन/1 | 0.012 | छुटुआ तांती पेशरान करमु तांती व हरी तांती पेशरान करमु तांती | रास्ता | 1325 | 1319 | 1322 |
| 97 | 283 | 1322 | मकान/1 सहन/1 | 0.014 | छुटुआ तांती पेशरान करमु तांती व हरी तांती पेशरान करमु तांती | रास्ता | 1324 | 1321 | 1324 |
| 98 | 283 | 1323 | मकान/1 सहन/1 | 0.010 | छुटुआ तांती पेशरान करमु तांती व हरी तांती पेशरान करमु तांती | रास्ता | 1324 | 1324 | रास्ता |
| 99 | 283 | 1324 | टाड़ एक | 0.014 | छुटुआ तांती पेशरान करमु तांती व हरी तांती पेशरान करमु तांती | रास्ता | 1325 | 1322 | 1323 |
| 100 | 288 | 441 | टाड़ एक | 0.045 | हरी सिंह वल्द मोगल सिंह | 436 | रास्ता | 442 | 441 |
| 101 | 288 | 442 | मकान/1 सहन/1 | 0.009 | हरी सिंह वल्द मोगल सिंह | 440 | रास्ता | 443 | 441 |
| 102 | 288 | 445 | टाड़ दो | 0.032 | हरी सिंह वल्द मोगल सिंह | 443 | रास्ता | 451 | 444 |
| 103 | 288 | 1315 | टाड़ एक | 0.058 | हरी सिंह वल्द मोगल सिंह | रास्ता | 1314 | 1314 | 1316 |
| 104 | 297 | 831 | टाड़ एक | 0.019 | खैरूदीन खाँ वल्द मौलवी खाँ | रास्ता | 830 | रास्ता | 832 |
| 105 | 297 | 832 | मकान/1 सहन/1 | 0.020 | खैरूदीन खाँ वल्द मौलवी खाँ | रास्ता | 831 | 831 | 833 |
| 106 | 304 | 1339 | मकान/2 सहन/1 | 0.017 | अकला महली पेशरान सुखदेव महली व रैदास महली पेशरान सुखदेव महली वगैरह | रास्ता | 1341 | 1338 | 1340 |
| 107 | 304 | 1340 | टाड़ एक | 0.031 | अकला महली पेशरान सुखदेव महली व रैदास महली पेशरान सुखदेव महली वगैरह | रास्ता | 1345 | 1339 | 1346 |
| 108 | 321 | 644 | टाड़ दो | 0.142 | श्री चन्डीचरण पोद्यार पिता सव0 नारायण पोद्यार | 645 | रास्ता | 644 | रास्ता |
| 109 | 325 | 452 | दोन दो | 0.028 | बकास्त | 450 | रास्ता | 453 | 451 |
| 110 | 327 | 591 | टाड़ दो | 0.018 | बकास्त | 589 | रास्ता | 583 | रास्ता |
| 111 | 328 | 590 | मकान/1 सहन/1 | 0.007 | बकास्त | 589 | 829 | 591 | 830 |
| 112 | 328 | 589 | टाड़ दो | 0.018 | बकास्त | 489 | 591 | रास्ता | 587 |
| 113 | 330 | 592 | टाड़ दो | 0.012 | बकास्त | 591 | 593 | 588 | रास्ता |
| 114 | 330 | 593 | मकान/1 सहन/1 | 0.008 | बकास्त | 592 | रास्ता | 594 | रास्ता |
| 115 | 339 | 594 | टाड़ दो | 0.066 | जटा महतो वल्द मोचीआ महतो | 592 | रास्ता | 587 | रास्ता |
| 116 | 380 | 1361 | दोन तीन | 0.026 | चनीराम हजम पेशरान लुलुआ हजाम व नशीक हजाम पेशरान कार्तिक हजाम वगैरह | रास्ता | 1362 | 1360 | 1457 |
| 117 | 386 | 597 | परती कदीम | 0.013 | अज्ञात, जाति-ठाकुर, निवासी- | 596 | 598 | 580 | रास्ता |
| 118 | 386 | 598 | परती कदीम | 0.030 | अज्ञात | 597 | रास्ता | 599 | रास्ता |
| 119 | 386 | 599 | परती कदीम | 0.046 | अज्ञात | 598 | रास्ता | 600 | रास्ता |
| 120 | 386 | 595 | परती कदीम | 0.014 | अज्ञात | 594 | रास्ता | रास्ता | 597 |
| 121 | 386 | 596 | स्कुल | 0.021 | अज्ञात | 595 | रास्ता | रास्ता | 597 |
| 122 | 386 | 661 | सड़क | 4.821 | अज्ञात | 602 | 805 | 806 | 603 |
| 123 | 386 | 2236 | सड़क | 1.632 | अज्ञात | 2229 | 2242 | सिवाना | 661 |
| 124 | छ। | 288 | रैयती | 0.012 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 290 | रास्ता | 427 | 287 |
| 125 | छ। | 444 | रैयती | 0.019 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 442 | रास्ता | 445 | 443 |
| 126 | छ। | 601 | रैयती | 0.032 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 599 | रास्ता | 600 | रास्ता |
| 127 | छ। | 602 | रैयती | 0.041 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 601 | रास्ता | 603 | रास्ता |
| 128 | छ। | 696 | रैयती | 0.032 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | रास्ता | 697 | रास्ता | 695 |
| 129 | छ। | 700 | रैयती | 0.031 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | रास्ता | 700 | रास्ता | 699 |
| 130 | छ। | 1338 | रैयती | 0.012 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | रास्ता | 1337 | 1337 | 1339 |
| 131 | छ। | 1463 | रैयती | 0.017 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | रास्ता | 1459 | 1461 | 1464 |
| 132 | छ। | 2058 | रैयती | 0.119 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | रास्ता | 2056 | 2063 | 2056 |
| 133 | छ। | 2069 | रैयती | 0.022 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 2073 | रास्ता | 2070 | 2068 |
| 134 | छ। | 2076 | रैयती | 0.026 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 2082 | रास्ता | 2064 | 2077 |
| 135 | छ। | 2233 | रैयती | 0.049 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 2234 | रास्ता | 2230 | 2234 |
| 136 | छ। | 2234 | रैयती | 0.029 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 2226 | रास्ता | 2233 | 2235 |
| 137 | छ। | 2235 | रैयती | 0.052 | खतियान उपलब्ध नहीं है। | 2235 | रास्ता | 2234 | 2235 |
| 138 | 322 | 805 | सरना | 0.017 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 668 | रास्ता | 804 |
| 139 | 322 | 822 | रास्ता | 0.010 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 820 | रास्ता | 822 |
| 140 | 322 | 822 | रास्ता | 0.011 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 820 | रास्ता | 822 |
| 141 | 322 | 1229 | रास्ता | 0.004 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 1228 | 1230 | 1232 |
| 142 | 322 | 2237 | हड़गड़ी | 0.061 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 2239 | 2239 | 2238 |
| 143 | 322 | 2239 | हड़गड़ी | 0.193 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 2241 | 2242 | 2237 |
| 144 | 322 | 2238 | हड़गड़ी | 0.002 | गैरमजरूआ मालिक | सिवाना | 2239 | सिवाना | 2237 |
| 145 | छ। | 443 | रास्ता | 0.010 | गैरमजरूआ | 441 | रास्ता | 444 | 442 |
| 146 | छ। | 851 | रास्ता | 0.016 | गैरमजरूआ | रास्ता | 851 | 844 | 1315 |
| 147 | छ। | 428 | रास्ता | 0.011 | गैरमजरूआ | 426 | रास्ता | 430 | 427 |
| 148 | छ। | 851 | रास्ता | 0.014 | गैरमजरूआ | रास्ता | 851 | 844 | 1315 |
| 149 | छ। | 484 | रास्ता | 0.027 | गैरमजरूआ | 482 | रास्ता | 485 | 454 |
| 150 | छ। | 1457 | रास्ता | 0.073 | गैरमजरूआ | रास्ता | 1362 | 1361 | 1460 |
| 151 | छ। | 265 | रास्ता | 0.033 | गैरमजरूआ | 284 | रास्ता | 285 | 255 |
| 152 | छ। | 2374 | रास्ता | 0.026 | गैरमजरूआ | 2084 | 2229 | 2228 | 2080 |
| | | | **कुल** | **11.620** | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह०/-
उपायुक्त, राँची।

PR.NO.364401 Land Reforms(25-26):D

## तैबा अस्पताल में मनाया गया सर सैयद अहमद खान का जन्मदिवस




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मदरसा रोड स्थित तैबा अस्पताल में शुक्रवार को शिक्षाविद् और समाज सुधारक सर सैयद अहमद खान का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ अरसद अंसारी ने कहा कि सर सैयद अहमद खान ने शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और देश की सेवा करना चाहिए। इस दौरान अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तैबा अस्पताल के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इनमें नसीम अंसारी, नेहाल अहमद, संजय उरांव, असफाक अंसारी, शैलेश कुमार यादव, वसीम अंसारी, हेमंती देवी, शिव कुमारी, रिजवाना खातून आदि शामिल थे।

## भाजपा नेता ने की चिनिया रोड सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने चिनिया रोड सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। इस बाबत शुक्रवार को उमेश कश्यप ने पथ प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि निमार्णाधीन चिनिया रोड पर सवेदक द्वारा लगभग छह महीने से सड़क पर पिच नहीं से उड़ने वाली धूल से आम जनता बेहद परेशान है। सड़क के साथ बन रही नाली का निर्माण कार्य भी धीमी गति से हो रहा है। भाजपा नेता ने सड़क के साथ नाली का निर्माण भी युद्ध स्तर पर करने की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा कि जीपी पलाजा की ओर से हो रहे नाली निर्माण का पानी मेन रोड में मिलाकर पानी निकासी की जाये। क्योंकि सहिजना मोहल्ला की तरफ से नली निकासी किए जाने पर आगे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में शिथिलता बरते जाने के कारण आए दिन बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय तिवारी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रामा साहू उच्च विद्यालय में झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से शुक्रवार को गढ़वा जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से लगभग 120 बालक-बालिका प्रतिभागी शामिल हुए। उक्त प्रतियोगिता तीन आयु अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में विभाजित है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष झारखंड राज्य साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने की। इस मौके पर एपीओ सह खेल प्रभारी कुलदीपक अग्रवाल, पुलिस कोच साइकलिंग झारखंड के रामकुमार भट्ट, झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अध्यक्ष रणबीर कुमार, कोषांग से सुशील तिवारी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, अजयकांत, गढ़वा क्रिकेट जिला संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद कुमार दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र प्रसाद यादव, चंद्र बहादुर सिंह, मनोज कुमार, रमाशंकर सिंह, शारीरिक शिक्षक सतीश कुमार, श्रवण राम, अखिलेश कुमार, विजय सिंह, संजय लाल मौर्या, रजनीश कुमार, सुशील कुमार मौर्य, कृष्णा कुमार यादव और संतोष यादव आदि उपस्थित थे। जानकारी संकुल साधन सेवी सह मीडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने दी।

## 'खेलो झारखंड' कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने गढ़वा की टीम रांची रवाना

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश पर 18-19 अक्टूबर को रांची के खेलगांव में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय 'खेलो झारखंड' कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिले की 41 सदस्यीय टीम शुक्रवार को वाहन से रवाना हो गयी। इस अवसर पर टीम को समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ सह खेल प्रभारी कुलदीपक अग्रवाल और झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के चयनित बालक एवं बालिकाएं शामिल हैं, जिन्हें अनुभवी शारीरिक शिक्षकों की देखरेख में भेजा गया है। मौके पर जिला कोषांग से सुशील तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, अजयकांत, चंद्रबहादुर सिंह और किशोर कुणाल पासवान शामिल रहे।

## साइबर ठगों ने जेल भेजने की धमकी देकर युवक से ठग लिये 31,500 रुपये



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी निवासी सिराज अंसारी को साइबर ठगों ने फोनकर जेल भेजने की धमकी देकर उससे 31 हजार 500 रुपए की ठगी कर ली। हालांकि ठगी का शिकार होने का अहसास होते ही पीड़ित ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराया है। अपने आवेदन में सिराज अंसारी ने बताया कि शुक्रवार को 9982724769 नंबर से उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह थाने से बोल रहा है। यह भी कहा कि तुम लड़की से बात करते हो। तुम्हारा वीडियो वायरल हुआ है, तुम्हे पकड़ कर जेल भेज दिया जाएगा। अगर जेल जाने से बचना है, तो तुरंत 50 हजार रुपए डालो। पुलिस की धमकी से वह डर गया और उसके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर 7015254996 पर तीन बार में 21000, 8500, 2000 मिलाकर कुल 31500 रुपए डाल दिए। इसके बाद शेष राशि के लिए मुझे अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक और अन्य मोबाईल नंबर 9649128433 से मेरे फोन पर कॉल कर भेजने की धमकी दी जाने लगी। जब मैं अपने पिता के साथ थाना पहुंचा तो वहां उसके खिलाफ इस तरह का कोई भी मामला नहीं था। इसके बाद उसे साईबर ठगी होने की बात का पता चली। जिसके बाद शिकायत दर्ज करवाई। उधर, पुलिस ने भी पीड़ित के आवेदन के आलोक में जांच शुरू कर दी है।

## भवनाथपुर में नदी में डूबने से 10 साल की बच्ची की मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बुका गांव में शुक्रवार को नदी में डूबने से 10 साल की बच्ची की मौत हो गयी। मृतका की पहचान बुका गांव निवासी दशरथ पासवान की पुत्री पुष्पा कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुष्पा शुक्रवार की सुबह अपने घर के पास बहने वाली नदी के किनारे कुर्सी धोने गई थी। तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरी। उसे तैरना नहीं आता था, इसलिए कुछ ही देर में पानी में डूब गयी। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने जब बच्ची को डूबते देखा, तो शोर मचाया और ग्रामीणों की मदद से उसे निकालने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बच्ची को नदी से बाहर निकाला और आनन फानन में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। उधर, जानकारी मिलते ही सअनि नारायण प्रसाद पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच परिजनों से जानकारी ली और कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।**

## थाल सजाओ प्रतियोगिता और छठ महोत्सव का हुआ आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भवनाथपुर बाजार में शुक्रवार को दीपावली के अवसर पर थाल सजाओ प्रतियोगिता एवं छठ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने सरस्वती माता,ऊं एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने से हमारी प्राचीन परंपरा और संस्कृति झलकती है। साथ ही विद्यार्थियों में धर्म के प्रति आस्था जागृत होती है। दूसरी ओर, विद्यार्थियों ने भी पूरी तन्मयता एवं भक्ति भाव से पूजा की थाल सजायी। जिसमें प्रथम रिया मेहता, द्वितीय ऋषिका कुमारी एवं तृतीय स्थान अंजली कुमारी हुई। वहीं, छठ महोत्सव कार्यक्रम के निमित्त कुल 38 भैया-बहनों ने छठ व्रतियों की भूमिका निभायी। सभी ने विधिवत अपने सूप-दउरा को सिर पर लेकर विद्यालय से रवाना होकर छठ घाट पर गए। वहां सभी व्रतियों ने विधि विधान के साथ भगवान सूर्य की पूजा कर घाट में अर्घ्य दिया। सभी व्रतियों के सुप पर बारी-बारी से आचार्यों ने विधिवत अर्घ्य दिया। इसदौरान संपूर्ण विद्यालय परिसर में छठ गीतों से माहौल भक्तिमय हो उठा। वहीं, विद्यालय की ओर से सभी व्रतियों को प्रधानाचार्य ने फल दान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता चौबे, अनुज कुमार, रमेश विश्वकर्मा, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, रामकेवल साह, अशोक कुमार, अजीत चौबे, इंद्रजीत गुप्ता, प्रीति शर्मा, नीतू गुप्ता, सुभद्रा देवी, वीरेंद्र बैठा और सुगन देवी की भूमिका अहम रही।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में ब्लॉक टॉपर छात्रा वर्षा को किया गया पुरस्कृत



**मेराल (आजाद सिपाही)।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की ओर से आयोजित 21वीं प्रतिभा खोज परीक्षा में ब्लॉक टॉपर एसडी मेमोरियल एकेडमी की छात्रा वर्षा गुप्ता को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। स्कूल के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म मिलता है। कहा कि एचडी मेमोरियल में क्लास का सिलेबस के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कराई जाती है। इस मौके पर प्राचार्य अरुण कुमार, अमरेंद्र कुमार मिश्र, गौतम कुमार, रंजीत शाह, जेपी पांडे, पीके पांडे, मृत्युंजय पांडे, देवकृति टोप्पो, अनिमा कुजूर, मीना केरकेट्टा, नसरीन खातून, अंशु कुमारी, सतेंद्र गुप्ता सहित अन्य छात्राएं मौजूद रहीं।

## नेट्रोडैम स्कूल में अभिभावकों को दो टूक: 'नियम तोड़ेंगे तो जग छोड़ेंगे'

# 18 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को स्कूल तक बाइक-स्कूटी लाने की अनुमति नहीं है : डीटीओ

- नेट्रोडैम स्कूल में अभिभावकों की क्लास, नाबालिग ड्राइविंग पर वाहन जब्त, प्रिंसिपलों को विशेष नजर रखने का निर्देश
- ओवरलोडिंग पर ऑटो तत्काल जब्त



स्कूल में किया गया डीटीओ का स्वागत।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही नाबालिगों की मौत और स्कूली वाहनों में अनियंत्रित ओवरलोडिंग पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। गुमला नेट्रोडैम स्कूल में सुक्रवार को आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता महाअभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल और जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने लगभग 300 अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को एक मंच पर लाकर नियमों के पालन की सख्त चेतावनी दी। इस दौरान अधिकारियों ने अभिभावकों से सीधा संवाद करते हुए उनकी लापरवाही पर भी सवाल खड़े किए। डीटीओ ने सवाल किया कि उम्र से पहले अपने बच्चों के हाथ में वाहन देकर क्या हम अपने अभिभावक होने का फर्ज अदा कर रहे हैं। नाबालिग बच्चों की सबसे ज्यादा मौत होती है, सब जानते हैं, लेकिन फिर भी गलती करते हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र के छात्रों को किसी भी सूरत में स्कूल तक बाइक या स्कूटी लाने की अनुमति नहीं होगी। ऐसा करते पकड़े जाने पर नाबालिग छात्रों के वाहन को तुरंत जब्त किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल क्षेत्र से दूर कहीं वाहन छिपा कर आने वाले छात्रों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, नेट्रोडैम स्कूल की प्राचार्य ने जानकारी दी कि उनके स्कूल के 12 बच्चे बाइक से आते हैं, जिन्हें सख्त चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि 10279 बच्चों को उनके अभिभावक ही ड्रॉप करते हैं जिनमें अधिकतर बिना हेलमेट और ओवरलोडिंग कर ही आते हैं। इसलिए सभी की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है।

### ओवरलोडिंग पर रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति

सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभाष कुमार ने बताया कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाले ऑटो और टेंपो में ओवरलोडिंग को जान का सबसे बड़ा खतरा बताते हुए प्रशासन ने इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। बताया कि किसी भी परिस्थिति में तय मानक से ज्यादा सवारी ले जाते हुए पकड़े जाने पर ऑटो, टेंपो या बस को तुरंत जब्त करने का निर्देश है। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया की परिवहन चालकों के लिए नए मानक निर्धारित किए, जिनका सख्ती से पालन आवश्यक होगा। टेंपो चालकों को ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करना होगा। डीजल गाड़ियों के लिए खाकी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए नीला रंग की वर्दी अनिवार्य है। वहीं, स्कूल बच्चों को ले जाने वाले ऑटो में पीछे वाली दाहिनी तरफ और पीछे की तरफ जाली लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। बच्चों को ले जाने वाले ऑटो चालकों के लिए स्कूल से ऑथराइजेशन लेटर लेना पहले की तरह अनिवार्य रहेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि नशे की हालत में ड्राइविंग दुर्घटना का बड़ा कारण है। इस लिए स्कूल और कॉलेज के 100 गज के दायरे में पुड़िया, पान, तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशीली पदार्थों का बेचना, खरीदना या सेवन करना बिल्कुल वर्जित है। 'आंटी', 'बम्बैया', 'चुटकी' जैसी अघोषित पुड़ियों पर चिंता व्यक्त की गई, जो बच्चों को जल्द ही नशे का आदी बना देती हैं। प्रशासन ने निर्देश दिया कि ऐसे विक्रेताओं को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने जोर देकर कहा कि बच्चों की शिक्षा पहले घर से ही प्रारंभ होती है, अनुशासन कभी ना तोड़ें। डीटीओ ने निष्कर्ष निकाला कि लगभग प्रत्येक दिन जांच अभियान लगाया जा रहा है, लेकिन अभिभावक खुद नियम को हल्के में लेते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि शहरी क्षेत्र में दुर्घटना हो रही है सब जानते हैं, लेकिन हेलमेट या सुरक्षा के लिए प्रशासन को दोष देते हैं। दुर्घटना कहीं भी आ सकती है। अपना बचाव अपने हाथ में है। नियम तोड़ेंगे तो जग छोड़ेंगे।

# पालकोट में पेयजलापूर्ति पाइप लाइन में जगह जगह लिकेज, सड़क पर बह रहा हजारों गैलेन पानी

आजाद सिपाही संवाददाता






**पालकोट।** एक ओर सरकार हर घर नल जल योजना चला रही है, ताकि जरूरतमंदों को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े। इसके उलट पालकोट क्षेत्र में दिन-रात पेय जल की बर्बादी हो रही है। सड़क पर हजारों गैलन पानी बह रहा है। बतातें चलें कि कुछ वर्ष पहले पालकोट में नल जल योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से घर-घर पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। जिसके लिए पिंजरा डिपा नदी से पाईप लाइन के जरिए पालकोट के जल मिनार पर पानी का स्टॉक किया जाता था। कुछ दिनों तक पानी की आपूर्ति भी की गयी, लेकिन अचानक पानी की आपूर्ति बंद कर दी गईं। ग्रामीणों ने पानी की आपूर्ति को पुनः चालू करने का विभाग पर दबाव बनाया। लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं की गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा को दी और पेय जल आपूर्ति को पुनः शुरू कराने का आग्रह किया। उधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक भूषण बाड़ा और विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान के प्रयास से एक बार फिर से पेय जल आपूर्ति को शुरू कराया गया। लेकिन जलआपूर्ति शुरू होते ही जगह-जगह से पानी का रिसाव होने लगा। पानी का रिसाव इतना तेज है कि कई स्थानों पर फव्वारे की तरह निकल रहा है। लोगों का मानना है कि लगातार जलापूर्ति बंद रहने के कारण पाईप जगह-जगह से टूट गया है। अब लीकेज के कारण अत्यधिक पानी की बर्बादी होने लगी है। इस स्थिति में विभाग फटे पाईप को दुरुस्त करने के बजाय जल आपूर्ति को सुचारु रखे हुए है। जिससे प्रतिदिन हजारों गैलन पानी बर्बाद हो रहा है। इसे लेकर समाजसेवी मनु साहू ने कहा कि विभाग को पहले पाईप लाइन की मरम्मत करानी चाहिए थी। उसके बाद पानी की आपूर्ति शुरू करनी चाहिए, जिससे पानी की बर्बादी नहीं होती। वहीं, सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि पालकोट में हमेसा से पेय जल की समस्या रही है। पालकोट के लोगों के लिए पर्वत से निकलता निर्झर झरना ही एक मात्र सहारा है। ऐसे में पानी की बर्बादी चिंता का विषय है। उधर, ग्रामीण गिरधारी साहू ने कहा कि पेय जल आपूर्ति मात्र एक छलावा है। जो पानी लोगों के घरों में आनी चाहिए वो पाईप फटे होने के कारण सड़कों पर बह रहा है।

# डीसी ने की आवेदनों की समीक्षा शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित ने शुक्रवार को जिले में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान सभी विभागों से प्राप्त शिकायतों की प्रगति का अवलोकन किया गया। बतातें चलें कि अब तक जिले में जन शिकायत निवारण दिवस के माध्यम से विभिन्न विभागों से कुल 1086 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 441 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है, 249 शिकायतें प्रक्रिया में हैं, जबकि 396 शिकायतें लंबित हैं। डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में तत्परता बरती जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समन्वय बैठक में सभी विभाग अपने-अपने लंबित जन शिकायतों का विस्तृत विवरण लेकर उपस्थित हों। डीसी ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 साल की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे चार संजीव भाटिया की अदालत में शुक्रवार को 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 साल की सजा सुनायी गयी। साथ ही 20-20 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सुधीर टोप्पो ने पैरवी की। घटना 31 दिसंबर 2018 की है। बताया गया कि वारदात के समय शाम 6.30 बजे पीड़िता घर के बगल में ही स्थित खेत में शौच करने गयी थी। तभी बानपुर निवासी सुचित गोप और पुनीलता गांव निवासी नंदलाल ने उसे दबोच लिया और डरा धमका कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस बीच पीड़िता के चीखने की आवास सुनकर परिजन वहां पहुंच गये। जिसके बाद दोनों आरोपी वहां से फरार हो गये। हालांकि घटना के लगले ही दिन आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

# हादसे में घायल दवा व्यापारी की की इलाज के दौरान रांची में मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के चेटर निवासी रंजन मिश्रा (55) की मौत शुक्रवार को इलाज के क्रम में रांची के एक निजी अस्पताल में हो गयी। जानकारी के अनुसार रंजन मिश्रा का लोहरदगा रोड स्थित राजन मेडिकल हाल नामक दवा की दुकान है। जहां बुधवार की शाम रंजन सफाई-सफाई कर रहे थे। उसी दौरान वो कचरा फेंकने सड़क के उस पार गए थे, जहां तेज गति से गुजर रहे एक बोलेरो ने धक्का मार दिया था। गंभीर रूप से घायल रंजन मिश्रा को परिजन तत्काल सदर अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर ने गंभीर स्थिति देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन रात में ही निजी एंबुलेंस से उसे रिम्स अस्पताल ले गये। वहां से उसे रांची के ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर, घटना के बाद से पुलिस अब तक रंजन को धक्का मारने वाले वाहन का पता नहीं लगा पायी है। जिसके परिजनों और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

# दीपावली-छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** धनतेरस, दीपावली और छठ पर्व को लेकर सदर थाना में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें शहर में त्योहार के दौरान सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस बैठक में एसडीओ राजीव नीरज, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सीओ हरीश कुमार और थाना प्रभारी महेंद्र करमाली की संयुक्त उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ राजीव नीरज और एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने की। इसमें शहर की साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्थापन, अतिक्रमण, बिजली, पेयजल की सुविधा, नशा रोकथाम और अन्य सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान स्वच्छता बनाए रखें और अपने घरों और आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। साथ ही लोगों से सड़क पर अतिक्रमण न करने और निर्धारित स्थानों पर वाहन पार्क करने का अनुरोध किया गया, ताकि ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। एसडीओ रने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और सामूहिक परंपरा का हिस्सा हैं। इस दौरान सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सभी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करेंगे। वहीं, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि पर्व के समय शराब और नशीले पदार्थों का सेवन अपराध और अशांति का कारण बन सकता है। इससे बचें।

# घाघरा में कांग्रेस की बैठक में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान पर चर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस की बैठक सिया धर्मशाला में शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडेय ने की। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए 'वोट चोर गद्दी छोड़' आंदोलन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाने को लेकर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को आंदोलन की जानकारी दें और हस्ताक्षर कराएं, ताकि जनता की आवाज को मजबूती मिल सके। इस मौके पर अगस्टिन महेश कुजूर, कृष्ण कुमार लोहरा, आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी, मोहम्मद रफी अली, नसीम अंसारी, सौरभ भगत, संदीप मिंज, गन्दूर उरांव, मुकुल भगत, बसंत उरांव, सरोजिनी किरण भगत, फ्रांसिस जेवियर लकड़ा, मोहन भगत और भुनेश्वर राम आदि उपस्थित रहे।

# भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में दीपावली से पूर्व शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, थाली एवं क्लास डेकोरेशन में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति और लोक कला की पहचान है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा आठ की राही, आभा, पुष्पांजली, आस्था एवं लिया की टीम प्रथम, कक्षा 7वीं की पूर्वी, सलिख, रितिका एवं हर्षिका की टीम द्वितीय, जबकि कक्षा 8वीं की सुहाना, प्रिया एवं शुभम की टीम तृतीय रही। कक्षा सातवीं के छात्रों ने नारी शक्ति पर संदेशपूर्ण रंगोली बनाई। प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने दिया एवं मोमबत्ती पेंटिंग से सभी को आकर्षित किया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बड़काड़ीह के समीप सड़क दुर्घटना में निधियाटोली निवासी राजेंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सीधे गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार राजेंद्र बाइक से घाघरा से अपने घर निधियां टोली जा रहा था। तभी बड़काडीह के पास महिला को धक्का मारते हुए गिर गया।

# दिवाली की रात आठ से 10 बजे तक ही कर सकेंगे आतिशबाजी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** दीपावली और छठ पूजा प्रेम-सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शुक्रवार को सिसई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने की। इसमें सिसई उतरी की जिप सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सीओ अशोक बड़ाइक, एसआई आशीष कुमार और अजय कुमार आदि शामिल रहे। इस दौरान त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दीपावली में रात 8 बजे से लेकर 10 बजे तक ही आतिशबाजी किया जा सकता है। वहीं लोगों से आसमानी पटाखों जैसे रॉकेट, सितारा बम एवं भारी विस्फोटक वाले पटाखों से सावधानी बरतने पर बल दिया। वहीं, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा हिन्दू समाज के लिए आस्था का महापर्व है। इसमें छठव्रती उपवास रखकर सूर्य की उपासना करते हैं और अपने अपने सुविधानुसार नजदीकी जलाशयों में सूर्य को अर्घ्य देते हैं जिससे कहीं-कहीं काफी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात बाधित हो जाता है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर नागफेनी कोयल नदी तट पर गुमला जिले से और सिसई प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में लोग छठ पूजा मनाने आते हैं। उन्होंने छठ पूजा समिति नागफेनी के पदाधिकारियों से कहा कि वाहन पार्किंग का व्यवस्था सड़क से दूर किनारे कराएं जिससे आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे और जाम की स्थिति न बने। इस मौके पर निरंजन सिंह, तेजमोहन साहु, रामानंद सिंह, मनोज वर्मा, अंजुमन सदर सचिव सलमान अली, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, झामुमो नेता उमर फारुख आदि मौजूद थे।

# दुंदुरिया सरकारी बस डिपो से बसों का परिचालन शुरू

## विभिन्न रूटों पर जाने वाली 70 बसें इसी सरकारी बस डिपो से होंगी संचालित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित की पहल एवं दिशा निर्देश के आलोक में शुक्रवार से लोहरदगा रोड स्थित दुंदुरिया के सरकारी बस डिपो से यात्री बसों का परिचालन प्रारंभ कर दिया गया। इस व्यवस्था का उद्देश्य शहर को सड़क जाम की समस्या से मुक्त कराना और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि अब लोहरदगा, पलामू, नेतरहाट, राउरकेला, घाघरा, कोतम, गया मार्ग सहित विभिन्न रूटों पर जाने वाली लगभग 70 बसें इसी सरकारी बस डिपो से संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ती जाम और ललित उरॉव बस स्टैंड पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। लोहरदगा की दिशा से आने वाली सभी बसों का स्टॉपेज अब पुराने बस स्टैंड (दुन्दुरिया) में निर्धारित किया गया है। किसी भी परिस्थिति में लोहरदगा रूट की बसें ललित उरॉव बस स्टैंड में नहीं रुकेंगी। साथ ही, ललित उरॉव बस स्टैंड से प्रस्थान करने वाली बसों को केवल पूर्व-निर्धारित स्टॉपेज स्थलों पर ही रुकने की अनुमति दी गई है। शहरी क्षेत्र में निर्धारित स्थानों के अतिरिक्त अनधिकृत रूप से रुकने वाली बसों पर कठोर जुर्माना लगाया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि बस परिचालन को व्यवस्थित और सुचारू रखने के लिए पूर्व में बस मालिकों के साथ बैठक की गई थी, जिसमें यह स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि 17 अक्टूबर से सभी बसों का परिचालन दुन्दुरिया बस डिपो से ही किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी बस का संचालन अन्य किसी स्थान से किया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। बस डिपो में व्यवस्था को बनाए रखने एवं परिचालन को सुचारू रखने के लिए नगर परिषद, गुमला और मनरेगा प्रखंड, गुमला के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने आवंटित स्थल पर समय से उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं, डीसी ने कहा कि इस नई व्यवस्था से शहर में यातायात सुगम होगा, सड़क जाम में कमी आएगी, और आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।



## स्कूली बस की चपेट में आने से 4 वर्षीय मासूम की मौत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुल्हर गांव में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दुल्हर गांव निवासी रवींद्र राम का पुत्र मयानंद राम सुबह करीब 8:15 बजे आंगनबाड़ी में पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान एक स्कूली बस की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार उक्त बस सुशीला अकादमी स्कूल का बताया जाता है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

चैनपुर(आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव स्थित सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी संख्या JH01FM 4503 जो डाल्टनगंज से रंका की ओर जा रही थी। जानकारी के अनुसार रास्ते में बने गड्ढे के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी असंतुलित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। गाड़ी में सवार व्यक्ति की पहचान विकास सिंह (35 वर्ष) के रूप में की गयी है, जो रांची के निवासी हैं।

## हुसैनाबाद पुलिस ने किया छह करोड़ के बैंक घोटाले का खुलासा

# ग्रामीण बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**मामला ग्रामीण बैंक की दंगवार शाखा से बैंक मैनेजर द्वारा 6 करोड़ से अधिक राशि के गबन का स्वयं सहायता समूह और विशेष सावधि खातों से फर्जी तरीके से की गयी थी निकासी**



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ और थाना प्रभारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये के बैंक गबन मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। मामले में पुलिस ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक दंगवार शाखा के पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह (33 वर्ष), पिता मदन सिंह, निवासी कोनौली, थाना राजपुर, जिला बक्सर (बिहार) को सासाराम (बिहार) से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह मामला हुसैनाबाद थाना कांड संख्या-169/24, दिनांक 24 जुलाई 2024 से संबंधित है, जिसमें धारा 409, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. के तहत कार्रवाई की गयी थी।

अनुसंधान में खुलासा हुआ कि अभियुक्त मनोज कुमार सिंह ने शाखा प्रबंधक के पद पर रहते हुए 11 महिला समूह खातों से फर्जी तरीके से ऋण स्वीकृत कर निकासी की थी। इसके अलावा उसने विशेष सावधि जमा खातों से भी बिना ग्राहकों की जानकारी और सहमति के बड़ी रकम निकाल ली थी। अभियुक्त ने ग्राहकों की पहचान संख्या (केवाईसी) का दुरुपयोग कर उन्हीं के नाम से दूसरा फर्जी बचत खाता खोला। इसके बाद विशेष सावधि जमा की रकम को उन खातों में ट्रांसफर कर, अपने निजी परिचितों के खातों में भेजकर नकद निकासी कर ली।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने बैंक से कुल 6 करोड़ 3 लाख 34 हजार 245 रुपये का गबन किया था। बाद में उसने बैंक को 4 करोड़ 66 लाख 89 हजार 942 रुपये वापस जमा किये, लेकिन अब भी भारी रकम बकाया है। कांड की गंभीरता को देखते हुए हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। टीम ने सभी दस्तावेजों और लेन-देन की गहन जांच की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का पता लगाकर 16 अक्टूबर 2025 को सासाराम से गिरफ्तार किया।

एसआईटी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो याकूब के साथ अंचल निरीक्षक बिनोद राम (अनुसंधानकर्ता), हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, हुसैनाबाद थाना के मुकेश कुमार, रमण यादव, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार, महिला थाना की सिंगराय हेंब्रम, सहायक उपनिरीक्षक कालिका राम और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसडीपीओ हुसैनाबाद एस मो याकूब ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध ठोस साक्ष्य एकत्र किये गये हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित बैंक धोखाधड़ी का मामला था। पुलिस टीम ने लगातार निगरानी और साक्ष्य जुटाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।07

# बदमाशों ने पहले छीना मोबाइल, फिर उससे निकाले 1.11 लाख, दो गिरफ्तार

**वारदात में प्रयुक्त मोबाइल, सिम और बुलेट बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** साइबर थाने की पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये बदमाशों में अमन कुमार चौधरी और विजय कुमार चौधरी दोनों सहोदर भाई हैं। ओप शहर के भुरभुरा मोड़ हनुमान मंदिर के पास के रहने वाले हैं। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त बुलेट, सिम और मोबाइल बरामद हुआ है।

साइबर डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि 15 अक्टूबर को कृष्णापुरी मोहल्ले में राकेश रोशन का बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया था। उसी दिन इनके खाते से कुल 80,000 और पत्नी की खाते से 11 हजार 418 रुपये बदमाशों ने निकाल लिये थे। केस दर्ज होने के बाद साइबर थाने की पुलिस ने मामले की छानबीन की, जिसमें पीड़ित ने भी सहयोग किया। जांच में आया कि अमन और उसके छोटे भाई ने मिलकर घटना को अंजाम दिया है। साइबर थाने की पुलिस ने दोनों भाइयों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में साइबर थानेदार सहदेव प्रसाद, नगर थानेदार राजीव कुमार, इंस्पेक्टर हरदियुस टोप्पो, दारोगा घनश्याम गंजु व साइबर थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# मिसरना में हथियार के बल पर 25 लाख की डकैती

**अपराधियों ने गृहस्वामी के परिवार को बनाया बंधक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के मिसरना गांव में बीती देर रात एक बड़ी डकैती की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, लगभग दस से ग्यारह की संख्या में अपराधी सफेद स्कॉर्पियो से पहुंचे और सीताराम मंडल के घर पर धावा बोल दिया। अपराधियों ने बम और हथियार के बल पर पूरे परिवार को बंधक बना लिया तथा घर में रखे करीब 20 लाख रुपये नकद और पांच लाख रुपये मूल्य के जेवरात लूट लिये।

बताया जा रहा है कि डकैतों ने गृहस्वामी के साथ मारपीट की और आठ माह के मासूम बच्चे पर भी पिस्टल तान दी। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। सूचना मिलते ही मधुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी है। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

### कुछ सप्ताह पहले ही बैंक में हुई थी डकैती

गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पहले ही मधुपुर के एचडीएफसी बैंक में करोड़ों की डकैती हुई थी, जिसे पुलिस ने अभी तक नहीं सुलझाया पाया है। और अब यह नई घटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है।

## हैदरनगर के किड्स जोन स्कूल ने छात्रों को किया सम्मानित



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हैदरनगर के किड्स जोन लर्निंग स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में कई विद्यार्थी अच्छा परिणाम लाकर विद्यालय और अपने अभिभावक का नाम रोशन किया जिसमें आदर्श सिंह, अनुष्का, रोमा सिन्हा, आकांक्षी कुमारी, पल्लवी कुमारी, आतिफ अहमद, जीशान खान, मोनी कुमारी, यश कुमार, अलोक, जैनब सिद्दीकी, आनया कुमारी, इंदल, मीरा कुमारी, वेद सिंह, अफसा परवीन, मोजाहिद खान, अक्सा खातून सहित कई विद्यार्थी अच्छे परिणाम के साथ सफल हुए।

## डीएवी भंडारकोला में आगामी दीपावली और छठ के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



देवघर (आजाद सिपाही)। गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला देवघर में आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के उपलक्ष्य पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले सीनियर बच्चों ने इको फ्रेंडली दीवाली मनाने की प्रेरणा देते हुए नाटक का मंचन किया। इसके पश्चात सीनियर बच्चों ने छठ महापर्व की समस्त विधियों को दिखाते हुए संगीतमयी प्रस्तुति की तो दर्शकों के मंच पर छठ के घाट जैसी अनुभूति हुई और सबों ने आस्था के सैलाब में डुबकी लगाई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रस्तुति की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## देवघर में सीपीआर कार्यशाला आयोजित

देवघर (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग, देवघर की ओर से शुक्रवार को एक विशेष सीपीआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा कर्मियों और आम नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी ने कहा कि सीपीआर की जानकारी हर नागरिक के पास होना आवश्यक है, क्योंकि यह तकनीक किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। उपस्थित प्रतिभागियों को मौके पर ही अभ्यास करने का अवसर भी दिया गया, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में आत्मविश्वासपूर्वक कार्य कर सकें। इस अवसर पर डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ प्रशिक्षु एएनएम, आशा फैसिलिटेटर और शहरी सहिया भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संचयन, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ एमके गुप्ता, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ सुषमा वर्मा, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ मनीष शेखर, डीपीसी प्रवीण सिंह, डीडीएम पोखराज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए शुक्रवार को ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल, सतगावां (हरिहरगंज) के छात्र-छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्होंने यह अपील की कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में फोटो या वीडियो बनाने के बजाय तुरंत एंबुलेंस को कॉल करें और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करें।

## धनतेरस को लेकर सोना-चांदी के आभूषणों की खरीदारी में लगे लोग

# सोना महल में ग्राहकों की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** धनतेरस एवं दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक लौट गयी है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी चहुंओर चहल-पहल और खरीदारी करने वालों की भीड़ देखी जा रही है। जीएसटी दरों में कटौती और सामान के नये-नये ऑफर्स और भारी छूट मिलने की वजह से इस वर्ष खरीदारी बढ़ गयी है। ग्राहकों के अप्रत्याशित भीड़ होने की उम्मीद पर विक्रेताओं में उत्साह है। बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक सामान, बरतनों, फर्नीचर, कपड़े, पेंट के सामान, सजावटी वस्तुओं और मोटर वाहनों की मांग में इजाफा हुआ है। लोग धनतेरस को लेकर सोनें चांदी और डायमंड के आभूषणों की खरीदारी को लेकर शहर के चर्चित शोरूम सोना महल में अपने अपने आभूषणों की बुकिंग बखूबी कर रहे हैं।

**सोने चांदी की दुकानों में चल रहा है ऑफर :** धनतेरस को लेकर बाजार में सोने चांदी की दुकानों में आकर्षक ऑफर चल रहे हैं। सोने चांदी की खरीदारी के लिए भी लोग बाजार का रुख कर रहे हैं। सोने की बढ़ती कीमतों के बाद ग्राहकों में सोने चांदी के आभूषणों की खरीदारी करते देखा जा रहा है। सोना महल के प्रोपराइटर सह पलामू स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय सोनी ने बताया कि निवेश के हिसाब से सोना-चांदी अच्छा विकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां देश विदेश के आभूषणों की अच्छी खासी रेंज है। जो भी ग्राहक यहां आ रहे हैं अच्छी रेंज के चलते अपने आभूषणों की खूब खरीदारी कर रहे हैं।

# शाहपुर में विधायक ने किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



**सस्ती दरों पर दवा उपलब्ध कराने का आग्रह किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डाल्टनगंज-चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने शाहपुर चौक स्थित पलामू मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर धीरज चौरसिया ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।वहीं पलामू मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर धीरज चौरसिया ने बताया कि इस स्टोर का उद्देश्य आम जनता को उचित और सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सा सेवा हर वर्ग तक आसानी से पहुंच सकेगी। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया ने धीरज चौरसिया की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में जागरूकता और सुविधा आज की बड़ी जरूरत है। उद्घाटन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला महामंत्री ज्योति पांडे,अविनाश देव, पूर्व जिला परिषद सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया, अविनाश चौरसिया,मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता, ज्ञानधन चौरसिया और आसपास के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मेडिकल स्टोर की शुरूआत को एक सकारात्मक सामाजिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी।

## नगर परिषद के मुख्य पांच चौक -चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण

विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद के पांच प्रमुख चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण होगा। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। सौंदर्यीकरण का कार्य नगर विकास विभाग व जुडको मिलकर करेंगे। संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित चौक - चौराहों का पूर्व में ही स्थल निरीक्षण किया जा चुका है। अब ड्रोन के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है। नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि नप मुख्यालय स्थित गांधी चौक, बीमोड़ चौक, महिला मंडल चौक, रेहला महावीर चौक व थाना चौक सौंदर्यीकरण के लिए चुना गया है। इसके अलावा पंचमुखी मंदिर सह साप्ताहिक बाजार प्रांगण के भी सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र को सुंदर व स्वच्छ बनाये रखने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मौके पर कई नप कर्मी और सर्वेयर मौजूद थे।

## संत माइकल एंग्लो विद्यालय में कराया गया स्वच्छता प्रतियोगिता

# स्वच्छता एक आदत नहीं, एक जीवन दर्शन है : डॉ जेसी राज

**'स्टूडेंट चैंपियंस इन हाइजीनिक अवॉर्ड' से बारह छात्रों को किया गया सम्मानित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** नींव चाहे घर की हो, समाज की हो, देश की हो, विचारों की हो या फिर व्यवहारों की, मजबूत होनी चाहिए, क्योंकि मजबूत नींव ही भविष्य में होने वाली घटनाओं के आधार को तैयार करती है। कहते हैं कि बच्चों को जो भी सिखाना हो शुरू के कुछ सालों में सिखा दिया जाए तो वे जिंदगी भर याद रखते हैं क्योंकि बालमन भी एक बीज की तरह होता है- जो भी संस्कार, सोच और व्यवहार हम इस अवस्था में डालते हैं, वही आगे चलकर व्यक्ति और समाज का रूप धारण कर लेता है। ज्ञान का पहला अध्याय घर से शुरू होता है, लेकिन व्यवहारिक जीवन की सबसे बड़ी पाठशाला स्कूल है। ऐसा मानना है संत माइकल एंग्लो विद्यालय के चेयरमैन डॉ जे.सी राज का। डॉ. राज के अनुसार स्कूल सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। इतना ही नहीं समय का महत्व, अनुशासन, सामाजिक व्यवहार और सबसे जरूरी, स्वस्थ रहने की आदत का बीजारोपण भी स्कूल में ही होता है। डॉ. राज कहते हैं

स्वच्छता एक आदत नहीं, एक जीवन दर्शन है, जो अगर बचपन से सीख लिया जाए, तो एक स्वस्थ समाज की नींव बन सकती है। और इसी सोच को साकार रूप देने के लिए डॉ. राज ने संत माइकल एंग्लो विद्यालय में स्वच्छता कंपटीशन का आयोजन कर बारह छात्रों को 'स्टूडेंट चैंपियंस इन हाइजीनिक अवॉर्ड' से सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले छात्रों में विभा, अनन्या, तनिषा, जन्नत, मैडोना, लक्ष्य, पवन, राजवीर, राउसी, अनुभव, गौरव व अमनदीप शामिल हैं। मौके पर डॉ. जे सी राज द्वारा 'स्वच्छता से स्वास्थ्य के सूत्र बतलाते हुए सबको शपथ दिलायी गयी कि अपने आसपास गंदगी फैलने से रोक कर ग्रीन क्लीन करेंगे। मौके पर' रिसोर्स एनर्जी सेवर सम्मान तनिषा को दिया गया।

# मारपीट की घटना ने छीना तीन बच्चों का सहारा, घायल की इलाज के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के अखौरी पतरा (राजोगाड़ी) गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव के ही निवासी अनिल कुमार मिश्रा, पिता स्व. वशिष्ठ मिश्रा, उम्र लगभग 45 वर्ष, को 15 अक्टूबर 2025 को गांव के ही टुनटुन मिश्रा (पिता राम प्रवेश मिश्रा, उम्र लगभग 21 वर्ष) और उसके बहनोई नरेश तिवारी (पिता स्व. जगन्नाथ तिवारी, उम्र लगभग 40 वर्ष) ने बेरहमी से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया।

बताया जा रहा है कि घटना गांव में ही पांकी मेदिनी नगर मुख्य पथ, लखन तिवारी के घर के पास हुई। मामूली विवाद को लेकर दोनों आरोपियों ने मिलकर अनिल मिश्रा पर इस कदर हमला किया कि वे गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में परिजनों ने घायल अनिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

लगातार इलाज के बावजूद अनिल मिश्रा की हालत में सुधार नहीं हो सका और 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मृतक अनिल मिश्रा अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चों को छोड़ गये हैं, जिनकी उम्र 12 वर्ष से भी कम बताई जा रही है। पिता के साये के अचानक उठ जाने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

इधर मृतक के परिजनों ने इस मामले में टुनटुन मिश्रा और नरेश तिवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए लेस्लीगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे जघन्य कृत्य करने वालों को सख्त सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न करे।

नोडीहा पंचायत के मुखिया मनदीप मेहता ने परिजनों को अंबेडकर आवास एवं सरकारी प्रावधान द्वारा मिलने वाला राशि को जल्द दिलाने का भरोसा दिलाया उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे मामूली विवाद में इस तरह का जानलेवा हमला नहीं करना चाहिए था।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग

**"आम सूचना"**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय राज्यादेश सं0 05 रा0 (वि0), दिनांक 16.06.2025 के द्वारा प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजना के तहत हजारीबाग जिला के इच्छुक दुग्ध उत्पादकों एवं युवा शिक्षित बेरोजगारों के लिए Indira Gandhi Open University (IGNOU) के माध्यम से प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास), धुर्वा, सेक्टर–2, रॉची में स्थापित अध्ययन केन्द्र (स्टडी सेन्टर कोड सं0–32023 P) द्वारा संचालित दो माह का **Awareness Programme on Dairy Farming (APDF)** एवं एक वर्ष **Diploma in Dairy Technology (DDT)** पाठ्यक्रम के सत्र प्रारंभ की जा रही है। पुनः इच्छुक अभ्यार्थियों / प्रगतिशील डेयरी कृषकों जिला गव्य विकास पदाधिकारी के कार्यालय से शीघ्र संपर्क स्थापित कर सत्र 2025–26 में अपना नामांकन / निबंधन सुनिश्चित करें।

**वित्तीय वर्ष 2025–26 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।**

| क्र0 | अर्हता | Awareness Programme on Dairy Farming (APDF) | Diploma in Dairy Technology (DDT) |
|---|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम योग्यता | 1. मैट्रिक पास / साक्षर<br>2. 18 से 55 वर्ष उम्र<br>3. गव्य पालन का अनुभव<br>4. न्यूनतम पाँच गाय की परिसम्पत्ति | 1. 10+2/Senior Secondary pass out.<br>2. Bachelor Preparatory Programmed (BPP) (Under IGNOU/ODL mode)<br>3. 10th pass may enroll simultaneously for the BPP and Diploma Programme |
| 2 | कोर्स अवधि | 02 माह (16 दिनों का Theory Classes) | 01 Year (Theory and Practical) |
| 3 | शिक्षण का माध्यम | हिन्दी एवं अंग्रेजी | हिन्दी एवं अंग्रेजी |
| 4 | नामांकन शुल्क विवरणी | 1. प्रशिक्षण शुल्क एवं अन्य विविध व्यय।<br>2. भोजन एवं आवासन की व्यवस्था निःशुल्क है। | कोटि (I) एवं (II) के लिए रू0 14400/– तथा कोटि (III) के लिए रू0 15700/– (ग्रामीण एवं बी0पी0एल0 अभ्यर्थियों को नामांकन शुल्क में 50% की रियायत) |
| 5 | नामांकन की अंतिम तिथि | 30.10.2025 तक / सीटें समाप्त होने तक | 30.10.2025 तक (बिना विलम्ब शुल्क के) |
| 6 | कुल सीटें | OSP- 10 Nos. | 40 मात्र। |
| 7 | नोट | – | प्रथम 40 झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों को नामांकन शुल्क की 50% राशि के प्रतिपूर्ति किए जाने का प्रावधान। |

1. प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, रॉची अवस्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र में विद्यार्थियों के उपबोधन की अवधि विद्यार्थियों के पठन–पाठन एवं आवासन के लिए पुस्तकालय, प्रयोगशाला, डेयरीफार्म, चारा प्रत्यक्षण फार्म, ऑडियो–विजुअल क्लास रूम तथा महिला एवं पुरुष के लिए अलग–अलग छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।
2. इग्नू के माध्यम से डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सहकारी दुग्ध समितियों / संघों तथा राज्य स्तरीय दुग्ध महासंघ में दुग्ध विपणन पर्यवेक्षक / दुग्ध विश्लेषक / प्लांट ऑपरेटर / दुग्ध शीतक केन्द्र पर्यवेक्षक / दुग्ध विपणन सहायक / दुग्ध वितरक आदि के लिए आवेदन करने की अहर्ता अथवा स्वरोजगार के लिए कौशल विकास प्राप्त हो सकेगी।
3. विशेष जानकारी एवं नामांकन के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 364357 (Animal Husbandry)25-26*D


समस्त झारखंडवासियों को
धनतेरस
दीपावली
एवं
कालीपूजा
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## जनता दरबार में कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन



बोकारो (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 25 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई हुई। साथ ही, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन आदि उपस्थित थे।

# गिरिडीह : सीएससी सेंटर डकैती कांड का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार

**डकैतों ने घर से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, दो कैमरे, नगदी और कीमती आभूषण लूट लिये थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के भरकट्टा ओपी अंतर्गत ग्राम चिताखारो में 8 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे हुए सीएससी सेंटर डकैती कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि चार आरोपी अभी भी फरार बताये जा रहे हैं।

इस संबंध में बिरनी थाना (भरकट्टा ओपी) कांड संख्या 277/25, दिनांक 09.10.2025, धारा 310(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के त्वरित उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने बगोदर-सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी।

लगातार छापेमारी और संदिग्धों से पूछताछ के बाद पुलिस को सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर 16 अक्टूबर को गांडेय थाना की सहायता से ग्राम डहुआटांड में छापेमारी की गयी, जहां से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने डकैती में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

गिरफ्तार युवकों की पहचान कारू कुमार वर्मा और रितेश यादव के रूप में हुई है। दोनों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उनके साथ मोहित मंडल और छोटू मंडल भी वारदात में शामिल थे। आरोपियों ने बताया कि घटना से एक दिन पहले यानी 7 अक्टूबर को तीन अपराधी अपाचे मोटरसाइकिल से आकर सीएससी सेंटर की रेकी कर चुके थे। उन्हें जानकारी मिली थी कि सेंटर संचालक के पास करीब 10 लाख रुपये नकद रखे हुए हैं। इसके बाद 8 अक्टूबर की रात छह अपराधी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर सेंटर पहुंचे, पीछे की कुंडी तोड़कर घर में घुसे और पिस्टल के बल पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

डकैतों ने घर से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, दो कैमरे, नगदी और कीमती आभूषण लूट लिये थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं : एसपी**

पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने बताया कि इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं, क्योंकि पुलिस ने अभी तक केवल दो अपराधियों को ही गिरफ्तार किया है।

# पीएएस को मिला राष्ट्रीय गौरव सम्मान, स्कूल रैंकिंग में दूसरा खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो ।** बोकारो स्टील सिटी स्थित दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल ने शिक्षा जगत में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में बोकारो और झारखंड का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कूल बनने का गौरव हासिल किया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान नयी दिल्ली के पुलमैन होटल, एरोसिटी में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जहां देशभर से शीर्ष विद्यालयों के प्रतिनिधि और शिक्षा क्षेत्र के दिग्गज उपस्थित थे।

विद्यालय का यह सम्मान एक्सेक्यूटिव डायरेक्टर, डैनियल माइकल प्रसाद ने ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यालय की उत्कृष्टता में आस्था और विश्वास का प्रतीक है। पीएएस सतत नवाचार, चरित्र निर्माण और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ हर विद्यार्थी को एक सशक्त भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। 1989 से विद्यालय ने न केवल निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम दिए हैं, बल्कि ऐसे विद्वान और विद्यार्थी भी तैयार किये हैं जिन्होंने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हाल ही में पीएएस के विद्यार्थियों ने ओइसीडी द्वारा आयोजित पीआईएसए मूल्यांकन में भाग लेकर वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, KHUNTI**

**CORRIGENDUM-01**

Tender Reference No.: RCD/KHUNTI/984/2025-26
PR.No.363733Road(25-26)#D
NAME OF THE WORK: BALANCE WORK OF WIDENING AND STRENGTHENING OF SISAI-LAPUNG-DORMA ROAD(MDR- 030) FROM K.M. 00.00 TO KM. 43.40
CORRIGENDUM TITLE: Time of Completion
CORRIGENDUM DETAIL:

| As per published | To be as |
|---|---|
| Time of Completion : 03 months | Time of Completion : 06 months |

Executive Engineer
RCD,Road Division, Khunti
PR 364424 Road(25-26).D

## गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में एक ही रात चार घरों में चोरी

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत मोहलबागान कोलोनी के घरों में बीती रात चोरो ने चार घरों से लगभग दो लाख की संपत्ति लेकर चोर चंपत हो गया। पुलिस पुरे घटना की जानकारी लेने के लिए के बाद चोरों की तलाश में जुट गये है। वहीं चोरी की सुचना पर सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी ने क्षेत्र का दौरा किया पीड़ितों सुद्दू बाउरी, भादो बाउरी, दुखा पासी, मनोज कुमार से मिलने पहुंचे। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित इसीएल कर्मी सुद्दू बाउरी ने कहा कि बुधवार की रात करीब 11.30 बजे घर का ताला बंद कर ड्यूटी करने चले गये। सुबह 4:05 में जब वापस घर लौटे तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है।

## शहीद मनिंदर नाथ मंडल को 31वें शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि



धनबाद (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को शहीद मैदान सरायढेला में शहीद मनिंदर नाथ मंडल की 31वीं शहादत दिवस समारोह सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद मनींदर नाथ मंडल के साथ-साथ दिवंगत बिनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन, राम दास सोरेन और कंसारी मंडल के चित्रों पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आज के इस समारोह में मुख्य रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सांसद ढुलु महतो और अन्य उपस्थित थे।

## डिनोबिली स्कूल सीएमआरआइ के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के संग मनायी दिवाली

धनबाद (आजाद सिपाही)। हर वर्ष की तरह सी एम आर आई डिनोबिली स्कूल के विद्यार्थियों ने पैसे इक्कट्ठे कर चावल, आलू, दाल, बिस्कुट, साबुन, दिया-बत्ती, डिसपेनसर, वाटर बेग, सामान के साथ 17 अक्टूबर का वृद्ध आश्रम पहुंचे। वृद्धाश्रम में आकर बच्चों ने अपने शैक्षणिकस्तर के साथ-साथ सामुदायिक स्तर को भी समझा। प्राचार्या तनुश्री और शिक्षक प्रतिमा, सीजे एनटोनी ने अपने प्रयासों एवं उदारता से यह संभव कर पाया। लालमणि वृद्धाश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सचिव डॉ डीशरण, कोषाध्यक्ष ओंकार मिश्रा कार्यकारिणी अध्यक्ष बरनवाल सुधीर सहसचिव सुरेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी विजय ने विद्यार्थियों और प्राचार्य इंदू प्रसाद का आभार एवं धन्यवाद दिया।

## पहला कदम विद्यालय में दिवाली महोत्सव मना




धनबाद (आजाद सिपाही) । नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित विशेष दिव्यांग स्कूल पहला कदम में शुक्रवार को दिवाली महोत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद राउंड टेबल 342 के अध्यक्ष सूरज सरिया, अनूप गोयल, पंकज गोयल, पुनीत राजगारिया, साथ ही सरोज सरिया, निशा रजगढिया, पूजा गोयल, और शकुंतला अग्रवाला जैसी गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। स्कूल प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता, रिंग गेम तथा अन्य मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

**सार्वजनिक सूचना**

गुमला जिले के सभी आम वासियों को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल गीता देवी वगैरह के द्वारा एक दीवानी वाद ओरिजिनल सूट नं. 86/2023 जिसका शीर्षक "गीता देवी वगैरह बनाम सुमित प्रसाद वगैरह" है जो सिविल जज, जूनियर डिवीजन - 1, गुमला के न्यायालय में विचाराधीन है, जो कि निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित है -

संपत्ति का विवरण

कुम्हारटोली, लोहरदगा रोड, गुमला, थाना व जिला गुमला - खाता नं. 04, प्लॉट नं. 72, रकबा 0.19½ एकड़
उक्त संपत्ति विवादित है तथा वाद न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः सामान्य जनता, बैंकों, एवं वित्तीय संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति की खरीद-फरोख्त, गिरवी, लीज या किसी भी प्रकार के लेन-देन मैं न पड़ें, अन्यथा उससे उत्पन्न होने वाले कानूनी परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे।

राजेन्द्र कुमार नाग, अधिवक्ता,
व्यवहार न्यायालय, गुमला

## जमीन का म्यूटेशन दाखिल-खारिज, लगान रसीद से जुड़े कार्यों को ससमय करें निष्पादित : डीसी

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में भू-अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने गिरिडीह जिला अन्तर्गत चल रहे व लंबित भू-अर्जन से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि भू अर्जन से संबंधित कार्यों को किसी भी सूरत में लंबित न होने दें। साथ ही ऐसे कार्य में जो भी समस्यायें आ रही हैं उनका निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए करें। उपायुक्त ने भवनों के मूल्यांकण से जुड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने म्युटेशन, दाखिल खारिज के अलावा अन्य कार्यों का निराकरण करने का निर्देश दिया।

# कंपनियां मानवबल नियोजन के लिए स्थानीय नियोजनालय से करें संपर्क, एसओपी का पालन जरूरी: मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**पेटरवार स्थित जल संसाधन विभाग के गेस्ट हाउस सभागार में सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद और मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो ।** सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को पेटरवार स्थित जल संसाधन विभाग के गेस्ट हाउस सभागार में सीसीएल एवं ओएनजीसी के महाप्रबंधक, प्रबंधक व प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, सीसीएल और ओएनजीसी के पदाधिकारी व प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि कंपनियां अपने मानवबल की भर्ती के लिए स्थानीय नियोजनालय से संपर्क करें। ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। उन्होंने सभी कंपनियों को राज्य सरकार द्वारा बनाये गये एसओपी का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में कोयला ढुलाई कार्य में भी स्थानीय युवाओं-विस्थापित परिवारों के सदस्यों का वाहन इस्तेमाल में लाने, उन्हें रोजगार से जोड़ने की बात कहीं। उन्होंने सीसीएल और ओएनजीसी कंपनियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों से भी एसओपी का पालन सुनिश्चित करायें। किसी भी परिस्थिति में श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्यरत सभी श्रमिकों को पीएफ, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और बीमा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने झिरकी गांव में चल रही भूमिगत कोयला आग की समस्या पर गंभीर चिंता जतायी।

इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सीसीएल कथारा के महाप्रबंधक संजय कुमार को पूरे क्षेत्र का वैज्ञानिक सर्वे और मैपिंग कराने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि कंपनियां समस्याओं से भागें नहीं, बल्कि उनका सामना करें, उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपने-अपने क्षेत्र के प्रभावित गांवों को रेड और ऑरेंज जोन में बांटकर उनके लिए कार्य करें। इन कार्यों की निगरानी एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ के नेतृत्व में गठित टीम करेगी।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN – U40108JH2013-SGC001702)
ELECTRICAL SUPERINTENDING ENGINEER
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE,RAMGARH
RAMGARH CANTT, PIN – 829122
E-mail id: ese.ramgarh@gmail.com / Phone : 065553-231987

**Tender Cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances following NIT is hereby cancelled.

| Sl No | NIT No. |
|---|---|
| 01 | 138/PR/JBVNL/25-26 |
| 02 | 139/PR/JBVNL/25-26 |
| 03 | 140/PR/JBVNL/25-26 |

Earnest money deposited by the tenderer against the above NIT is released.
स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।
PR No. 359338
Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Ramgarh
PR 364442 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

## पदुगोड़ा : शिविर में 60 बच्चों का बना आधार कार्ड

महुदा (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड के पदुगोड़ा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार कार्ड बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया महेश पटवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने नौनिहालों के आधार कार्ड बनवाये। कुल 60 बच्चों के आधार नामांकन किये गये, जिनके जन्म प्रमाण पत्र पहले से उपलब्ध थे। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया श्री पटवारी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में आधार कार्ड प्रत्येक नागरिक की मूलभूत पहचान बन चुका है। छोटे बच्चों का आधार बनना न केवल उनकी पहचान को सशक्त करता है, बल्कि यह उन्हें भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सरकारी लाभों से जोड़ने में मददगार सिद्ध होगा।

# नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए आवासीय की दरकार, नहीं बन पाने से दर-दर भटक रहे अभिभावक

**बोकारो उपायुक्त और बेरमो एसडीएम से की गयी मदद करने का फरियाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** फुसरो नगर परिषद के कारीपानी निवासी मंसूर आलम का पुत्र खुशवक्त आलम का जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट मे नामकन के लिए चयन हुआ है। 14 अगस्त 2025 को कक्षा 7वीं मे खुशवक्त के नामांकन के लिए विद्यालय द्वारा पत्र जारी किया गया है। वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारीपानी मे वर्तमान में पढ़ रहा है। पर आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण नवोदय विद्यालय मे नामांकन यही हो पा रहा है। दिलचस्प पहलू यह है कि आवासीय बनाने के लिए दस्तावेज जमा करने है। उसमें उसे मैट्रिकुलेशन या उसके समकक्ष का प्रमाण पत्र जमा करना है। जबकि खुशवक्त का नामांकन सातवीं क्लास में होना है फिर वह मैट्रिक का प्रमाण पत्र कहां से ला पायेगा। खुशवक्त का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है। जबकि मां सलमा खातून कारीपानी नौधा चौक के सहायिका के रूप मे कार्यरत है। खुशवक्त के पिता मंसूर आलम ने बताया कि नामांकन नहीं होने से पूरा परिवार काफी मायूसी की हालत में है। आवासीय बनाने के लिए हर जगह गया, पर निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने बोकारो डीसी, बेरमो एसडीएम से आग्रह किया है कि किसी तरह कोई उपाय कर मेरे बेटे का आवासीय बनवाने की कृपा करें। ताकि खुशवक्त का नवोदय विद्यालय में नामांकन हो सके।



**पूर्व से परिवार के सदस्यों का बना हुआ है आवासीय**

खुशवक्त की मां सलमा खातून और पिता मंसूर आलम का भी आवासीय पूर्व से बना हुआ है। साथ ही खुशवक्त के तीन बहन सुहाना खातून, कैकसा प्रवीण व रोजी प्रवीण तथा बड़ा भाई खुशहाल आलम का आवासीय पूर्व से बना हुआ है। इसके बावजूद खुशवक्त का आवासीय नहीं बन पा रहा है। इससे इसकी पढ़ाई बाधित हो रही है।

**स्वास्थ्य विभाग**
**कार्यालय अधीक्षक, इटकी आरोग्यशाला इटकी, राँची**

**सूचना**

**PR 364171 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26**

इटकी आरोग्यशाला के मरीजों के लिए Group A दवा, केमिकल रसायन/उपकरण, Group B विविध सामग्री मशीन उपकरण, Group C विविध सामग्री, लेखन सामग्री, Group D खाद्य सामग्री एवं Group E दूध, फल, हरी सब्जी से संबंधित निविदा दिनांक 15.10.2025 तक निबंधित डाक से टंकित सील बन्द निविदा आमंत्रित की गई थी, एवं निविदा दिनांक 17.10.2025 को 12 बजे दिन में क्रय समिति के समक्ष इटकी आरोग्यशाला के कान्फ्रेन्स हॉल इटकी में खुलने वाला था, जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा पूर्णतः निरस्त की जाती है।

नोट :– निबंधित डाक से भेजी गई टंकित सील बन्द निविदा को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर लें।

अधीक्षक
इटकी आरोग्यशाला इटकी, राँची
PR.NO.364419 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

# धनतेरस आजः बर्तन और सर्राफा दुकानों में बढ़ी रौनक

**वाहनों की भी हो रही जबरदस्त बुकिंग इस साल अधिक बिक्री की उम्मीद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** धनतेरस को लेकर बोकारो में बर्तन व सरार्फा बाजार पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। दीपावली एवं धनतेरस की धूम से शहर में स्थित तमाम दुकानों में रौनक बढ़ गई है। इस बार कांसा, पीतल, तांबा और स्टेनलेस स्टील के नये व आधुनिक बर्तनों की कई वेरायटी बाजार में लायी गयी है। पिछले दो वर्षों से धनतेरस पर पीतल और कांसे के बर्तन की मांग को देखते हुए इस बार भी ऐसे बर्तनों से दुकानों सजी हुई हैं। वहीं, इस तीन परत वाले स्टेनलेस स्टील के बर्तनों की भी मांग देखी जा रही है। बर्तन कारोबारियों ने बताया कि धनतेरस के मौके पर पारंपरिक धातुओं की खरीदारी शुभ मानी जाती है। इसलिए इस बार पीतल, कांसा और तांबे के बर्तनों की विशेष रेंज स्टॉक में रखी गयी है। शुक्रवार को सोना 123250 रुपये प्रति 10 ग्राम (22 केरेट), और चांदी की कीमत 1 लाख 66 हजार 370रुपए प्रति किलोग्राम हो गयी। बीते एक सप्ताह में सोने -चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वाबजूद इसके ग्राहकों में उत्साह देखा जा रहा है। धनतेरस के मौके पर लोग चांदी के सिक्कों की भी जमकर खरीददारी करते हैं। चांदी सिक्के की कीमत 1900-2200 तक पहुंच गयी है। जबकि इन सिक्कों की कीमत पिछले साल 900 से 1200 तक रही थी। ज्वेलरी दुकानदारों का कहना है कि सोना चांदी की कीमत बढ़ने से मांग कम नहीं हो रही है, लेकिन हल्के जेवरातों की डिमांड अधिक हो रही है। दुकानदार बताते हैं कि धनतेरस को लेकर बुकिंग हो रही है।

**धनतेरस पर कार और बाइक के साथ साथ स्कूटी की जबरदस्त बुकिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों की भी है मांग**

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**
**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**
ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 34/2025-26
पत्रांक– 760 लातेहार/दिनांक– 16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दनदाहा मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार, प्रखंड–बरवाडीह, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 78.70 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।
PR 364367 Water Resource (25-26)D
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

## मंथन 2025 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

# जीता जूनियर ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने बिरला दिव्य ज्योति, सिलिगुड़ी में आयोजित 9वीं मंथन-नेशनल डीप रीडिंग कॉन्क्लेव फॉर स्कूल्स में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन कर शानदार सफलता हासिल की। देशभर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपने ज्ञान, कौशल और बौद्धिक क्षमता का लोहा मनवाया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल को ओवरऑल जूनियर चैंपियन की ट्रॉफी प्रदान की गयी।

थिएटर टीम ने अपनी जीवंत और सशक्त प्रस्तुति से निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया। क्रिएटिव राइटिंग (जूनियर) में प्रतिभागियों ने अपनी मौलिक सोच और अभिव्यक्ति कौशल से प्रभावित करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। आर्ट क्रिटिक कार्यक्रम में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और द्वितीय उपविजेता का सम्मान प्राप्त किया। डिबेट टीम ने प्रीलिम्स में बेस्ट स्पीकर्स का खिताब जीतकर फाइनल में द्वितीय उपविजेता का स्थान सुनिश्चित किया।

इस सफलता ने न केवल छात्रों की प्रतिभा और मेहनत को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी कक्षा के परे उपलब्धियों को बढ़ावा देने पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

प्राचार्या मनीषा शर्मा ने छात्रों और उनके मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम वर्क ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की ये उपलब्धियां उनकी मेहनत और समर्पण का प्रमाण हैं और स्कूल की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को भी दर्शाती हैं।

# एसबीयू में फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन

## पत्रकारिता जगत की कई प्रमुख शख्सियत यहां के छात्रों का मार्गदर्शन कर चुकी हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शुक्रवार को फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आइ-नेक्स्ट समाचार पत्र, रांची के वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट पिंटू दुबे ने विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। कार्यशाला में विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान फोटोग्राफी की तकनीकी बारीकियों और कलात्मक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी और विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही परिसर में एक प्रायोगिक सत्र का भी आयोजन किया गया। सत्र में विद्यार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त किया। सरला बिरला विश्वविद्यालय का पत्रकारिता विभाग समय-समय पर इस तरह के सत्र आयोजित करता रहता है ताकी छात्रों को पत्रकारिता से जुड़े विषयों की व्यवहारिक जानकारी मिल सके।

पत्रकारिता जगत के कई प्रमुख नाम विश्वविद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर विभाग के डीन अजय कुमार, विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार, डॉ नंदिनी सिन्हा एवं अजय कुकरेती उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विषय से संबंधित रचनात्मकता एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों को इस तरह की कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यशाला के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# आर्थिक तंगी से नहीं करा सके इलाज, परसोडीह में दो लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत परसोडीह में एक महिला और एक पुरुष की मौत होने से गांव में मातम पसर गया। परिजन अपने अपने घर से शव श्मशान ले जा रहे थे उस समय पूरे गांव में परिजनों की चीत्कार से माहौल पूरा गमगीन हो गया है। दो लोगों की मौत की सूचना थाना क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी जिसमें कई समाजसेवी,प्रतिनिधि पहुंचकर परिजनों को किसी प्रकार ढाढस बढ़ाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसोडीह निवासी सुजीत रजवार की पत्नी कई दिनों से बीमार थीं। जिन्हें पलामू के निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। आर्थिक अभाव में समुचित इलाज नहीं हो सका तभी अचानक सुजीत की पत्नी की मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना 35 वर्षीय परसोडीह निवासी राजन रजवार पिता नथुनी रजवार इलाज के दौरान मौत हो गया। राजन रजवार मझिआंव इलाज करा रहा था। परंतु आर्थिक तंगी के कारण इसकी मौत हो गयी।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

दो लोगों की असामयिक मौत से ग्रामीण दुखित हैं।इस मौके पर कई समाज सेवी एवं प्रतिनिधि मृतक के घर पहुंचे।समाज सेवी अजय वर्मा ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहयोग करने का आग्रह किया है।

### आर्थिक तंगी से दो परिवार बिखरा

केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह में एक साथ आर्थिक अभाव में एक महिला एवं एक पुरुष की अचानक मौत से दो घर के परिवार बिखर गया।दोनों घर के नाबालिक 2 पुत्रियां एवं 1 पुत्र अनाथ हो गये।सुजीत रजवार घर का इकलौता सहारा है।उसकी पत्नी की बीमारी के कारण असामयिक मौत से वह टूट गया।वही राजन की मौत होने से चार जिंदगियां तबाह हो गयी।राजन के नाबालिक दो पुत्री,एक पुत्र एवं उसकी पत्नी बेसहारा हो गये। दो लोगों की असामयिक मौत सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रही है।सरकारी अस्पतालों में गरीबों को कारगर स्वास्थ्य व्यवस्था मिलती तो आर्थिक अभाव में मौत नहीं होती।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में स्टाफ मीटिंग आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को दीपावली मिलन के उपलक्ष्य पर प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान विगत दिनों के शैक्षणिक कार्य की समीक्षा करते हुए छात्र हित को ध्यान में रखते हुए भविष्य की योजना पर चर्चा की गयी। शैक्षणिक वातावरण में सुधार लाने के लिए प्रत्येक विभाग के अकादमिक, अनुसंधान, सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि कॉलेज को आइएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेशन वर्ष 2028 तक के लिए सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। मौके पर उप-प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमित कुमार रॉय, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, सचिव डॉ स्वरत चौधुरी, डॉ धीरजमणि पाठक सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।




समस्त झारखंडवासियों को
धनतेरस
एवं
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
WITH BEST COMPLIMENTS FROM
A & A CONSTRUCTION
PUSTAK BHAWAN COMPLEX, COURT ROAD, RANCHI (JHARKHAND)


समस्त
झारखंडवासियों को
धनतेरस
एवं
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
कृपा शंकर सिंह
सदस्य प्रदेश कार्यसमिति
भाजपा, झारखंड प्रदेश

## गुजरात में तीन साल में सरकार ने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया

# भूपेंद्र सरकार में 26 मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी, 19 नये चेहरे

### संघवी बने डिप्टी सीएम, जडेजा की पत्नी की नयी पारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपने मंत्रिपरिषद में 19 नये चेहरों को शामिल किया है। नवगठित मंत्रिमंडल में पिछली टीम के छह सदस्यों को बरकरार रखा, जिनमें हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, जबकि क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा को भी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। इस फेरबदल के साथ मंत्रिपरिषद में अब मुख्यमंत्री सहित कुल सदस्यों की संख्या 17 से बढ़कर 26 हो गयी है। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में अधिकतम 27 मंत्री (सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत) हो सकते हैं। गुजरात की भूपेंद्र पटेल सरकार ने कैबिनेट में विभागों का नया बंटवारा कर दिया है।

### जातीय समीकरण का रखा गया ध्यान

यह कैबिनेट पुनर्गठन 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से दो साल पहले और स्थानीय निकाय चुनावों से कुछ महीने पहले किया गया है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी नए मंत्रियों और कैबिनेट मंत्री या स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। नयी कैबिनेट में जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा गया है। नए मंत्रिमंडल में आठ पिछड़ा वर्ग से तीन अनुसूचित जाति से, चार अनुसूचित जनजाति से संबंध रखने वाले विधायकों को मंत्री बनाया गया है।

**उपमुख्यमंत्री की वापसी :** पिछली कैबिनेट में गृह राज्य मंत्री रहे हर्ष सांघवी की पदोन्नति हुई है। उन्हें नए मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री बनाकर सरकार में दूसरे नंबर के पायदान पर पहुंचाया गया है। भूपेंद्र पटेल के पिछले चार वर्षों के कार्यकाल में यह पहली बार है कि राज्य में किसी उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत विजय रूपाणी के नेतृत्व वाली सरकार में यह पद नितिन पटेल के पास था, जिसे 2021 में समाप्त कर दिया गया था। नये मंत्री मंडल में सांघवी सहित छह विधायकों को मंत्रिमंडल में बरकरार रखा गया है। हालांकि गुरुवार को 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इनमें से छह मंत्रियों के इस्तीफे मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किए थे।

**इनकी हुई छुट्टी :** मुख्यमंत्री ने इस फेरबदल में 10 मंत्रियों को हटाया है, जिनमें उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत, कृषि मंत्री राघवजी पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भानुबेन बाबरिया और वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलु बेरा जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

**इन विधायकों को मिली मंत्रिपरिषद में जगह :** कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, अहमदाबाद की पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, गुजरात भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, मोरबी विधायक कांतिलाल अमरुतिया और वडोदरा विधायक मनीषा वाकिल को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। गुरुवार को गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। गुजरात भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और भावनगर से विधायक जीतू वाघाणी, अमरेली से विधायक और भाजपा के डिप्टी चीफ व्हिप कौशिक वेकारिया, स्वरूपजी ठाकोर, टीकाराम छंगा, जयराम गमित, जामनगर उत्तर विधायक रिवाबा जडेजा, पीसी बारांदा, दाहोद विधायक रमेश कटारा, अंकलेशअवर विधायक इश्वरसिहं पटेल, दीसा विधायक प्रवीण माली, बारसोड विधायक रमनभाई सोलंकी, पेटलाद विधायक कमलेश पटेल, महुधा विधायक संजय सिंह महिदा को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है।



### इन-इन मंत्रियों की भी हुई पदोन्नति

इन छह में से तीन, कनुभाई पटेल, रुशिकेश पटेल और कुंवरजी बावलिया पहले कैबिनेट मंत्री थे, जबकि सांघवी, प्रफुल पनशेरिया और पुरुषोत्तम सोलंकी राज्य मंत्री थे। इनमें से केवल हर्ष संघवी को पदोन्नत कर उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। वहीं पनशेरिया को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। मंत्रिमंडल में रीवाबा जडेजा को भी शामिल किया गया है। उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। उनके क्रिकेटर पति रवींद्र जडेजा और उनकी बेटी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। पार्टी ने जीतू वघानी, अर्जुन मोढवाडिया और मनीषा वकील को मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया है। पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मोढवाडिया ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इससे पहले वे गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रह चुके हैं और मार्च 2024 में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गये थे।

### अब ऐसा है नया मंत्रिमंडल

19 नये मंत्रियों में से जीतू वघानी, मनीषा वकील, ईश्वरसिंह पटेल और नरेश पटेल राज्य की भाजपा सरकारों में अलग-अलग समय पर मंत्री रह चुके हैं। मंत्रिपरिषद में अब 25 मंत्रियों में से नौ कैबिनेट स्तर के, तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 13 राज्य मंत्री हैं।

## पंजाब डीआइजी की चंडीगढ़ कोठी से 7.5 करोड़ कैश मिले

### सीबीआइ कोर्ट ने डीआइजी हरचरण सिंह भुल्लर को जेल भेजा

### ढाई किलो सोना-चार हथियार भी जब्त, फार्म हाउस से शराब मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआइजी हरचरण सिंह भुल्लर की कोठी और फार्महाउस से मिले सामान की पूरी डिटेल सीबीआइ ने जारी की है। चंडीगढ़ स्थित कोठी से साढ़े 7 करोड़ कैश, ढाई किलो सोने की ज्वेलरी, लग्जरी घड़ियां, हथियार, बैंक अकाउंट्स की डिटेल्स और 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी के डॉक्यूमेंट मिले। वहीं, लुधियाना स्थित फार्महाउस से शराब के साथ कैश और कारतूस मिले हैं। इसके अलावा बिचौलिए के घर से 21 लाख कैश और कुछ डॉक्यूमेंट मिले हैं।

### कहां से क्या मिला

**चंडीगढ़ कोठी :** डीआइजी की चंडीगढ़ के सेक्टर 40 में स्थित कोठी से साढ़े 7 करोड़ कैश, ढाई किलो सोने की ज्वेलरी, रोलेक्स व राडो समेत 26 लग्जरी घड़ियां, 100 जिंदा कारतूस समेत 4 हथियार, लॉकर की चाबियां, मल्टीपल बैंक अकाउंट्स की डिटेल्स, 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी के डॉक्यूमेंट मिले हैं। इनमें से कुछ प्रॉपर्टी फैमिली मेंबर के नाम पर हैं। कुछ बेनामी हो सकती हैं।

**समराला में फार्महाउस :** लुधियाना के समराला स्थित डीआइ के फार्महाउस से 108 बोतल शराब, 5.70 लाख रुपए कैश और 17 जिंदा कारतूस मिले हैं।

**बिचौलिए का घर :** 21 लाख रुपये कैश और कई तरह से संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं।

**एक दिन डीआइजी और बिचौलिए को पकड़ा था :** डीआइजी भुल्लर और कृष्नु को सीबीआइ ने गुरुवार (16 अक्टूबर) को गिरफ्तार किया था। मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्ता से 8 लाख रिश्वत लेते हुए पहले कृष्नु को सेक्टर-21 से पकड़ा। फिर डीआइजी ने कारोबारी और बिचौलिए को मोहाली ऑफिस बुलाया तो सीबीआइ ने साथ जाकर डीआइजी को भी रिश्वत की रकम लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

कारोबारी को उस पर 2023 में सरहिंद थाने में दर्ज फर्जी बिल-बिल्टी के सहारे दिल्ली से माल लाकर फर्नेश में बेचने के केस में चालान पेश करने की धमकी देकर रिश्वत मांगी गयी थी, जिसकी शिकायत उसने सीबीआइ को की थी।



### सीबीआइ कोर्ट ने डीआइजी और बिचौलिए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

शुक्रवार को डीआइजी और उनके बिचौलिए कृष्नु को शुक्रवार को चंडीगढ़ की स्पेशल सीबीआइ कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस दौरान भुल्लर ने रुमाल से चेहरा ढका हुआ था। इस पर जज ने कहा कि अपने चेहरे से रुमाल हटाइए। वहीं मीडिया के पूछने पर भुल्लर केवल इतना ही बोले- कोर्ट इंसाफ करेगा, हर चीज का जवाब देंगे। डीआइजी की रात बुड़ैल जेल में कटेगी।

### वकील बोले- भुल्लर को मेडिसिन दी जाये

इस बीच भुल्लर के वकील एचएस धनोआ ने कहा कि भुल्लर को करीब सुबह 11:30 हिरासत में लिया गया, मगर गिरफ्तारी रात 8 बजे डाली। वहीं वकील एएस सुखुजा ने कहा कि अदालत के अंदर भुल्लर की मेडिसिन को लेकर बताया गया था। कोर्ट में कहा कि नियमों के अनुसार उन्हें मेडिसिन दी जाये। इसके बाद कोर्ट ने मेडिसिन देने के लिए कहा।

## पाकिस्तानी आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला, 7 सैनिकों की मौत,13 घायल

**वजीरिस्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गये। हालांकि अधिकारियों ने दावा किया है कि उनका कोई सैनिक नहीं मारा गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गये। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी ) ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है।

## डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट बोला-ये आम अपराध नहीं, पूरी न्याय व्यवस्था पर हमला

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देश में बढ़ती ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। अदालत ने खुद पहल करते हुए केंद्र सरकार और उड़कसे इन मामलों में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह कोई आम अपराध नहीं है। कोर्ट के नाम, मुहर और आदेशों की नकली कॉपी बनाना पूरी न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। दरअसल, ठगों ने हरियाणा के अंबाला जिले में 73 साल के बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए ठग लिए थे। उन्होंने दंपती को सुप्रीम कोर्ट और जांच एजेंसियों के नकली आदेश और जजों के फर्जी साइन दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया था।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**